हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

रांची, औरंगाबाद एवं आरा से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.sonvarshavani.com

● रांची ● वर्ष -03 ● अंक - 100 ● गुरूवार 23 मई 2024 ● रजि नं. - JHAHIN/2022/82776 ● पृष्ठ -12 ● मूल्य : 2 रुपये

वेद से अर्थशास्त्र, गुप्त से शिवाजी तक...

## भविष्य के युद्धों के लिए अतीत में झांक रही है सेना!

● सैन्य आधुनिकीकरण की दिशा में अब तेजी से आगे बढ़ रहा है भारत

● प्रोजेक्ट उद्भव के तहत वेदों से लेकर योद्धाओं तक से ले रही सीख

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** परंपरा की मजबूत नींव पर आधुनिकता की गगनचुंबी मीनार कैसे खड़ी की जाए, इस दिशा में भारतीय सेना तेजी से कदम बढ़ा रही है। सेना भविष्य की युद्ध रणनीतियों के लिए महाभारत जैसे महाकाव्य से लेकर प्राचीन राजवंशों तक राष्ट्र शक्ति के विभिन्न पहलुओं पर ज्ञान अर्जित कर रही है। सेना प्रमुख मनोज पांडे ने कहा, भारतीय सेना ने महाभारत के युद्धों और मौर्यों, गुप्तों एवं मराठों की रणनीतिक प्रतिभा का अध्ययन किया है, जिन्होंने भारत की समृद्ध सैन्य विरासत को आकार दिया। यह प्रॉजेक्ट उद्भव नामक



एक पहल का हिस्सा है। इसका उद्देश्य राष्ट्र के ऐतिहासिक सैन्य ज्ञान से अंतर्दृष्टि प्राप्त करके सैन्य बल को प्रगतिशील और भविष्य के लिए तैयार बनाना है। थल सेना प्रमुख 1870 में स्थापित भारत के सबसे पुराने थिंक टैंक यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन (यूएसआई) के बैनर तले आयोजित भारतीय सामरिक संस्कृति में ऐतिहासिक प्रतिमान सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने भारतीय सेना के प्रॉजेक्ट उद्भव के बारे में बात की जिसका उद्देश्य महाभारत, वेदों, पुराणों, उपनिषदों और अर्थशास्त्र में वर्णित ज्ञान को सेना की मजबूती का आधार बनाना है। इस प्रॉजेक्ट को पिछले साल रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लॉन्च किया था। इसका शुभारंभ सेना और यूएसआई के आपसी सहयोग से अक्टूबर, 2023 में भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव में हुआ था। सेना प्रमुख ने कहा कि इस परियोजना से प्रतिष्ठित भारतीय और पश्चिमी विद्वानों के बीच पर्याप्त बौद्धिक समानता का पता चला है। उन्होंने कहा,इस परियोजना में वेदों, पुराणों, उपनिषदों और अर्थशास्त्र जैसे प्राचीन ग्रंथों का गहन अध्ययन किया गया है, जो आपसी संबंध, धार्मिकता और नैतिक मूल्यों पर आधारित हैं। एक प्राइवेट अंग्रेजी न्यूज वेबसाइट ने सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से कहा कि प्रॉजेक्ट उद्भव के तहत जुटाए गए परंपरागत ज्ञान को तुरंत यूएसआई वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। यहां महान योद्धा राजाओं का समृद्ध इतिहास है, जिन्होंने शानदार नेतृत्व किया है।

## कश्मीर में अब नहीं बहाल होगा आर्टिकल-370

● सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की सभी याचिकाएं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू एवं कश्मीर को प्राप्त विशेष दर्जे को रद्द करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार की मांग करने वाली याचिकाएं मंगलवार को खारिज कर दीं।




मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना की पांच न्यायाधीशों की पीठ ने यह कहते हुए समीक्षा याचिकाएं खारिज कर दीं कि 11 दिसंबर, 2023 को दिए गए फैसले में कोई त्रुटि नहीं है। पीठ ने कहा, 11 दिसंबर, 2023 को पारित हमारे फैसले की समीक्षा करने के बाद, हमें सुप्रीम कोर्ट के नियम 2013 के आदेश एक्सएल सात, नियम 1 के तहत समीक्षा के लिए मामला नहीं बनता।

## आठ दिन से लापता बांग्लादेशी सांसद कोलकाता में मृत मिले

● पुलिस ने कहा-ये प्री-प्लान मर्डर

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारत में 8 दिन से लापता बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार बुधवार को कोलकाता के एक फ्लैट में मृत मिले। बांग्लादेश के गृहमंत्री असदुज्जमां खान ने कोलकाता पुलिस के हवाले से इसकी पुष्टि की है। कोलकाता पुलिस ने बताया कि सांसद अनवारुल का शव न्यू टाउन इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। पुलिस ने इस मामले में 3 बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही इसे प्री-प्लान मर्डर बताया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, सांसद अनवारुल 12 मई को इलाज के लिए कोलकाता आए थे। इसके अगले दिन ही वे लापता हो गए। अनवारुल का 13 मई से फोन भी बंद आ रहा था। इसके बाद 17 मई को उनका फोन बिहार के किसी इलाके में कुछ देर के लिए ऑन हुआ था। वहीं पुलिस का कहना है कि उनके फोन से परिवार के सदस्यों को संदेश भेजे गए थे कि वह नई दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं। अनवारुल अजीम अवामी लीग पार्टी से सांसद हैं।



## सेना पर संभलकर बोले कांग्रेस और धार्मिक मसलों पर बीजेपी कसे लगाम

● चुनाव आयोग ने दी बीजेपी-कांग्रेस को नसीहत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव में सांप्रदायिक आधार पर वोटों की अपील करने और सुरक्षा बलों के नाम पर मतदाताओं को रिझाने पर चुनाव आयोग ने ऐतराज जताया है। आयोग ने इस सिलसिले में भाजपा और कांग्रेस को नसीहत दी है कि वे ऐसा करने से बचें। आयोग ने कांग्रेस को कहा है कि वह डिफेंस फोर्सेज का




राजनीतिकरण न करे। इसके अलावा सुरक्षा बलों में सामाजिक-आर्थिक विविधता के बारे में भी टिप्पणी न करने को कहा गया है। चुनाव आयोग ने भाजपा को भी सलाह दी है कि वह धार्मिक आधार पर चुनाव प्रचार न करे। निर्वाचन आयोग ने भाजपा एवं उसके स्टार प्रचारकों को धार्मिक और सांप्रदायिक आधार पर चुनाव प्रचार करने से दूर रहने का निर्देश दिया। वहीं कांग्रेस से कहा- ऐसे बयान नहीं दें जिससे यह गलत धारणा बने।

मौसम

## बस थोड़ा सा इंतजार और जल्द आ रहा है 'मानसून'

● इस बार होगी झमाझम बारिश, केरल-तमिलनाडु में प्री मानसून बारिश शुरू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर भारत समेत देशभर के कई हिस्सों में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। दिन के समय बाहर निकलना भी मुश्किल हो रहा है। हीटवेव चलने की वजह से कई लोग बीमार भी पड़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, राजस्थान समेत कई राज्य भीषण गर्मी की मार झेल रहे हैं। मौसम विभाग ने बताया है कि उत्तर पश्चिम भारत, उत्तरी मध्य प्रदेश, गुजरात में अगले पांच दिनों के दौरान हीटवेव से लेकर गंभीर हीटवेव चलने वाली है। इसके अलावा, दक्षिण भारत में 24 मई तक भारी बारिश होगी। केरल में 22 मई को भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी





की गई है। वहीं, मॉनसून की बात करें तो 31 मई को इसके केरल में दस्तक देने की संभावना है। पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो पश्चिमी राजस्थान के कई हिस्सों में गंभीर हीटवेव की स्थिति देखी गई।

## पश्चिम बंगाल में ममता सरकार को बड़ा झटका

● कलकत्ता हाईकोर्ट ने 13 सालों में जारी ओबीसी सर्टिफिकेट किए रद्द

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के कलकत्ता हाईकोर्ट ने ओबीसी सर्टिफिकेट को लेकर बड़ा फैसला लिया है। हाईकोर्ट ने बंगाल में 2010 के बाद बनी ओबीसी सूची को रद्द कर दिया है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा है कि अब कोई भी नए प्रमाणपत्र जारी नहीं किए जाएंगे, हालांकि कोर्ट ने यह साफ किया है कि इस सूची के आधार पर जिन लोगों को नौकरी मिली है। उनके ऊपर इसका असर नहीं है। मतलब उनकी नौकरी बरकार रहेगी। न्यायमूर्ति तपोब्रत चक्रवर्ती और न्यायमूर्ति राजशेखर मंथर की खंडपीठ ने बुधवार को यह फैसला सुनाया। खंडपीठ ने कहा कि कलकत्ता हाई कोर्ट ने 2011 से 2024 तक राज्य द्वारा जारी किए गए सभी ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द किए जाते हैं। हाईकोर्ट के इस फैसले से राज्य में नए सिरे से सियासत गरमा सकती है। हाईकोर्ट ने कहा कि 2010 के बाद की सभी ओबीसी आरक्षण सूचियां रद्द कर दी गई हैं। 2010 से पहले पंजीकृत ओबीसी की सूची रखी गई है। इस फैसले से राज्य की ममता बनर्जी सरकार को बड़ा झटका लगा है।

## उम्र 77 साल है और हेल्थ भी खराब, अब रिटायर हों नवीन

गृहमंत्री ने अमित शाह ने किया युवा उड़िया सीएम का वादा

भुवनेश्वर (एजेंसी)। गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक 77 साल के हैं और अब उन्हें रिटायर हो जाना चाहिए। अमित शाह ने कहा कि वह



बढ़ती उम्र के चलते स्वास्थ्य समस्याएं झेल रहे हैं। इसलिए रिटायर होना ही सही रहेगा। इसके साथ ही मंगलवार को एक रैली में अमित शाह ने वादा किया यदि भाजपा राज्य में सत्ता में आती है तो वह एक युवा उड़िया भाषी भूमिपुत्र को मुख्यमंत्री बनाएगी। उन्होंने कहा, 'पांचवें चरण के मतदान के बाद भाजपा को 310 सीटें पहले ही मिल चुकी हैं। छठे और सातवें दौर के मतदान के बाद हम 400 से अधिक सीट हासिल कर लेंगे।' नौकरशाह से नेता बने और पटनायक के करीबी सहयोगी वीके पांडियन पर उनका नाम लिए बिना हमला करते हुए शाह ने कहा कि एक तमिल बाबू ओडिशा में शासन कर रहा है और लोग राज्य को बाबू राज से मुक्त कराने के लिए भाजपा को वोट देंगे। ओडिशा में एक के बाद एक चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि मौजूदा चुनाव नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने और ओडिशा के गौरव को बहाल करने का है, जिसे बीजेडी ने नष्ट कर दिया है।

## मैं गरीब मां का बेटा, मुझे किसी के लिए कुछ कमाना नहीं है

### यूपी के बस्ती में मोदी बोले-सपा वालों को टोंटी खोलने में महारत

**बस्ती/श्रावस्ती (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बस्ती और श्रावस्ती में चुनावी रैली को संबोधित किया। श्रावस्ती में पीएम ने कहा- मैं गरीब मां का बेटा हूं। किसी शाही खानदान से नहीं हूं। मुझे किसी के लिए कुछ कमाना नहीं है। सपा और कांग्रेस वाले आपके घर से पानी की टोंटी खोलकर ले जाएंगे। इसमें इनकी महारत है। मोदी ने कहा- कल मैं एक वीडियो देख रहा था, जिसमें लोग भाग-भाग कर मंच पर चढ़ रहे थे। मैंने पूछा- ये हुड़दंग क्यों चल रहा है। तो बताया गया-सपा कांग्रेस वाले रैली में



लोगों को लाने के लिए कॉन्ट्रैक्ट देते हैं, प्रति व्यक्ति पैसे देते हैं, लेकिन इन्होंने पैसा दिया नहीं, तो लोग भागकर मंच पर चढ़ गए। बस्ती में पीएम ने कहा- अब पाकिस्तान पस्त पड़ चुका है, लेकिन उसके हमदर्द सपा-कांग्रेस वाले भारत को डराने में जुटे हैं।

### मोदी जब तक जिंदा है तब तक आरक्षण कोई छीन नहीं सकता

चाहे जितना जोर लगा लें, मोदी जब तक जिंदा है। गरीब दलित, पिछड़े, आदिवासियों का आरक्षण कोई छीन नहीं सकता है। आपको गारंटी देता हूं, वंचितों का जो अधिकार है, वह दिलवाकर रहूंगा। पीएम ने कहा- मैं गरीब मां का बेटा हूं। मुझे किसी के लिए कुछ कमाना नहीं है। किसी शाही खानदान से नहीं हूं। देश को मजबूत बनाना चाहता हूं। इसके लिए आपका आशीर्वाद चाहता हूं। कांग्रेस वाले कमाई छीनकर अपने जिहाद वाले वोट बैंक को बांटना चाहता हैं। एससी, एसटी-ओबीसी का कोटा मुस्लिम वोट बैंक में बांट देंगे। पहले कर्नाटक में भी ऐसा कर चुके हैं। मोदी ने कहा- आपने देखा होगा आज गुंडे गले में तख्ती लटकाकर हाथ जोड़ते हैं। मुझे जेल में भेज दो। भाजपा यूपी को उस हालात में वापस नहीं जाने देगी, ये मोदी की गारंटी है। इंडी गठबंधन में कैंसर से बुरी बीमारियां हैं। ये फैलते-फैलते पूरे हिंदुस्तान को तबाह कर दें। ये तीनों बीमारियां देश के लिए कैंसर से भी ज्यादा विनाशक बन सकती हैं। सपा-कांग्रेस में डीएम, डीजीपी बनाने, नौकरी देने के लिए रेट कार्ड फिक्स था। अब यह सब बंद हो गया है। जिसका इतना नुकसान होगा। वह मोदी को गाली देगा ही। मोदी को ये गालियां मंजूर हैं। मोदी को अनाप-शनाप जो बोलना है, वह सब मंजूर है। मेरे लिए बोले, मेरे परिवार के लिए बोले। लेकिन, सपा-कांग्रेस वाले कान खोल के सुन लें, मोदी को भ्रष्टाचार मंजूर नहीं है, नहीं है, नहीं है। मोदी ने कहा-इनके नेता कह रहे हैं कि कांग्रेस आई तो सीएए को रद्द कर देंगे।

## मोदी ने देश के करोड़ों युवाओं को किया बेरोजगार: राहुल

● हरियाणा में बोले राहुल गांधी-कहा-पीएम ने सिर्फ 22 लोगों को अमीर बनाया ● अडानी कहने पर बीजेपी वाले मुंह नीचे कर लेते हैं, मंच पर भिड़े कांग्रेस नेता

सोनीपत (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी हरियाणा के दौरे पर हैं। उन्होंने सबसे पहले चरखी दादरी में रैली की। इसके बाद वह सोनीपत पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अरबपतियों की है। मोदी ने 22 लोगों का कर्जा माफ किया। सिर्फ 22 लोगों को अमीर बनाया। अब राहुल गांधी पंचकूला में संविधान सम्मान सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। चरखी दादरी में रैली के दौरान मंच पर राहुल के सामने बेटी श्रुति की टिकट कटने से नाराज विधायक किरण चौधरी और कैंडीडेट राव दान सिंह भिड़ गए। दोनों ने एक-दूसरे को अंगुलियां दिखाई। इसके बाद राहुल गांधी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वे हरियाणा की सभी 10 सीटें जीतेंगे। 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है। इसके एक महीने बाद 4 जुलाई को देश की करोड़ों महिलाओं के खाते में 8500 रुपए आएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि मैं देश का बेटा हूं और पीएम नरेंद्र मोदी देश के राजा हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस युवाओं को पहली पक्की नौकरी देगी। राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने करोड़ों युवाओं को बेरोजगार किया है। सब छोटी कंपनियों को बंद कर दिया। कुछ दिन पहले मैं न्यू दिल्ली रेलवे स्टेशन भी गया था।



## पंजाब में मोदी के आने से पहले खालिस्तानी नारे लिखे, झंडा लगाया

**पटियाला (एजेंसी)।** पंजाब के पटियाला में पीएम नरेंद्र मोदी की रैली से ठीक एक दिन पहले मंगलवार को रैली स्थल के पास एक बिल्डिंग पर खालिस्तानी झंडा लगाया मिला है। इसके अलावा एक जगह पर खालिस्तानी नारा भी लिखा पाया गया। इसके बाद से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने के बाद आनन-फानन पुलिस मौके पर पहुंची और झंडे को हटाया। साथ ही दीवार पर लिखे नारे को भी मिटाया गया। फिलहाल, पुलिस ने कोई मामला दर्ज नहीं किया है। हालांकि, प्रशासन अलर्ट पर है, क्योंकि हाल ही में आतंकी पन्नू ने एक वीडियो जारी कर पंजाब में माहौल बिगाड़ने की कोशिश की है। बताया जा रहा है कि झंडा मिनी सचिवालय रोड पर एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में लगाया गया था। यह बिल्डिंग पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के मीडिया सलाहकार रहे भरत इंदर सिंह चहल की है। वहीं, पुराने बस स्टैंड के पुल पर खालिस्तान का नारा लिखा गया था। इसे आते-जाते लोगों ने देखा और पुलिस को सूचना दी। इसी घटना के तुरंत बाद आतंकी पन्नू का एक वीडियो भी वायरल हुआ।

पोर्श एक्सीडेंट केस

## नाबालिग पर अब ड्रिंक एंड ड्राइव का केस दर्ज

**पुणे (एजेंसी)।** पुणे में 18 मई की रात एक बिल्डर के नाबालिग बेटे ने शराब के नशे में अपनी पोर्श कार से बाइक को टक्कर मारी थी। हादसे में बाइक सवार इंजीनियर युवक-युवती की



मौत हो गई थी। आरोपी को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड ने 15 घंटे में ही कुछ शर्तों के साथ रिहा कर दिया था, लेकिन बुधवार को उसे एक बार फिर बुलाया गया। दरअसल, पुणे पुलिस ने केस को गंभीर बताते हुए जुवेनाइल बोर्ड के फैसले के खिलाफ सेशन कोर्ट में अपील की थी। कोर्ट ने आदेश के रिव्यू के लिए पुलिस को जुवेनाइल बोर्ड जाने का निर्देश दिया था। इसके बाद बुधवार को पुलिस की अर्जी पर बोर्ड ने आरोपी को दोबारा बुलाया। पुलिस ने भी उसे पूछताछ के लिए बुलाया है। आरोपी युवक के पिता बिल्डर

● जुवेनाइल बोर्ड ने आरोपी को दोबारा बुलाया, पिता भी 24 मई तक पुलिस कस्टडी में

विशाल अग्रवाल को बुधवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे 24 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। कोर्ट से ले जाने के दौरान कुछ लोगों ने पुलिस वैन पर स्याही फेंकी और नारेबाजी की। पुणे के पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने बताया- आरोपी 18 मई को रात करीब 10.40 बजे कोजी पब गया था। यहां उसने 90 मिनट में 48 हजार रुपए का बिल चुकाया।

# आम चुनाव का अंतिम रण, तीन सीटें, 52 उम्मीदवार, 53 लाख वोटर

**रांची**। लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के तहत एक जून को झारखंड के तीन लोकसभा सीट राजमहल, दुमका और गोड्डा पर चुनाव होने हैं। राज्य के तीन संसदीय क्षेत्र में 52 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। राजमहल लोकसभा से 14, दुमका और गोड्डा से 19-19 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। तीनों लोकसभा क्षेत्र में छह जिला और 18 विधानसभा आते हैं।




**तीन लोकसभा क्षेत्र में 53 लाख मतदाता-** इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ईसीआई) के डाटा के अनुसार, सातवें चरण में तीनों लोकसभा क्षेत्र में कुल 84 लाख 11 हजार 857 आबादी है। इसमें 43,02,034 पुरुष और 41,09,823 महिलाएं शामिल हैं। वहीं तीनों लोकसभा में कुल 53 लाख 16 हजार 868 मतदाता हैं। इसमें 26,97,207 पुरुष, 26,19,631 महिलाएं और 30 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। गोड्डा का क्षेत्रफल कम , लेकिन मतदाता ज्यादा तीनों लोकसभा क्षेत्र में दुमका सबसे अधिक पांच हजार 263 स्क्वायर किलोमीटर और गोड्डा सबसे कम 4 हजार 2 स्क्वायर किलोमीटर में फैला है। वहीं राजमहल का क्षेत्रफल 5 हजार 38 स्क्वायर किलोमीटर है। गोड्डा का क्षेत्रफल कम है, लेकिन यहां की आबादी सबसे अधिक 37,67,857 आबादी है। इसमें 16,39,959 पुरुष और 15,27,715 महिला शामिल हैं। वहीं गोड्डा लोकसभा में 20 लाख 25 हजार 176 मतदाता हैं, जिसमें 10,48,884 पुरुष और 9,76,278 महिला मतदाता हैं। दुमका लोकसभा की आबादी 24 लाख 89 हजार 087 है, जिसमें 12,65,562 पुरुष और 12,23,525 महिला हैं. वहीं इस लोकसभा में 15 लाख 89 हजार 435 मतदाता हैं, जिसमें 7,98,286 पुरुष और 7,91,143 महिला मतदाता है। राजमहल लोकसभा क्षेत्र की आबादी 27 लाख 55 हजार 097 है, जिसमें 13,96,513 पुरुष और 13,58,583 महिला आबादी है।इस लोकसभा क्षेत्र में 17 लाख 2 हजार 257 मतदाता है। इसमे 8,50,037 पुरुष और 8,52,210 महिला मतदाता हैं।

**तीनों लोस क्षेत्र में 2019 की तुलना में 16 प्रतिशत मतदाता बढ़े-** सातवें चरण में झारखंड में तीन लोकसभा राजमहल, दुमका और गोड्डा में मतदान होने हैं। इन तीनों लोकसभा क्षेत्र में 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में 2024 में 16 प्रतिशत मतदाता बढ़े हैं। 2019 में तीनों लोकसभा मिलाकर 45 लाख 64 हजार मतदाता थे. जो 2024 में बढ़कर 53 लाख 16 हजार हो गये हैं।

## किस सीट पर कौन है प्रत्याशी

- राजमहल लोकसभा - 14 प्रत्याशी
- गोपिन सोरेन - कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया ( मार्क्सिस्ट)
- ताला मरांडी - भाजपा
- मरियम मरांडी - बहुजन समाज पार्टी
- विजय कुमार हांसदा - जेएमएम
- अजीत मरांडी - राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी
- खलीफा किस्कू - पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक)
- पॉल सोरेन - ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन
- मुंशी किस्कू - नवयुग प्रगतिशील मोर्चा
- लीली हांसदा - समाता पार्टी
- विनोद कुमार मंडल - लोकहित अधिकार पार्टी
- दीपा टुड्डू - निर्दलीय
- महेश पहाड़िया - निर्दलीय
- लोबिन हेंब्रम - निर्दलीय
- सेबेस्टिन हेंब्रम - निर्दलीय
- दुमका लोकसभा - 19 प्रत्याशी
- नलिन सोरेन - जेएमएम
- परेश मरांडी - बहुजन समाज पार्टी
- सीता मुर्मू - बीजेपी
- अनिल टुडू - लोकहित अधिकार पार्टी
- अलेश हांसदा - इंडियन नेशनल सोशलिस्टिक एक्शन फोर्सेस
- जोनाथन मार्डी - पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक)
- मुन्नी हांसदा - समाता पार्टी
- राजू एमानुएल मुर्मू - अंबेडकर पार्टी ऑफ इंडिया
- राजेश किस्कू - कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया
- कमिश्नर मुर्मू - निर्दलीय
- निर्मल सोरेन - निर्दलीय
- बघराई सोरेन - निर्दलीय
- बिरेन मोहली - निर्दलीय
- बेबीलता टुडू - निर्दलीय
- मनोज हेंब्रम - निर्दलीय
- महाशन मुर्मू - निर्दलीय
- डॉ श्रीलाल किस्कू - निर्दलीय
- संजय टुडू - निर्दलीय
- सुशांति हेंब्रम - निर्दलीय
- गोड्डा लोकसभा - 19 प्रत्याशी
- निशिकांत दुबे - बीजेपी
- प्रदीप यादव - कांग्रेस
- बजरंगी महता - बहुजन समाज पार्टी
- अनूप कुमार - प्राउटिस्ट ब्लॉक,इंडिया
- अरुण कुमार - न्यायधर्मसभा
- कालीपदा मुर्मू - सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट)
- कुमारी दिलेश्वरी - अंबेडकर पार्टी ऑफ इंडिया
- केतन कुमार - राइट टू रिकॉल पार्टी
- ज्ञानेश्वर झा - जागरूक जनता पार्टी
- तिपलाल साह - लोकहित अधिकार पार्टी
- ब्रजकिशोर पंडित - एबीएमवीएमपी
- रामेश्वर मंडल - पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक)
- सुरज कुमार अमन - भागीदारी पार्टी (पी)
- अविसेक आनंद झा - निर्दलीय
- अरुण मारिक - निर्दलीय
- उदय शंकर खवारे - निर्दलीय
- निलेश कुमार गुप्ता - निर्दलीय
- मुकेश कुमार झा - निर्दलीय
- डॉ के रंगाइय - निर्दलीय

## संक्षिप्त समाचार

### ईडी ने कोर्ट में कहा, मंत्री आलमगीर आलम टेंडर घोटाले की जांच में नहीं कर रहे सहयोग



**रांची**। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंत्री आलमगीर आलम की रिमांड के लिए दिये आवेदन में बुधवार को पीएमएलए कोर्ट को बताया कि ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम टेंडर घोटाले की जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। ईडी ने कहा कि जब्त की गयी सामग्रियों, दस्तावेजों, रिकॉर्डों से नये तथ्य सामने आये हैं, जिनका आलमगीर से आमना-सामना कराने की जरूरत है। ईडी ने कहा कि डिजिटल रिकॉर्ड भारी मात्रा में हैं। विभिन्न डिजिटल उपकरणों से डाटा निकालने का काम अभी भी जारी है। साथ ही संजीव लाल और जहांगीर आलम से पूछताछ के दौरान कई नये तथ्य सामने आये हैं। इन तथ्यों का मंत्री के साथ सामना कराने और पुष्टि करने की जरूरत है। क्योंकि, आलमगीर धन के स्रोत यानी अपराध की आय के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां छिपा रहे हैं और अपने जवाबों में भी टालमटोल कर रहे हैं। ईडी ने यह भी कहा कि आलमगीर और उनके सहयोगियों द्वारा अपराध की आय से अर्जित संपत्तियों की पहचान करने और मंत्री के माध्यम से अपराध की आय अर्जित करने वाले अन्य लाभार्थियों की भूमिका की जांच करने के लिए भी उनकी हिरासत में पूछताछ जरूरी है। सूत्रों का कहना है कि झारखंड टेंडर घोटाले की जांच कर रही ईडी ने दावा किया है कि यह 3000 करोड़ रुपये का बड़ा घोटाला है। इस घोटाले में अर्जित रुपये विदेश भी भेजे गए हैं। उल्लेखनीय है कि छह मई को ईडी ने संजीव और जहांगीर के परिसरों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने उनके ठिकानों से 37.5 करोड़ बरामद किये थे। इसके बाद ईडी ने आलमगीर आलम को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था। दो दिनों तक लंबी पूछताछ के बाद ईडी ने 13 मई को आलमगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया था। यह मामला वीरेंद्र कुमार राम से जुड़ा है, जिन्हें पिछले साल 23 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। वह झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल और ग्रामीण कार्य विभाग दोनों में मुख्य अभियंता के पद पर तैनात थे। वीरेंद्र राम निविदा आवंटन के लिए कमीशन इकट्ठा करता था और कमीशन में 1.5 प्रतिशत का निर्धारित हिस्सा मंत्री आलमगीर आलम को देता था।

### झारखंड की सरकार युवा विरोधी सरकार : तेजस्वी सूर्या

**तेजस्वी सूर्या भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ के समर्थन में आयोजित बाइक रैली में हुए शामिल**



**रांची (झारखंड)**। भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या बुधवार को रांची लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के समर्थन में आयोजित बाइक रैली में शामिल हुए। रांची महानगर युवा मोर्चा की इस रैली में उन्होंने लोगों से संजय सेठ के पक्ष में वोट मांगा। इससे पहले तेजस्वी सूर्या ने रांची पहुंचने पर सर्वप्रथम बिरसा चौक पर बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। फिर बाइक रैली में पार्टी के युवाओं में जोश भरा। रैली को संबोधित करते हुए सूर्या ने कहा कि देश अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करेगा। युवा शक्ति विकसित भारत की मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि झारखंड की सरकार युवा विरोधी सरकार है। सरकार ने यहां के युवाओं के साथ विश्वास घात किया है। सरकार ने वादा किया था कि हर साल पांच लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देंगे। जब तक नौकरी नहीं देंगे तब तक 7000 प्रत्येक महीना बेरोजगारी भत्ता देंगे। सूर्या ने कहा कि यहां भर्ती परीक्षा में पेपर लीक हो जा रहे हैं। 25 लाख में परीक्षा के पूर्व पेपर बेचे जा रहे हैं। चाहे स्टार्टअप हो या अन्य किसी भी प्रकार के यहां के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर झारखंड की सरकार नहीं दे सकी। यहां की कानून व्यवस्था चौपट है। बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। मंत्री से लेकर अधिकारियों के करीबियों के यहां से नोटों के बंडल निकल रहे हैं। पूरी सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है। झारखंड भ्रष्टाचार के कारण शर्मसार हुआ है। सूर्या ने कहा कि 25 मई को रांची लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है। रांची की जनता राष्ट्र के निर्माण और वर्तमान झारखंड की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करे। साथ ही कहा कि सांसद संजय सेठ रांची के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहे हैं।

**आज पूरा देश मोदी-मोदी कर रहा है : संजय सेठ-** भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने कहा कि आज पूरा देश मोदी-मोदी कर रहा है। पूरा देश चाहता है कि तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस देश का नेतृत्व करें और जिस तरह पूरे देश में मोदी की लहर है इस बार निश्चित रूप से हम 400 का लक्ष्य पर करेंगे। इस देश का विकास यदि कोई कर सकता है तो वह सिर्फ नरेन्द्र मोदी हैं। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। वह मुद्दा विहीन है और सिर्फ धर्म के आधार पर राजनीति कर रहा है।

## आलमगीर आलम एक बार फिर ईडी के पांच दिनों की रिमांड पर

**रांची (झारखंड)**। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने टेंडर कमीशन घोटाले में गिरफ्तार राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की रिमांड अवधि समाप्त होने पर कड़ी सुरक्षा के बीच बुधवार को पीएमएलए कोर्ट में पेश किया। ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत से आलमगीर आलम को सात दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की अनुमति मांगी। इसका आलमगीर आलम के अधिवक्ता ने विरोध किया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने ईडी को फिर से पूछताछ के लिए पांच दिनों की रिमांड की मंजूरी दी। इससे पूर्व ईडी ने दो दिनों के पूछताछ के बाद 15 मई की देर शाम आलमगीर आलम को पूछताछ के दौरान ही गिरफ्तार कर लिया था। ईडी ने मंत्री को 16 मई को कोर्ट में पेश किया था। कोर्ट ने उन्हें एक दिन के न्यायिक हिरासत में भेज दिया था और छह दिनों के रिमांड की मंजूरी दी थी। इसके बाद 17 मई को जेल से मंत्री को ईडी ने छह दिनों के रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। उल्लेखनीय है कि ईडी ने बीते पांच मई को टेंडर कमीशन घोटाले में मंत्री आलमगीर के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर सहित अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने संजीव लाल के नौकर जहांगीर और बिल्डर मुन्ना सिंह के ठिकानों से कुल 35.23 करोड़ रुपये नकदी बरामद किये थे। इस मामले में ईडी ने कार्रवाई करते हुए पांच मई की देर रात को





आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद ईडी ने दोनों को कोर्ट में पेश किया और रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। बीते मंगलवार को दोनों की रिमांड अवधि समाप्त होने पर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था।

## जमशेदपुर में हथियार के साथ युवक गिरफ्तार



**जमशेदपुर**। उलीडीह पुलिस ने रामनगर सूर्य मंदिर के पास स्वर्णरेखा नदी के किनारे अनीस कुमार मंडल को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार युवक एमजीएम थाना क्षेत्र के बालीगुमा का रहने वाला है। अनीस के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा और एक जिंदा गोली बरामद किया है। सिटी एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने बुधवार को बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपित की गिरफ्तारी की है। सिटी एसपी ने बताया कि दो मई को रामनगर के ही रहने वाले एक व्यक्ति के साथ अनीस का विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर उसने कुछ दिन पहले ही एक साथी से हथियार लिया और मारपीट का बदला लेने के लिए क्षेत्र में घूम रहा था। घटना की अंजाम देने के पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। अनीस पूर्व में भी जेल का चुका है और हाल ही में जेल से बाहर आया है।

## रांची में अपराध की योजना बना रहा बदमाश हथियार के साथ गिरफ्तार




**रांची**। रांची की सुखदेवनगर थाना पुलिस ने अपराध की योजना बना रहे एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रमजान खान सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के पहाड़ी टोला बानो मंजिल लेन का रहने वाला है। इसके पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा, एक रिवाल्वर, एक मोबाईल और एक गोली बरामद किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के न्यू मार्केट ऑटो स्टैंड के पास कुछ अपराधी एक जगह जमा होकर किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना के बाद कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम जब मौके पर पहुंची तो देखा कि कुछ व्यक्ति ऑटो स्टैंड के पास अंधेरे में खड़ा होकर बात कर रहे हैं, जो पुलिस को देखते ही भागने लगे। इसी दौरान पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक अपराधी को पकड़ लिया जबकि बाकी लोग अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। जांच करने पर इसके पास से हथियार बरामद किया गया। एसएसपी ने बताया कि इसके खिलाफ पूर्व से भी रातू थाने में अपराधिक मामला दर्ज है।

## रांची लोकसभा सीट पर बूथ मैनेज करने में जुटे भाजपा के नेता-कार्यकर्ता, पन्ना प्रमुखों की बढ़ी जिम्मेदारी

**रांची**। रांची लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को होने वाले मतदान को देखते हुए अब भाजपा के नेताओं-कार्यकर्ताओं की निगाहें बूथ पर टिक गई हैं। खासतौर पर बूथ और पन्ना प्रमुखों की जिम्मेदारियां बढ़ गई है। प्रदेश भाजपा में पूरे पांच साल बूथ-पन्ना प्रमुख और सदस्य बनाने की होड़ लगी रही। इसके तहत बड़ी संख्या में बूथ स्तरीय कमेटियों को सक्रिय किया गया। भाजपा की तरह अन्य दलों ने भी बूथ स्तर पर पार्टी पदाधिकारियों को मजबूती के साथ काम करने की हिदायत दे रखी है। सभी किसी न किसी रूप से बूथ मैनेज करने में लगे हैं ताकि पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित हो सके। इसके लिए प्रदेश स्तर से लेकर बूथ स्तर तक के नेताओं और आमजन को कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई हैं। इस बाबत प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा



कि किसी भी पार्टी के लिये बूथ मैनेजमेंट करना अहम बात होती है। इसलिये कार्यकर्ताओं को भी स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं कि वह अपने-अपने क्षेत्र के बूथ पर बेहतर तरीके से काम करें ताकि अधिक से अधिक मत भाजपा के समर्थन में आ सके। उल्लेखनीय है कि रांची लोकसभा सीट पर कुल 27 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। भारतीय जनता पार्टी ने यहां से सिटिंग सांसद संजय सेठ को दोबारा प्रत्याशी बनाया है जबकि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय इंडी गठबंधन की उम्मीदवार हैं। मुख्य मुकाबला इन दोनों के बीच ही माना जा रहा है।

## राज्य के स्कूलों में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश, ढिलाई बरतने पर होगी कार्रवाई

**15 जून के बाद प्रत्येक जिले के 30 विद्यालयों का होगा औचक निरीक्षण**

**रांची**। राज्य शिक्षा परियोजना परिषद ने राज्य के सभी जिलों को स्मार पत्र के माध्यम से सभी सरकारी तथा गैर सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में छात्र-छात्राओं का कक्षा एक में सीधे नामांकन एवं वर्ग प्रोन्नति, विद्यालय परिवर्तन के क्रम में कक्षा 6, 9 एवं 11 में नामांकन के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश भेजा है। जिलों को निर्देशित किया गया है कि नामांकन के लिए बच्चों की सूची प्राप्त करने के लिए टैग किये गए विद्यालयों एवं टोलो का भ्रमण कर बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करें। साथ ही कहा गया है कि सभी प्राथमिक विद्यालय अपने पोषक क्षेत्र में आने वाले सभी आंगनबाड़ी से संपर्क कर बच्चों की संख्या एवं सूची प्राप्त कर प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करेंगे। छह वर्ष की आयु पूरी करने वाले प्रत्येक बच्चे का कक्षा एक में नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा। प्रपत्रों से प्राप्त आंकड़ों की सूची से शत-प्रतिशत नामांकन करना होगा सुनिश्चित सभी विद्यालय (जहां कक्षा एक की सुविधा हो) अपने पोषक क्षेत्र के आंगनबाड़ी से पूर्व के पत्र से प्रेषित प्रपत्र-ए में प्राप्त आंकड़ों की सूची प्राप्त कर शत-प्रतिशत नामांकन



सुनिश्चित करेंगे। सभी विद्यालय (जहां कक्षा 6 की सुविधा हो) अपने पोषक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय से पूर्व के पत्र से प्रेषित प्रपत्र-बी में प्राप्त आंकड़ों की सूची प्राप्त कर शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करेंगे। सभी विद्यालय (जहां कक्षा 9 की सुविधा हो) अपने पोषक क्षेत्र के मध्य विद्यालय से पूर्व के पत्र से प्रेषित प्रपत्र-सी में प्राप्त आंकड़ों की सूची प्राप्त कर शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करेंगे। सभी विद्यालय (जहां कक्षा 11 की सुविधा हो) अपने पोषक क्षेत्र के उच्च विद्यालय से पूर्व से प्रेषित प्रपत्र-डी में प्राप्त आंकड़ों की सूची प्राप्त कर शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त अन्य सभी कक्षाओं के बच्चो का भी अगली कक्षा में नामांकन सुनिश्चित किया जायेगा।

**ई-विद्यावाहिनी में 25 दिनों के भीतर अद्यतन आकड़ा कराना होगा दर्ज-** राज्य शिक्षा परियोजना ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि सभी विद्यालयों को ई-विद्यावाहिनी में नव नामांकन एवं प्रोग्रेशन संबंधी विकल्प खुलने के 25 दिनों के भीतर सत्र 2024-25 के लिए बच्चों के नव नामांकन एवं प्रोग्रेशन संबंधी अद्यतन आंकड़ा ई-विद्यावाहिनी में दर्ज कराना होगा। इस बाबत राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने बताया कि 15 जून के बाद राज्य के प्रत्येक जिलों के 30 विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। इनमें प्राथमिक, मध्य एवं उच्च विद्यालय शामिल होंगे। राज्यस्तरीय टीम द्वारा विभिन्न जिलों में नव नामांकन, वर्ग प्रोन्नति एवं विद्यालय परिवर्तन की पड़ताल की जाएगी। इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले बीआरपी/सीआरपी, बीपीओ एवं संबंधित प्रखंड के बीईईओ के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## ईडी ने आईएएस मनीष रंजन को किया समन, 24 को पूछताछ के लिए बुलाया



**रांची**। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने टेंडर कमीशन घोटाला मामले में आईएएस मनीष रंजन को समन किया है। ईडी ने मनीष रंजन को बुधवार को समन भेजकर 24 मई को पूछताछ के लिए ईडी के एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय बुलाया है। मनीष रंजन वर्तमान में भू राजस्व विभाग के सेक्रेटरी हैं। इससे पहले वह ग्रामीण विकास विभाग के सेक्रेटरी के पद पर रह चुके हैं। ईडी को संजीव लाल और जहांगीर आलम के घर से रुपये के साथ कमीशन के पैसों के बंटवारे और उसके हिस्सेदारों का ब्यौरा मिला है। इस ब्यौरे में कमीशन की रकम में हिस्सा लेनेवालों के नाम के बदले कोड वर्ड का इस्तेमाल किया गया है। हिस्सेदारों के लिए एच (ऑनरेबल मिनिस्टर), एम (मनीष), एस (संजीव लाल), टीसी (टेंडर कमेटी), सीई (चीफ इंजीनियर) जैसे कोड वर्ड का इस्तेमाल किया गया है। ईडी ने जांच में मिले इन तथ्यों से संबंधित साक्ष्य अदालत में भी पेश किया है।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने सेक्टर मजिस्ट्रेट की ब्रीफिंग की

## बोले- अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहें, मतदान से जुड़ी गतिविधियों पर विशेष निगाह रखें





**जमशेदपुर**। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत XLRI सभागार में सेक्टर मजिस्ट्रेट के लिए आयोजित ब्रीफिंग में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री किशोर कौशल ने आयोग की मंशानुरूप 25 मई को होने वाले मतदान को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, भयमुक्त, पारदर्शी व सफलतापूर्वक संपन्न को लेकर आवश्यक निर्देश दिए । उप विकास आयुक्त श्री मनीष कुमार मौके पर मौजूद रहे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने पर्यवेक्षणीय कार्य दायित्व से चुनाव को सकुशल संपन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। भारत निर्वाचन आयोग ने सेक्टर मजिस्ट्रेट के भूमिका को अत्यंत महत्पूर्ण माना है। स्थानीय से करें संवाद, मतदाता सूचना पर्ची वितरण की लें जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान की प्रक्रिया निष्पक्षता पूर्ण एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराएं । निर्वाचन के दृष्टिगत पर्याप्त संख्या में माइक्रो आब्जर्वर की तैनाती की गई है, साथ ही बूथों पर वेब कास्टिंग की व्यवस्था भी की गई है। ऐसे में मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिए सभी सजग होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। ब्रीफिंग के दौरान दिए गए निर्देश का गंभीरता से अनुपालन करें एवं कराएं । विधि व्यवस्था संधारण के मद्देनजर स्थानीय लोगों से संवाद कर वहां की स्थिति को समझें । मतदाता सूचना पर्ची वितरण की भी जानकारी लें। अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहते हुए मतदान से जुड़ी गतिविधियों पर हमेशा अपनी निगाह बनाये रखें । अलर्ट मोड में रहें, संदेहास्पद गतिविधि पर नजर रखें वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि निर्वाचन के दृष्टिगत पर्याप्त संख्या में पुलिस एवं सुरक्षा बल उपलब्ध हैं, किसी भी प्रकार से मतदान के दौरान कोई गड़बड़ी नहीं हो यह सुनिश्चित करें। उन्होंने संदेहास्पद लोगों की चेकिंग करने तथा बूथ से 100 मीटर के अंदर अनावश्यक भीड़ जमा न हो, ये भी सुनिश्चित करने को कहा। बिना पहचान पत्र के बूथ के आसपास लोगों के दिखने पर उन्हें तत्काल वहां से हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान प्रक्रिया के दौरान संदेहास्पद गाड़ियों को भी चेक करने को कहा।

## संक्षिप्त समाचार

### कोयरा गांव में पेयजल की बड़ी समस्या, नहर के पानी पीने को मजबूर





**जमशेदपुर** : पूर्वी सिंहभूम जिले के बोड़ाम प्रखंड के पहाड़पुर पंचायत के कोयरा गांव में पेयजल एक बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है ।दलमा के तराई में बसी करीब एक दर्जनसे अधिक आदिवासी परिवार के लोग पहाड़ी के किनारे से बहने वाली नहर के पानी से प्यास बुझा रहे हैं।इस टोला में जलमिनार काफी लंबे समय से खराब होने के कारण ग्रामीण महिलाएं सुबह और शाम को डेगची,बाल्टी और अन्य बर्तन लेकर पानी भरने नहर पर जाती है महिला ने बताया कि हमारे टोला में करीब दर्जन भर परिवार के लोग इसी नहर के पानी लाकर प्यास बुझा रहे हैं।टोला में बना जल मीनार काफी दिनों से खराब पड़ा है।कोई भी नेता ,मंत्री या प्रशासनिक अधिकारी इस समस्या को लेकर गंभीर नहीं हैं

### लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला पुलिस मुस्तैद, निकाली पैदल गस्ती




**जमशेदपुर** : आगामी 25 मई कों जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र मे चुनाव होना है इसको लेकर जिला पुलिस मुस्तैद है, शहर मे बाहर से अतिरिक्त पुलिस बल पहुँच चुकी है, राजस्थान राज्य से पुलिस बल शहर पहँची है, बुधवार से ही प्रतिनियुक्ति मैजिस्ट्रेट के अगुवाई मे अलग अलग टुकड़ियों मे ये पुलिस बल विभिन्न क्षेत्रों मे पैदल गस्ती कर रहे हैं, लोकसभा चुनाव कों शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करवाना जिला प्रशाशन की पहली प्राथमिकता है

### अपील खारिज, निचली अदालत की सजा बहाल रहेगी



**जमशेदपुरः** जिला के अतिरिक्त सत्र एवम जिला न्यायालय (छह) ने क्रिमिनल अपील को खारिज करते हुए निचली अदालत द्वारा दी गई सजा को बहाल रखा है। न्यायिक दंडाधिकारी राजेंद्र प्रसाद की अदालत में 15 जुलाई 2023 को एनआई एक्ट138 के तहत आशीष नेल्सा इवेंट प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशक तथा बाल विहार सोनारी निवासी आशीष श्रीवास्तव को एक साल कैद एवं एक लाख चालीस हजार दंड में से 135000 मुआवजा तथा मुआवजा नहीं देने पर 3 महीने अतिरिक्त कैद की सजा सुनाई थी जिसको सत्र न्यायालय में चुनौती दी गई थी। अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू के अनुसार कदमा निवासी और गंगा टेंट हाउस मालिक गंगा चरण धीमान का आरोपी आशीष के साथ करार हुआ कि वह वादी से दिनांक 25 मार्च 2019 को गोपाल मैदान में इवेंट्स में पंडाल वगैरा लगाना था उसका साढ़े आठ लाख रुपए बकाया हो गया तो आरोपी आशीष ने सात लाख का नगद भुगतान किया और बकाया डेढ़ लाख रुपए देने की बजाए 1,18,000 रूपए का चेक दिया जो बाउंस हो गया। उसे मामले को लेकर निचली अदालत में शिकायत वाद दाखिल कराया गया था। अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में शिकायतकर्ता के तरफ से अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू बबिता जैन पंकज सिंह ने पक्ष रखा था

### जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन के अभ्यर्थियों का व्यय लेखा की तीसरी जांच वाणिज्य कर कार्यालय के सभागार में किया



**जमशेदपुर**। जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन के अभ्यर्थियों का व्यय सम्बंधी लेखा की तीसरी जांच व्यय प्रेक्षक श्री एस.पी.जी मुदलियार, व्यय प्रेक्षक श्री ईश गुप्ता एवं व्यय कोषांग के वरीय पदाधिकारी श्री दीपांकर चौधरी की उपस्थिति में वाणिज्य कर कार्यालय, जमशेदपुर के सभागार में किया गया । विदित हो कि निर्वाची पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल द्वारा सभी अभ्यर्थियों के व्यय सम्बंधी लेखा की जांच हेतु तीन तिथियां निर्धारित की थी जिसका आज अंतिम दिन था । व्यय लेखा मिलान पूर्वाह्न 10:30 से 5:00 बजे अपराह्न तक किया गया । लोकसभा चुनाव के अभ्यर्थी तथा उनके द्वारा प्राधिकृत चुनाव अभिकर्ता लेखा जांच दल के समक्ष मूल व्यय पंजी के साथ उपस्थित हुए जहां चुनावी व्यय का मिलान किया गया ।

### आंधी तूफान ने मचाई तबाही

#### जमशेदपुर में बरसात के बाद लोगों को गर्मी से मिली राहत, तेज हवा से कई पेड़ गिरे



**जमशेदपुरः** जमशेदपुर में बुधवार की शाम तेज बरसात हुई। तेज हवा के चलते कई जगह पेड़ गिरे। टाटा स्टील फाउंडेशन गेट के बाहर तबाही का नजारा देखने को मिला वहीं बिष्टुपुर में पेड़ गिरने से कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। लेकिन बरसात से जमशेदपुर का पारा गिर गया है। पारा गिरने से राहत मिली है। जमशेदपुर में कई दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही थी। बुधवार को दोपहर में भी गर्मी थी। लेकिन शाम को अचानक बादल आए तेज हवा चली और बरसात हुई।

## टेल्को बारी नगर जमशेदपुर में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



**जमशेदपुर**। टेल्को बारी नगर जमशेदपुर में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर कुमार मोहंती द्वारा चुनाव कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न होने के पश्चात इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है इसलिए हमें युद्ध स्तर पर काम करते हुए इंडिया गठबंधन को जिताना है और भाजपा की तानाशाही को हराना है तथा लोकतंत्र और संविधान को बचाना है। इस अवसर पर मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य रियाजुद्दीन खान, झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति के सदस्य प्रमोद लाल,प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी के महासचिव संजीव रंजन, कांग्रेस नेता आमिर सोहेल, उत्तरी घोड़ा बांध पंचायत के मुखिया सह झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता छोटा टुडू, इंटक नेता जहीर अहमद सिद्दीकी, घोड़ा बांधा झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष जीतू सिंह, नगर झारखंड मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष शाहिद परवेज, झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता मोहम्मद शाहजहां दारा, समाजसेवी राजू खान, झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता सैयद मुजफ्फर उल हक उर्फ हीरा, सोनू खान, आमिर अली अंसारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। इंडिया महा गठबंधन के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से यह संकल्प लिया कि हमें इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती को भारी मतों से विजयी बनाना है और केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाना है। इस अवसर पर उत्तरी घोड़ा बांधा क्षेत्र अंतर्गत बारी नगर के प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे । सभी उपस्थित जनों ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर कुमार मोहंती का पूरे तन मन के साथ समर्थन किया और उनका हौसला बढ़ाया।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान दल रवानगी की तैयारियां तेज, जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सामग्री कोषांग, जिला नियंत्रण कक्ष का किया निरीक्षण



**जमशेदपुर**। जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन हेतु पूर्वी सिंहभूम जिला में 25 मई को मतदान होना है । मतदान दल 24 मई को रवाना किए जाएंगे जिसकी तैयारियां मिशन मोड में चल रहीं है । इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल एवं उप विकास आयुक्त श्री मनीष कुमार सामग्री कोषांग की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे । मतदानकर्मियों के लिए तैयार किए जा रहे सामानों की पैकेजिंग को देखा, पैकेट में मौजूद सामानों की जानकारी ली, सामग्रियों की गुणवत्ता भी देखी । उन्होंने चुनाव में पीठासीन पदाधिकारी की अनुदेश पुस्तिका, ईवीएम की अनुदेश पुस्तिका, विभिन्न प्रकार के प्रपत्र, स्टेच्यूरी एवं नन स्टेच्यूरी पैकेट के लिफाफे, पेन, पिन, अमिट स्याही, मेटल सील, विभिन्न प्रकार के पोस्टर तथा अन्य महत्वपूर्ण सामग्रियों का मिलान किया। इसके साथ ही विधान सभावार निर्मित पैकेट आदि की भी जांच की तथा तय समय में तैयार करने कि निर्देश दिए ।

**अंतिम 72 घंटे महत्वपूर्ण, वाहनों के जांच की करें गहन निगरानी-** जिला नियंत्रण नियंत्रण कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कर्मियों के उपस्थिति की जांच की । साथ ही नियंत्रण कक्ष से एफएसटी, एसएसटी के कार्यों के पर्यवेक्षण को लेकर निर्देशित किया। उन्होने कहा कि मतदान के पहले अंतिम 72 घंटे काफी महत्वपूर्ण हैं, स्थाई चेकनाका के माध्यम से की रही वाहन जांच पर गहन निगरानी रखें । किसी भी सूचना को उड़नदस्ता दल से संपर्क कर तत्काल साझा करें। मतदान दल रवानगी एवं मतदान के दिन नियंत्रण कक्ष की क्या जिम्मेदारी होगी इसपर दिशा-निर्देश दिए।

## जमशेदपुर मे एक युवक को पुलिस ने हथियार के साथ किया गिरफ्तार,देसी कट्टा और जिंदा गोली बरामद



**जमशेदपुर** :जमशेदपुर के उलीडीह पुलिस ने रामनगर सूर्य मंदिर के पास स्वर्णरेखा नदी के किनारे एक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार युवक एमजीएम थाना क्षेत्र के बालीगुमा का रहने वाला अनीस कुमार मंडल है. अनीस के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा और एक जिंदा गोली बरामद किया है. बुधवार को मामले का खुलासा करते हुए सिटी एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी की है. सिटी एसपी ने बताया कि 2 मई को राम नगर के ही रहने वाले एक व्यक्ति के साथ अनीस का विवाद हुआ था. इसी बात को लेकर उसने कुछ दिन पहले ही एक साथी से हथियार लिया और मारपीट का बदला लेने के लिए क्षेत्र में घूम रहा था. घटना की अंजाम देने के पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया. अनीस पूर्व में भी जेल का चुका है और हाल ही में जेल से बाहर आया है. फिलहाल पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है.

## कांग्रेस कार्यकर्त्ता अपना तन-मन धन लगाकर गठबंधन प्रत्याशी समीर मोहंती को जिताने का कार्य करें: आनंद बिहारी दुबे







**जमशेदपुर** : पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष संजय सिंह आजाद ने प्रेस बयान जारी करते हुए कहा है कि 09-जमशेदपुर लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती (तीन धनुष) छाप पर वोट देने के लिए विगत दिनों जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय चुनाव तैयारी समिति के बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि कांग्रेस पार्टी के सभी प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, सभी जिला पदाधिकारी, सभी वरिष्ठ नेता, सभी अग्रणी संगठन एवं विभाग के चेयरमैन/अध्यक्ष, प्रखण्ड संगठन प्रभारी, मण्डल संगठन पर्यवेक्षक, 20 सूत्रीय सदस्य, 15 सूत्रीय सदस्य, सम्मानित कांग्रेस के कार्यकर्त्ता अपना तन-मन-यथा शक्ति धन लगाकर हर हाल में प्रत्याशी को जिताने का कार्य करें। कांग्रेस पार्टी का एक एक सिपाही मतदान के दिन सुबह 6.00 बजे से संध्या 6.00 बजे तक बुथ पर विराजमान रहे साथ ही बुथ प्रबंधन में योगदान दें। सभी कांग्रेसजन सिर्फ और सिर्फ यह मन में ठान लें कि कांग्रेस नेता राहुल गाँधी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए योगदान देना है। राहुल गाँधी के माध्यम से ही हर गरीब महिला को एक लाख, 30 लाख रिक्त सरकारी नौकरी पर नौजवान को बहाल करना, पढ़े लिखे नौजवान को अप्रेंटिस गारंटी के तहत एक लाख मिलेंगे, अग्निवीर योजना रद्द करके स्थाई बहाली प्रारंभ करना है, जीएसटी को कम करना एवं सरल बनाना है, सामाजिक जनगणना करके सभी का विकास सुनिश्चित करना है, मनरेगा में दैनिक भत्ता 400 करना है, 25 लाख तक स्वास्थ्य सुविधा लाना है, सबसे बड़ा आंदोलन संविधान का रक्षा करना है, इन्हीं सब बातों को मुख्य उद्देश्य बनाकर आम जनता से अपील है कि आप अपने भविष्य, बच्चों के भविष्य को देखते हुए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती को वोट दें और अपना भविष्य सुरक्षित बनाने में सभी लोग एक कदम आगे बढ़े। जैसा कि आप सबों को पता है विगत 10 वर्षों में भाजपा के वर्तमान सांसद ने जमशेदपुर के वासियों को कोई भी सुविधा दिलाने में असमर्थ रहे हैं, उनका एक भी काम गिनती योग नहीं रहा है, कई गांव में तो लोग उन्हें देखें तक भी नहीं है। यह जनता का अपमान है, आम जनता ने 10 वर्षों तक लगातार सांसद बनाया। उसके लिए कोई भी कार्य करने में असफल रहे हैं। यही मुद्दा गठबंधन सरकार को लाने में अहम भूमिका निभा रही है।

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने 'पहले मतदान फिर जलपान' के तहत मतदान जागरूकता अभियान चलाया



**जमशेदपुर**। लोकतंत्र के इस महापर्व का हिस्सेदार बनना एवं अपने लिए एक सुलभ नेतृत्वकरता का चयन करने के लिए लोहनगरी की जनता को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, जागरूक करने के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्र में मतदान जागरूकता अभियान चला रही है। मतदान जागरूकता अभियान के तहत सर्वप्रथम पूर्व सैनिकों की एक टोली स्थापित की गई है जो शहर के विभिन्न मंडलों में 100% मतदान हेतु सभी को 25 मई को घरों से निकलकर वोट देने के आवाहन में लगी है। एक सप्ताह से चले आ रहे इस मतदान जागरूकता अभियान में गोविंदपुर,बारीडीह ,सिदगोड़ा, एग्रिको, बागबेड़ा, टेल्को एवम् कदमा के पार्कों,दुकानों,और चौराहों पर पैंपलेट्स बाट सभी को मतदान करने का आग्रह किया। 22 को एग्रीको ट्रांसपोर्ट मैदान में मौजूद पेरेंट्स, मॉर्निंग वॉकर्स को आए बुजुर्गों को भी अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने मतदान के भागीदारी बनने की अपील की। इस अभियान का नेतृत्व संगठन के जिला अध्यक्ष विनय यादव एवं जिला महामंत्री जितेंद्र सिंह ने किया।मौके पर इस लोकतंत्र के त्योहार में सम्मानित होने एवम् अपनी कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देने की अपील की गई। मौके पर वरुण कुमार,सुखविंदर सिंह, गौतम लाल,अवधेश कुमार, सत्येंद्र कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह उमेश कुमार सिंह,उपेंद्र कुमार मिश्रा,नीरज कुमार सिंह,पवन कुमार अन्य पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विनोद राय के नेतृत्व में मानगो संकोसाई में चला घर-घर जनसंपर्क अभियान,नीरज सिंह भी रहे मौजूद




**जमशेदपुरः** बुधवार की सुबह मानगो मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर रखते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री विनोद राय जी के नेतृत्व में मानगो संकोसाई में घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य मानगो के स्थानीय लोगों से सीधे जुड़ना और उन्हें पर्चे देकर भाजपा के लिए वोट मांगना था। यह अभियान प्रातः 7 बजे से 9 बजे तक संकोसाई रोड नंबर 4 एवं 5, जय गुरुनगर, खड़िया बस्ती में मुख्य रूप से चलाया गया। इस अभियान में मुख्य रूप से भाजपा झारखण्ड प्रदेश के व्यावसायिक प्रकोष्ठ के संयोजक और भाजपा नेता श्री नीरज सिंह भी जुड़े थे| भाजपा नेता श्री नीरज सिंह जी ने कहा कि इस अभियान का मूल उद्देश्य स्थानीय लोगों को चुनाव के प्रति जागरूक करना और भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ाना है। इस अभियान में मानगो मंडल अध्यक्ष श्री विनोद सिंह जी के साथ साथ जिला मंत्री श्री विजय तिवारी जी और मंडल के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ नेतागण एवं कार्यकर्त्तागण व्यक्तिगत रूप से घर-घर जाकर जनता से रूबरू हुए और भाजपा के पक्ष में वोट डालने के लिए आग्रह किया।

## संक्षिप्त समाचार

### अस्तित्व संस्था द्वारा आज आदित्यपुर स्टेशन के चीफ यार्ड मास्टर अखिलेश कुमार को एक मांग पत्र सौंपा

**आदित्यपुर।** अस्तित्व संस्था द्वारा आज आदित्यपुर स्टेशन के चीफ यार्ड मास्टर श्री अखिलेश कुमार को एक मांग पत्र सौंपा गया जिसमे आदित्यपुर स्टेशन पर विभिन्न ट्रेनों के आवागमन के संबंध में यहां ठहराव सुनिश्चित हो सके जिससे यहां के निवासियों को सुविधा हो।

**जिन ट्रेनों के डहराव के लिए मांग पत्र सौंपा गया उनमें से मुख्यत निम्नलिखित है।** 1 साउथ बिहार एक्सप्रेस, 2 टाटा हावड़ा एक्सप्रेस, 3 टाटा बक्सर एक्सप्रेस, 4 सुवर्णरेखा एक्सप्रेस, 5 हावड़ा रांची सुपर फास्ट एक्सप्रेस, 6 टाटा आसनसोल एक्सप्रेस, 7 टाटा अर्नाकुलम एक्सप्रेस है इनमे से कुछ ट्रेनों को कोरोना काल से बंद कर दिया गया था जिन्हें फिर से ठहराव के लिए निवेदन किया गया।इस पत्र में आदित्यपुर स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाओं में वृहद पार्किंग एरिया टाटा कांडा मैन रोड से कनेक्टिविटी आवागमन की सुविधा के बारे में समाहित किया गया।मांग पत्र की प्रति एमपी सिंहभूम ,डायरेक्टर टाटा नगर,रेलवे डीआरएम चक्रधर पुर, चेयरमैन रेलवे बोर्ड, जीएम दक्षिण पूर्व रेलवे को प्रेषित की गई।

मौके पर अस्तित्व संस्था की संस्थापक सह सचिव श्रीमती मीरा तिवारी,जिलाध्यक्ष बैजयंती बारी, संस्था के सम्मानित सदस्य श्री टी के प्रसाद,रमाशंकर पांडेय,विजय कुमार श्रीवास्तव, दिवाकर झा ,खिरोद सरदार,अनिता देवी,दशमिता हाइब्रो,अंजली होनहागा,एस्तर तिर्की,रोशनी उराव और अनेक स्थानीय निवासी मौजूद रहे।


### नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री के लिए लोगों से आशीर्वाद लेने हेतु डॉ गोस्वामी ने जन संपर्क अभियान चलाया



नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए लोगों से आशीर्वाद लेने हेतु भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिनेशानंद गोस्वामी ने आज बहरागोड़ा प्रखंड के नुआडीह, धाधिका, गुहियापाल तथा बांकदह गांवों में पदयात्रा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। डॉक्टर गोस्वामी ने लोगों से कहा कि मोदी का नेतृत्व भारत के लिए अत्यंत आवश्यक है । विगत 10 वर्षों के मोदी सरकार के कार्यकाल में लोगों का जीवन- यापन आसान हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज प्रदान कर गरीबों को भूख की चिंता से निजात दिलाया है। मोदी सरकार ने गरीबों को 4 करोड़ पीएम आवास मुहैया करवाया है। तभी तो लोग बोलने लगे हैं कि मोदी है तो मुमकिन है। डॉक्टर गोस्वामी ने लोगों से भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया है। जनसंपर्क अभियान में डा गोस्वामी के साथ भाजपा बहरागोड़ा मंडल अध्यक्ष राजकुमार कर, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष हेमकांत भुइंया, महिला नेत्री हैमबती बेरा,भाजपा नेता प्रबोध साव,चंद्र शेखर बेरा,अशोक सीट, अस्वानी भुइयां, शक्तिपद जाना,आकुल राणा, पुष्पा मुंडा, कमला राणा,अशोक साव,दिलीप साव,अभिषेक पांडा, सेनगुप्त नायक, हराप्रसाद राउत, दुष्मंत महाकूड, बुधु राणा,राजू राणा, शामिल थे।

### मधुसूदन महतो उच्च विद्यालय आसनतलिया, चक्रधरपुर एवं मधुसूदन मेमोरियल एडुकेशनल सोसाइटी आसनतलिया के संस्थापक सदस्य राजकिशोर महतो नहीं रहे

**प्रबंधन समिति के सचिव श्री श्याम सुंदर महतो ने कहा राजकिशोर जी का निधन को अपूर्णीय क्षति**



**रामगोपाल जेना। चक्रधरपुर ।** मधुसूदन महतो उच्च विद्यालय आसनतलिया, चक्रधरपुर एवं मधुसूदन मेमोरियल एडुकेशनल सोसाइटी आसनतलिया के संस्थापक सदस्य राजकिशोर महतो का उनके पैतृक आवास में कल रात्रि करीब 9:00 बजे आकस्मिक निधन हो गया है। वे लंबे समय से बीमार थे । उनके असामायिक निधन से मधुसूदन विद्यालय परिवार शोकाकुल है। उनके निधन पर विद्यालय में एक शोक सभा का आयोजन कर छात्र-छात्राएं, विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव श्री श्याम सुंदर महतो सह सचिव श्री गणेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष श्री ओमप्रकाश महतो, विद्यालय के निदेशक श्री लक्ष्मण महतो, प्राचार्य प्रशांत तिवारी उप प्राचार्य बसंत कुमार महतो एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने दो मिनट का मौन धारण कर उनकी दिवंगत आत्मा की शांति एवं उनके परिवार को इस दुखद घड़ी में सहनशक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की। इसी के साथ विद्यालय की सभी कक्षाएं स्थगित कर दीं गईं। विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव श्री श्याम सुंदर महतो ने उनकी असामयिक निधन को अपूर्णीय क्षति बतलाया है । उन्होंने कहा कि राज किशोर महतो शांत, सुशील एवं मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी थे । वे शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक उत्थान के प्रति हमेशा सजग रहें एवं लंबे समय तक शिक्षण कार्य से जुड़े रहे। उन्होंने अपना शिक्षक जीवन जमुई, मुंगेर से प्रारंभ किया तथा विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत रहे । जमुई से स्थानांतरित हो कर उन्होंने कराईकेला उच्च विद्यालय कराईकेला,उच्च विद्यालय बौड़ाम पटमदा, बालिका उच्च विद्यालय खूंटी एवं पुरनिया उच्च विद्यालय पुरनिया में कार्यरत रहे । सन 2010 के जनवरी में पुरनिया उच्च विद्यालय पुरनिया से प्रधानाध्यापक के पद से सेवानिवृत हुए। वे अर्थशास्त्र, अंग्रेजी एवं कुड़माली के अच्छे ज्ञाता थे। वे अपने पीछे एक भरा- पूरा संयुक्त परिवार छोड़ गए । जिसमें दो पुत्र अभिषेक कुमार महतो एवं मिथुन महतो दो पुत्री एवं दो भतीजा पंकज कुमार महतो और प्रेम किशोर महतो हैं। वे हमेशा दिन दुःखियों के मददगार रहे । उनके घर में रहकर बहुत से विद्यार्थियों ने पढ़कर अपना जीवन संवारा। उनका झारखंड कुड़माली भाषा विकास के उत्थान में भी महत्वपूर्ण योगदान रहा । उनका असामयिक निधन शिक्षा जगत एवं समाज के लिए एक अपूर्णीय क्षति है।

### विद्युत विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं छोटा गम्हरिया के लोगों



**गम्हरियाः** विद्युत विभाग की लापरवाही का खामियाजा छोटा गम्हरिया के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। जर्जर विद्युत केबल के नहीं बदले जाने के कारण इस भीषण गर्मी में विद्युत आपूर्ति ठप्प हो जाने से यहां के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीते मंगलवार की रात भी छोटा गम्हरिया के निर्मल पथ के लोगों को विद्युत आपूर्ति बंद रहने के कारण रतजगा कर रहना पड़ा। आखिरकार, किसी प्रकार तारों को जोड़कर करीब 12 घन्टे बाद विद्युत आपूर्ति शुरू हुई और लोगों ने राहत की थोड़ी सांस ली। रात भर भीषण गर्मी में उंक्त इलाके के लोग विद्युत आपूर्ति बहाल होने का इंतजार करते रहे लेकिन सुबह तक आपूर्ति प्रारम्भ नहीं हो सकी। इस कारण औद्योगिक क्षेत्र की कंपनियों में प्रातःकालीन डयूटी के लिए भी कई लोग नहीं जा सके। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई वर्ष पूर्व इस क्षेत्र में विछाया गया केबल जर्जर अवस्था मे है। इस कारण अक्सर खराबी होने से घण्टों विद्युत आपूर्ति बंद हो जाती है। उंक्त केबल को बदलने की मांग कई बार विभागीय अधिकारियों से की गई। किन्तु, उन केबुलों को आजतक नही बदला जा सका। इस कारण क्षेत्र के लोगों को इन समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

# पेयजल की समस्या से जूझ रहे कांड्रा मुखीपाड़ा के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन




**गम्हरिया।** इस भीषण गर्मी में पेयजल की गम्भीर समस्या से जूझ रहे कांड्रा स्थित मुखीपाड़ा के ग्रामीणों ने बुधवार को प्रदर्शन कर विरोध प्रकट किया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व मेंग्रामीणों की सुविधा के लिए यहां सोलर जलमीनार लगाया गया था। किन्तु, उससे पानी ठीक ढंग से नहीं आ रहा है। वहीं, जलमीनार का नल भी टूट चुका है। इस कारण ग्रामीणों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है। बताया कि इस बस्ती में करीब दो सौ लोग रहते हैं जो पेयजल के लिए इसी सोलर जलमीनार पर निर्भर हैं। बताया कि सोलर जलमीनार के समीप और एक नल बनाया गया है जो खराब पड़ा है। वहां पानी के लिए अहले सुबह से ही लंबी कतार लगी रहती है। बस्ती की महिलाओं ने बताया कि इस चिलचिलाती धूप में उन्हें पेयजल के लिए आधे किलोमीटर की अधिक पैदल ही जाकर पानी लाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि कांड्रा जलापूर्ति योजना का लाभ भी मुखीपाड़ा के लोगों को अबतक नहीं मिला है। उस योजना के तहत पाइप लाइन से जलापूर्ति हेतु कांड्रा के कई बस्तियों में कनेक्शन दिया गया है। लेकिन, कांड्रा के भट्टी गली, सिपाही कॉलोनी, चपरासी लाइन, मुखीपाड़ा, काली पहाड़ी, लाहकोठी एवं मोहंती होटल से बस स्टैंड स्थित शंकर वस्त्रालय तक पाइपलाइन नहीं बिछाया गया है।। इस कारण इन बस्तियों के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से आशा मुखी, बालिका मुखी, नेहा मुखी, वीणा मुखी, दीपाली मुखी, खेरी मुखी, शीतल मुखी, करनी मुखी, सुनीता मुखी समेत कई महिलाएं शामिल थी।

### आयुक्त श्री हरि कुमार केशरी ने सुविधा केंद्र में पोस्टल बैलेट से मतदान किए



**रामगोपाल जेना। चाईबासा।** प्रमंडलीय आयुक्त श्री हरि कुमार केशरी ने आज चाईबासा ज़िले के समाहरणालय में बनाये गए सुविधा केंद्र में पोस्टल बैलेट से मतदान किया। उन्होंने कहा कि अपने मताधिकार का प्रयोग करना, लोकतंत्र में अपनी सीधी भागीदारी का प्रमाण है। मैंने मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान दिया अब आम जनमानस भी लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि युवाओं के हाथ में देश के भविष्य की जिम्मेवारी है। उनकी भागीदारी से लोकतंत्र को और भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने समस्त प्रमंडलवासियों से आह्वान किया कि वे अपने मतदान तिथि को अपने मतदान केन्द्र पर सपरिवार जाकर उत्सवी माहौल में मतदान करें और चुनाव का पर्व, देश का गर्व को सफल बनाएं।

# अमृत मांझी ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चाईबासा में आईईसी कोऑर्डिनेटर के पद पर नियुक्त श्रीमती रश्मिता भल की नियुक्ति प्रक्रिया को

**झारखंड उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दर्ज कर चुनौती दी है**



**रामगोपाल जेना। चाईबासा।** अमृत मांझी ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चाईबासा में आईईसी कोऑर्डिनेटर के पद पर नियुक्त श्रीमती रश्मिता भल की नियुक्ति प्रक्रिया को झारखंड उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दर्ज कर चुनौती दी है।अमृत मांझी का कहना है कि श्रीमती रश्मिता भल की नियुक्ति कार्मिक,प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग,झारखंड रांची की अधिसूचना संख्या 3849, दिनांक 10/08/2021 के द्वारा जारी नियम व शर्तों के खिलाफ है।जबकि जिला जल एवं स्वच्छता समिति,पश्चिमी सिंहभूम,चाईबासा को जल जीवन मिशन के तहत संविदा आधारित नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों को मैट्रिक,इंटरमीडिएट की शिक्षा झारखंड राज्य में अवस्थित मान्यता प्राप्त संस्थान से होना अनिवार्य शर्त है।चाईबासा प्रमंडल के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के आईईसी कोऑर्डिनेटर के पद पर नियुक्त श्रीमती रश्मिता भल की शैक्षणिक योग्यता झारखंड के किसी भी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान से नहीं है।बल्कि श्रीमती रश्मिता भल की शैक्षणिक स्थिति ओडिसा राज्य के संस्थान का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है।जो कार्मिक,प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग की नियम व शर्त का खुल्ला उल्लंघन है। श्रीमती रश्मिता भल की असंगत नियुक्ति प्रक्रिया की ओर तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को भी लिखित मांग पत्र प्रेषित कर ध्यान आकृष्ट किया गया था।साथ ही अधिकृत ट्वीट भी किया गया था और उपरोक्त उल्लेखित पद पर संविदा आधारित नियुक्ति के लिए अधिकृत तत्कालीन उपायुक्त सह अध्यक्ष को भी कई बार धरना प्रदर्शन कर मांग पत्र सौंपी गई थी।और उचित कार्रवाई करने की मांग की गई थी। लेकिन श्रीमती रश्मिता भल के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई।जबकि सरायकेला-खरसावां जिला जल जीवन मिशन कार्यक्रम सुनिश्चित करने के लिए आमंत्रित पद पर भी श्रीमती रश्मिता भल आवेदन भरी थी।सरायकेला-खरसावां जिला के तत्कालीन उपायुक्त सह अध्यक्ष ने श्रीमती रश्मिता भल की आवेदन को रद्द कर दिया।जिसमें सरायकेला खरसावां के उपायुक्त ने श्रीमती रश्मिता भल की शैक्षणिक योग्यता को ओडिशा राज्य का होने के रूप में चिन्हित किया।जबकि आमंत्रित पद की नियुक्ति के लिए कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग की नियम व शर्त झारखंड राज्य के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान से उत्तीर्ण होना आवश्यक उल्लेख किया गया है।अमृत मांझी ने झारखंड के बेरोजगारों को अवसर से वंचित किए जाने के कारण और कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग की नियम व शर्त का अवमानना करने के कारण ही झारखंड हाई कोर्ट में जनहित याचिका दर्ज किया है।

जिसका केस संख्या WPC 792/2024 दिनांक 15/02/2024 है।

### आरडी रबड़ रिक्लेम कंपनी के खिलाफ मजदूरों का बेमियादी हड़ताल तीसरे दिन भी जारी

**गम्हरियाः** कोल्हान मजदूर यूनियन के नेतृत्व में आरडी रबड़ रिक्लेम कंपनी के खिलाफ मजदूरों का बेमियादी हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान कंपनी प्रबंधन के तानाशाही रवैए के खिलाफ हड़ताली कामगारों ने जमकर नारेबाजी की। यूनियन के महासचिव बसंत कुमार ने बताया कि प्रबंधन के साथ आरपार की लड़ाई के लिए कामगार तैयार है। बताया कि कंपनी का प्रॉफिट का रेशियो सौ फीसदी होने के बाद भी कामगारों का शोषण कर रही है। उन्होंने बताया कि पिछले 25 वर्षों से यहां के कामगारों का शोषण होता रहा। वर्तमान में कोल्हान मजदूर संघ ने पूर्व विधायक अरविंद सिंह के नेतृत्व में संवैधानिक तरीके से मजदूरों की लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर के निर्देश के आलोक में सभी कामगारों की सूची तैयार की जा रही है। इसमें सभी कामगारों की ओर से अपनी समस्याओं को लेकर अलग अलग दावा प्रपत्र भरने का काम जारी है। कल तक श्रम अधीक्षक के कार्यालय में प्रपत्र जमा कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही अस्थाई कामगारों से भी उनकी समस्याओं से संबंधित फार्मेट भरकर जमा किया जायेगा। इस अवसर पर यूनियन के नेता बबुआ मिश्रा ने बताया कि कंपनी के निदेशक मंडल पर अलग से एफआईआर की तैयारी भी यूनियन की ओर से की जा रही है। इससे संबंधित समुचित दस्तावेज को इकट्ठा कर लिया गया है। कानूनविदों से सलाह मशविरा के बाद न्यायालय में मामला दर्ज किया जायेगा।

### 41 वां पंचानिका ब्रह्मो उत्सव समारोह और भगवान गणेश मंदिर का पहला वार्षिक उत्सव 29 मई से 2 जून तक होगा

**रामगोपाल जेना। भगवान वेंकटेश्वर मंदिर ।** आंध्रा एसोसिएशन पंच मोड़ चक्रधरपुर में 41 वां पंचानिका ब्रह्मो उत्सव समारोह और भगवान गणेश मंदिर का पहला वार्षिक उत्सव 29 मई से 2 जून तक होगा। आंध्रा एसोसिएशन की ओर से सभी भक्तों से अपील की गई है की श्रीवारी सेवा में योगदान देते हुए भगवान वेंकटेश्वर बालाजी एवं श्री गणेश का आशीर्वाद प्राप्त करें।

**कार्यक्रम इस प्रकार है।**

**29 मई सुबह बजे से** 11 तक बजे। सुप्रभात पंचागम नित्य पूजा आरती और प्रसाद वितरण।

**संध्या 6:30 बजे ।** नादस्वराम ,भगवत प्रार्थना,विशेकेशन आराधना,शुद्ध पुण्य वचन,दीप आराधना,मेदनी पूजा,अंकुरापर्णा आरती और प्रसाद वितरण।। इसी प्रकार प्रत्येक दिन अलग अलग विधि से पूजा अर्चना जारी रहेगी।

**30 मई को सुबह 9:30** बजे महा सुदर्शन होमम,विशेष होमोम,नित्य पूर्णाहुति और तीर्थ प्रसाद वितरण होगा।।



**31 मई को दोपहर** महाभोग का आयोजन होगा।।

**1 मई को सुबह 6** बजे से शाम सात बजे तक विधि विधान के अनुसार पूजा होगा।।

**2 मई को सुबह 6 बजे** से पूजा शुरू होगी ।दिन के दस बजे चक्रासनानम , ध्वजारोहण ,

महापूर्णाहुति, कुंभ यात्रा, महा संप्रोक्षण अक्षत रोपणाम आदि ।

**ये भी जानें-** इच्छुक श्रद्धालु जो सेवा चढ़ना चाहते है। वे अपना नाम और गौत्र के साथ नाम दर्ज करा सकते है

**जो इस प्रकार है –** सर्व सेवा और सुदर्शन होम पांच हजार एक रुपया प्रसाद ।।

श्री गणेश अभिशेखम पांच सौ एक रुपया प्रसाद ।सर्व सेवा सुदर्शन होम के लिए सिर्फ संकल्प । दो हजार एक रुपया प्रसाद ।।

**श्रीवारी कल्याणम –** के लिए आठ सौ इकवान रुपया प्रसाद।।

श्रीवारि कल्याणम 601 रुपया प्रसाद।।

**शत क्लेशा अभिषेक –** 601 रुपया प्रसाद।।

बसंत उत्सव 301 रुपया प्रसाद।

उंजल सेवा 301 रुपया प्रसाद।

तोमल सेवा 151 रूपया प्रसाद।

सामूहिक कुमकुम पूजा एवम तुलसी अर्चना 151 रूपया प्रसाद।।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करेंगे**
– श्री केके टी राव- 9835573320/
श्री वी वी आर मूर्ति- 9934377015
एम कृष्णा कुमार- 9708509947
श्री ए जे डोरा - 9939125520
श्री टी वी एन राव - 977148 4103

### 70 मौजा के मांझी बाबा की उपस्थिति में इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती विजय बनाने का लिया संकल्प



**गम्हरिया।** तोरोप परगाना बाबा बैजू टुडू की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 70 मौजा के मांझी बाबा की उपस्थिति में इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती विजय बनाने का लिया संकल्प आज दिनांक 22/5/2024 को स्थान - ग्राम- केंदोपोसी, दाम्पड़ा घाटशिला में माझी पारगना माहाल दामपाड़ा तोरोप के पारगना बाबा, 70 मौजा के माझी बाबा, परानिक, गोडेत जोगमाझी और समाज के बुद्धिजीवियों का बैठक तोरोप पारगना बाबा बैजू टुडू के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक में आदिवासी समाज के वर्तमान स्थिति, दिशा एवं दशा पर गहन चर्चा किया गया। समाज में शिक्षा का अलख जगाना है, युवाओं को नशा से दूर रहना होगा।

पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था, रिति रिवाज, पुजा पद्धति, संस्कृति, जल जंगल जमीन और संवैधानिक अधिकार को रक्षा करना है। इसके लिए समाज के सभी सदस्यों को निःस्वार्थ भाव से समाज सेवा में आगे आना होगा। मौके पर उपस्थित परगना बाबा, माझी बाबाओं ने कहा कि आसन्न लोकसभा चुनाव में आदिवासी समाज के उत्थान, जल जंगल जमीन बचाने, हासा भाषा रक्षा करने कि बात करने वाले इंडिया गठबंधन के लोकप्रिय प्रत्याशी समीर महंती को पूर्ण समर्थन कर भारी मतों से विजय बनाने का संकल्प लिया। बैठक में 70 मौजा के माझी बाबा, विधायक श्री रामदास सोरेन, कान्हु समंत, अधिपति मंडी, राम चन्द्र सोरेन, श्याम टुडू, गुहीराम हांसदा, सुखलाल हांसदा, सामू मुर्मू,बुढान मुर्मू,मंगल किस्कू आदि काफी संख्या में समाज के लोग शामिल थे

### मंत्री दीपक बिरवा ने विधायक रामदास सोरेन के साथ मुसाबनी के कई क्षेत्रों का दौरा कर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी समीर मोहंती के पक्ष में मांगा समर्थन



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा से इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी श्री समीर मोहंती के ......पक्ष में जनसंपर्क करते हुए... मुसाबनी प्रखंड का जादुगोड़ा, माटिगोड़ा होते हुए विधायक रामदास सोरेन के साथ सुरदा क्रौसिंग पहुंचे झारखंड सरकार के परिवहन एवं आदिवासी कल्याण मंत्री श्री दीपक बिरवा थे साथ इस दौरान सोहदा गांव का प्रधान ढिबर बानरा ,बेनासोल पंचायत की मुखिया श्रीमती शुकरमनी हेंब्रम एवं महिला नेत्री यशोदा मार्डी के नेतृत्व में ग्रामीण महिलाओं द्वारा माननीय मंत्री दीपक बरवा एवं विधायक रामदास सोरेन साथ में झामुमो जिला उपाध्यक्ष श्री सागेन पूर्ति का आदिवासी पारंपरिक तरीके से माला पहनाकर एवं बुके देकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष प्रधान सोरेन सचिव सोमाय सोरेन झामुमो नेता गौरांग माहली सुरदा दिशोम जाहिर गाढ अध्यक्ष अर्जुन माझी सचिव सुभाष मुर्मू तेरेंगा पंचायत अध्यक्ष सुनील किस्कू सुरदा पंचायत अध्यक्ष बासु सोरेन बेनासोल पंचायत अध्यक्ष गणेश टुडू वरिष्ठ नेता जीवन बास्के सुकांति बानरा व चांदु टुडू समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### आग लगने से दो घर राख



**भागलपुर/बिहपुर, एजेंसी।** मंगलवार की सुबह लगभग नौ बजे नारायणपुर प्रखंड अंतर्गत नगरपारा दक्षिण पंचायत के नगरपारा गांव के वार्ड नंबर चार में अगलगी में दो घर जलकर राख हो गया। मुखिया प्रतिनिधि पवन कुमार सिंह ने अगलगी की जानकारी थाना व अंचलाधिकारी को दी। मिली जानकारी के अनुसार अगलगी में जवाहर पासवान व रंजन पासवान का घर समेत घर में रखा अनाज, कपड़ा, नकदी राख हो गया। आग लगने का कारण का पता नहीं चल? पाया है। मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया।

### लूटकांड में पैक्स अध्यक्ष का बेटा गिरफ्तार

**गया, एजेंसी।** अपराधियों पर नकेल कसने के लिए मुफस्सिल थाने की पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी जारी है। मंगलवार को स्थानीय थाना के एसएचओ रधुनाथ प्रसाद ने भोरे पंचायत की तपसी गांव से लूटकांड के फरार आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किया गया आरोपित पैक्स अध्यक्ष का पुत्र जितेंद्र कुमार है। एसएचओ ने बताता कि आरोपित ने तीन चार बदमाशों के साथ रेलवे ओवर ब्रिज के पास चार मार्च 2023 की शाम नवादा जिले के सीतामढ़ी थाना के शहवाजपुर गांव निवासी शुभम कुमार को मारपीट कर लूटपाट किया था। बदमाशों ने शुभम से मोबाइल, लॉकेट, सात हजार नकद समेत एटीएम, आधार व पैन कार्ड छीन लिया था।

### बोधगया में कालाबजारी के आरोप में पीडीएस दुकानदार पर प्राथमिकी

**गया, एजेंसी।** बोधगया प्रखंड क्षेत्र के नावां टोला सवलचक के पीडीएस दुकानदार कुंदन कुमार पर अनाज कालाबजारी करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बोधगया आपूर्ति पदाधिकारी शशिकांत कुमार ने मंगलवार को चेरकी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया। एमओ शशिकांत ने बताया कि जन वितरण प्रणाली विक्रेता कुंदन कुमार के विरुद्ध सदर अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में शिकायत कराया था। जांच के क्रम में ई-पॉस मशीन में खदान के मात्रा कम पाया गया। जांच के उपरांत चावल व गेहूं की मात्रा 88.21,किविंटल कम पाया गया। जन वितरण से कई बार स्पष्टीकरण मांगा गया। लेकिन कोई संतुष्ट जनक जबाब नहीं दिया गया। व्यापार स्थल पर सूचना पट भी चिपकाया गया। बावजूद नजर अंदाज किया। इसके बाद अग्रतर कारवाई की गई।

### डीडीसी ने किया एमआइटी डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर लोस क्षेत्र का चुनाव संपन्न होते ही वैशाली के लिए तैयारी तेज हो गई है। इस क्रम में मंगलवार को डीडीसी आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने एमआईटी परिसर में निर्माणाधीन डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित दायित्व का समय पर निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। जानकारी हो कि एमआईटी परिसर में वैशाली लोस क्षेत्र के लिए डिस्पैच सेंटर बनाया गया है। 23 व 24 मई के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यहां से मतदान कर्मियों को योगदान कराया जाएगा। मतदान सामग्री, ईवीएम व वीवीपैट का उठाव यही से किया जाएगा। सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी एवं पोलिंग पार्टी की ब्रीफिंग यहीं की जाएगी। फिर उनके संबद्ध वाहन से उन्हें तय मतदान केंद्र के लिए भेजा जाएगा। इसके लिए डिस्पैच सेंटर पर सभी आवश्यक व्यवस्था एवं सभी तैयारी समय से पूर्व सुनिश्चित कर लेने का निर्देश दिया, ताकि डिस्पैच का कार्य निर्बाध रूप से सफलतापूर्वक संचालित हो सके।

### अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त, लाइनर गिरफ्तार

**गया, एजेंसी।** अतरी थाना क्षेत्र के गोहचक गांव स्थित चिमनी भट्ठा के पास से अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। साथ ही उक्त जगह से रामानुज प्रसाद नामक एक लाइनर को भी गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में अतरी के थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध रूप से बालू का ढुलाई गोहचक ईंट भठ्ठे पर किया जा रहा है।

# रोहिणी आचार्य पर हमले के मामले में एफआईआर दर्ज

## लालू यादव ने की डीएम और एसपी से बात, थानाध्यक्ष लाइन हाजिर



**छपरा, एजेंसी।** बिहार के छपरा में चुनावी हिंसा के बाद राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) प्रत्याशी रोहिणी आचार्य पर हमले के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। टाउन थाना क्षेत्र के बड़ा तेलपा स्थित मतदान केंद्र संख्या 318 और 319 पर सोमवार को मतदान के दौरान शाम में हुई आरजेडी और बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच भिड़ंत हुई। इस दौरान पत्थरबाजी, गाली-गलौज एवं लाठी-डंडे चलाने का आरोप है। पोलिंग एजेंट नवल किशोर ने टाउन थाने में शिकायत देकर आरोप लगाया कि रोहिणी आचार्य पर जानलेवा हमला किया गया और उनसे गाली-गलौज की गई। वहीं, आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने सारण के डीएम और एसपी से अलग-अलग फोन पर बात कर इस मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहीं, सारण के एसपी गौरव मंगला ने टाउन थानेदार को लाइन हाजिर कर दिया है।

टाउन थाने में दर्ज एफआईआर में बताया गया कि रोहिणी आचार्य तेलपा स्थित पोलिंग बूथ पर वोटिंग के दिन शाम में पहुंचीं थीं। बूथ पर मौजूद लोगों से वह कह रही थीं कि आपने वोट दे दिया तो यहां से जाइए। इसी बात को लेकर गाली-गलौज और असंसदीय भाषा का इस्तेमाल किया गया। टाउन थाना पुलिस ने मामले को दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। दूसरी ओर, मंगलवार सुबह इसी विवाद को लेकर हुई गोलीबारी में आरजेडी समर्थक की जान चली गई। पुलिस इस घटना की जांच बारीकी से कर रही है। जांच के लिए फॉरेंसिक लैब की टीम भिखारी ठाकुर चौक पर पहुंची और वहां से कुछ सैंपल इकट्ठा कर जांच के लिए अपने साथ मुजफ्फरपुर ले गई। फायरिंग की घटना में लापरवाही बरतने के आरोप में एसपी डॉ गौरव मंगला ने टाउन थाना इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार तिवारी को लाइन हाजिर कर दिया है। एसपी ने बताया कि प्रथम दृष्टया लापरवाही पाई गई है। इसी को देखते हुए उन्हें लाइन हाजिर किया गया है।

### संजीव कुमार को नगर थाने की कमान

चुनाव आयोग के निर्देश के बाद नगर थानाध्यक्ष की कमान संजीव कुमार को दी गई है। डीएम ने लाइन हाजिर किए गए अश्विनी कुमार तिवारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की भी आयोग को अनुशंसा की है। बड़ा तेलपा बूथ पर सोमवार को हंगामा एवं पथराव के बाद मंगलवार को चुनावी हिंसा की हुई वारदात को लेकर चुनाव आयोग ने सारण के जिलाधिकारी से रिपोर्ट मांगी है। तेलपा बूथ संख्या 318, 319 पर हुए मतदान की विस्तृत जानकारी से भी अवगत कराने का आयोग ने कहा है।

मतदान के दिन सारण संसदीय क्षेत्र के जिला मुख्यालय के समीप स्थित एक ही भवन में स्थित दो मतदान केंद्र अचानक चर्चा में आ गए। आरजेडी प्रत्याशी रोहिणी आचार्य के सोमवार को मतदान केंद्र पर पहुंचने के बाद बवाल एवं पथराव हुआ था। उनके साथ अभद्र भाषा का भी इस्तेमाल किया गया था। इस मतदान केंद्र पर आरजेडी और बीजेपी दोनों दलों के मतदाताओं की अच्छी खासी संख्या है। दोनों पार्टी के समर्थक मतदान केंद्र पर सुबह से लेकर शाम तक डटे रहे। रोहिणी यहां जब दो से ज्यादा बार पहुंचीं तो बीजेपी समर्थक भड़क गए। बूथ नंबर 31 प्राथमिक विद्यालय बड़ा तेलपा मठिया महाबीर स्थान दांया भाग में कुल वोटर 985 है। महिला मतदाता 437, पुरुष 548 हैं। मतदान में 548 लोगों ने भाग लिया। बूथ नंबर 319 प्राथमिक विद्यालय बड़ा तेलपा मठिया महावीर स्थान बांया भाग में कुल वोटर 735 हैं। महिला वोटर 343 हैं। पुरुष-392 है।



# बहनों के खाते में टकाटक जाएंगे एक लाख रुपये : तेजस्वी

**मीनापुर/सरैया, एजेंसी।** मीनापुर हाईस्कूल के मैदान में मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने चुनावी सभा की। इसमें कहा कि केंद्र में इंडी गठबंधन की सरकार बनी तो गरीब बहनों को प्रत्येक साल एक लाख रुपये मिलेगा। यह राशि उनके खाते में टकाटक जाएगी। दस किलो अनाज और 500 रुपये में गैस सिलेंडर के साथ 200 यूनिट बिजली फ्री में दी जाएगी। किसानों को दस फसलों पर एमएसपी और एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी मिलेगी। वैशाली से राजद उम्मीदवार विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला के समर्थन में हुई सभा में कहा कि यदि महागठबंधन की सरकार होती तो चांदपरना में अब तक पुल निर्माण का काम शुरू हो गया होता। इसके लिए 109 करोड़ रुपये का डीपीआरओ बनकर तैयार है। अपने 17 महीने के कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि पांच लाख लोगों को नौकरी दी। मानदेय बढ़ाया, आईटी और टूरिज्म पॉलिसी बनाया। अस्पताल में छापा मारा, ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। वहीं, सरैया में एक स्कूल के मैदान में हुई सभा में कहा कि भाजपा के शासन में लोकतंत्र खतरे में है। इसको बचाने के लिए एकजुट होने की जरूरी है। महंगाई, बेरोजगारी से जनता परेशान है। पीएम ने कहा था कि बिहार को विशेष पैकेज देंगे, 15 लाख रुपये हर व्यक्ति के खाते में देंगे, मोतीपुर चीनी मिल चालू करा देंगे, पताही हवाई अड्डा से विमान सेवा शुरू करा देंगे, किसानों का आय दोगुना कर देंगे, सबको पक्का मकान देंगे।

# पहले गोलीबारी करवाओ, फिर घड़ियाली आंसू बहाओ– छपरा बवाल को लेकर रोहिणी आचार्य पर भड़के मांझी



**छपरा, एजेंसी।** बिहार के छपरा (सारण) में आरजेडी और बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच हुई चुनावी हिंसा पर सियासत गर्म है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं हिंदुस्तान आवाम मोर्चा (हम) के संरक्षक जीतनराम मांझी ने सारण से राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) प्रत्याशी रोहिणी आचार्य पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरजेडी ने पहले लोगों को भड़काकर गोलीबारी करवाई। इसके बाद घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। मांझी ने सीएम नीतीश कुमार से रोहिणी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। बता दें छपरा में मतदान के बाद हुए बवाल में गोली लगने से एक आरजेडी समर्थक की मौत हो गई और दो घायल हो गए। पूर्व सीएम जीतनराम मांझी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मंगलवार को इस मामले पर पोस्ट शेयर किया। उन्होंने आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य का नाम लिए बिना कहा कि ये दोहरा चरित्र नहीं चलेगा। खुद गोलियां चलवा कर सरकार पर तोहमत लगा रहे हैं। उन्होंने लिखा कि छपरा गोलीकांड को भड़काने वाली सिंगापुर की एलपीवाई एंड कंपनी पर कड़ी कार्रवाई की जाए। जिससे उन्हें पता लग जाए कि कानून का राज किसे कहते हैं। बता दें कि सारण लोकसभा सीट पर सोमवार को पांचवें चरण में मतदान के दौरान एक बूथ पर आरजेडी और बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई थी। आरजेडी प्रत्याशी रोहिणी आचार्य छपरा के तेलपा में एक बूथ पर पहुंचीं। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने इसका विरोध किया। इस दौरान जमकर नारेबाजी हुई। बूथ के बाहर सड़क पर दोनों पक्षों के कार्यकर्ता भिड़ गए। पत्थर और लाठी-डंडे भी चले। अगले दिन मंगलवार को सुबह इसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों में फिर भिड़ंत हो गई।

# पूर्व बीजेपी नेता और साध्वी की पीट-पीटकर हत्या

## पटना में साधु के कपड़े उतारकर वीडियो बना रहे थे 4 युवक, बचाने गईं तो हमला किया



**पटना, एजेंसी।** पटना के खुसरूपुर में राम जानकी मंदिर मठ में सोमवार की रात मुख्य साध्वी सीता सहचर (60) की गांव के 4 भाइयों ने पीटकर हत्या कर दी। मठ के साधु ने बताया कि गांव के ही कुछ लोग मठ के पास गांजा पी रहे थे। उन्होंने मना किया तो उनके कपड़े उतारने लगे और मोबाइल से वीडियो बनाने लगे।

उनके चिल्लाने की आवाज सुनकर साध्वी वहां आईं तो चारों में उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। मामला फुलवरिया गांव का है। घटना को लेकर इलाके में तनाव है। मामले में खुसरूपुर थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

साध्वी सीता सहचरी को हॉकी प्लेयर भी थीं। उन्हें हॉकी में शील्ड और ट्रॉफी मिल चुकी है। वे 2001 से 2010 तक लगातार भाजपा की कार्यकर्ता भी रही हैं। सीता सहचरी बाढ़ जिले में महिला मोर्चा, जिला मंत्री के पद पर रही हैं।

### साधु का सिर भी फटा

मारपीट में घायल साधु ने बताया कि बीती रात करीब 10 बजे मैं मंदिर मठ के बाहर निकला था। कुछ लड़के गांजा पी रहे थे। मैंने मना किया तो मेरे कपड़े उतार दिए। 2 लड़के मोबाइल से इसका वीडियो बनाने लगे। बोल रहे थे इसे वायरल कर देते हैं। उन्होंने मेरे साथ मारपीट भी की। मेरे विरोध करने पर उन लोगो ने मेरे सिर पर हमला किया, जिससे मेरा सिर फट गया। इधर, घटना की सूचना मिलते ही साध्वी सीता भी दौड़ी-दौड़ी आईं। इस बीच साध्वी से मारपीट की गई।

### जमीन पर गिरने से मौत

मारपीट के दौरान जमीन पर गिरने से उनकी मौत हो गई। इस बाबत फौरन खुसरूपुर थाने को सूचित किया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया।

इस घटना को मठ के पास के ही एक ही परिवार के चार भाइयों ने अंजाम दिया है। साधु शरण शास्त्री ने बताया कि रात्रि में घटना स्थल पर डायल 112 की पुलिस टीम पहुंची थी, जिसके बाद से ही सारे आरोपी फरार हैं।

# नप फर्जीवाड़े की जांच को टीम गठित, बर्खास्त सहायक टैक्स दरोगा सह नाजिर के पैनकार्ड से जुड़े बैंक अकाउंट की होगी जांच



**नालंदा, एजेंसी।** नगर परिषद राजगीर के बर्खास्त सहायक टैक्स दारोगा सह नाजिर प्रमोद कुमार ने वित्तीय फर्जीवाड़ा किया था। जिसकी जांच जिलास्तरीय जांच कमेटी ने शुरू की है। डीएम शशांक शुभंकर ने बिहारशरीफ नगर निगम आयुक्त की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। नगर आयुक्त के अलावे इस जांच कमेटी में सहायक राज्य कर आयुक्त और सहायक कोषागार पदाधिकारी शामिल हैं। डीएम ने जांच दल गठित की है। जांच के लपेटे में कौन- कौन आ सकते हैं। इसकी कानाफूसी होने लगी है। कुछ लोग कहते हैं कि इस वित्तीय अनियमितता में प्रमोद कुमार अकेले नहीं, बल्कि और लोग भी शामिल हैं। पंजाब नेशनल बैंक के नगर परिषद नाजीर अकाउंट से 14 लाख रुपए निकासी करते सहायक टैक्स दारोगा सह नाजिर प्रमोद कुमार के पकड़े जाने के बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गया है।

### ट्रांसफर मनी की भी होगी पड़ताल

### अकाउंट में धन कहां से कब-कब आया जांच होगी

नगर परिषद के फाइनेंशियल कस्टोडियन नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी होते हैं। बावजूद किस परिस्थिति में या किसी उद्देश्य से नगर परिषद नाजीर के नाम से बैंक में अकाउंट खोला गया है। इस आशय की भी जांच, जांच दल करेगा। नगर परिषद नाजीर अकाउंट में धन कहां से कब-कब आया और उस अकाउंट से कब-कब धन निकाला गया है। उस खाते से किस-किस को मनी ट्रांसफर किया गया है। इस बिन्दुओं पर भी जांच की जा रही है। इन सब के बाद तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी पर भी अंगुलियां उठने लगी है। चर्चा है कि नगर परिषद नाजीर के अकाउंट से कुछ लोगों को खाते में भी पैसा ट्रांसफर किए गए हैं। यदि यह सत्य है तो किस काम के लिए किसको कितना पैसा ट्रांसफर किया गया है। इसकी भी पड़ताल की जाएगी। यह तो जांच पदाधिकारी ही बता सकते हैं।

### पैन कार्ड से जुड़े सभी खातों की जांच की जा रही है

सूत्रों की माने तो डीएम के गठित जांच दल ने नगर परिषद के बर्खास्त सहायक टैक्स दारोगा सह नाजिर प्रमोद कुमार के पैन कार्ड से जुड़े सभी खातों की जांच की जा रही है। प्रमोद कुमार के पैन नंबर से किस किस बैंक में कितने खाते का संचालन किया जा रहा है। उन खातों में कब-कब कितना धन जमा-निकासी किया गया है। उन खातों से किन-किन लोगों को धन ट्रांसफर किया गया है। सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।



# सुसाइड मामले में पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे पप्पू यादव

**अररिया, एजेंसी।** अररिया के ताराबाड़ी थाना के हाजत में जीजा-साली की मौत के बाद पीड़ित परिवार से मिलने के लिए पूर्व सांसद पप्पू यादव पहुंचे। परिवार को आर्थिक रूप से मदद किया। वहीं मौके पर मौजूद पत्रकारों से बात करते हुए पप्पू यादव ने कहा कि सामाजिक मामलों को सामाजिक स्तर पर ही समाप्त करना चाहिए। वहीं सीसीटीवी फुटेज को देख कर कहा कि ऑन ड्यूटी अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

पुलिस की लापरवाही के कारण दोनों की मौत हुई है। मामले को लेकर एसपी और डीआईजी से बात करने की बात उन्होंने कही। इसके साथ ही घटना का पूरा सीसीटीवी फुटेज जारी करने की भी मांग की। इसके अलावा घटना की जांच गंभीरता से करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को लेकर भी चर्चा किया।



# युवक की मौत के बाद पुलिस पर पथराव, गाड़ी फूंकी, 2 जवान घायल

## पटना पुलिस पर वसूली का आरोप, एक महीने पहले हुई थी शादी

**पटना, एजेंसी।** पटना के दानापुर के शाहपुर थाना क्षेत्र में उसरी पुल पर लोडेड ट्रैक्टर नाला में पलट गया। हादसे में चालक की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने जमकर बवाल काटा। पुलिस टीम पर पथराव कर दिया। गाड़ी में भी आग लगा दी। पथराव में दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। जिन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। मृतक चालक की पहचान शाहपुर निवासी पप्पू यादव के बेटे रोशन कुमार(20) के रूप में हुई है। एक महीने पहले ही उसकी शादी हुई थी। मृतक के भाई मंटू कुमार ने बताया कि रोशन कुमार रोड़ा लेकर उसरी की ओर जा रहा था। पुल पर पुलिस की गश्ती टीम पैसे वसूल रही थी। पैस मांगने पर चालक सराय की ओर गाड़ी की ओर भागने लगा। इस दौरान उसरी पुल पर गाड़ी बड़े नाला में पलट गई। ट्रैक्टर के नीचे दबने से उसकी मौत हो गई। क्रेन की मदद से शव को बाहर निकाला गया। पुलिस पर पथराव और पुलिस जीप को आग को हवाले करने के मामले में शाहपुर पुलिस ने 19 लोगो को मंगलवार की रात हिरासत में लिया था। इसमें लगभग 15 लोगो के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी की जा रही है।

### आक्रोशित भीड़ ने काटा बवाल

रोशन की मौत के बाद लोग आक्रोशित हो गए। पुलिस टीम पर पथराव कर दिया। इस दौरान पुलिस ने 2 से 3 राउंड फायरिंग भी की, लेकिन विरोध करने पर सुरक्षाबलों को पीछे हटना पड़ा। परिजनों ने पुलिस वाहन में आग लगा दी। इस दौरान आक्रोशित भीड़ ने गोलगप्पे वाले की भी पिटाई कर दी और उसका ठेला पलट दिया।

**एक दर्जन से अधिक लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया :** घटना की सूचना पर एएसपी दीक्षा, एसडीओ प्रदीप सिंह, थानाध्यक्ष पीके भारद्वाज समेत पुलिस टीम मौके पर पहुंची। हंगामा कर रहे लोगों पर लाठीचार्ज किया गया। एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत लिया है। मौके पर शाहपुर, दानापुर, रूपसपुर और खगौल पुलिस कैंप कर रही है।

### दो सिपाही जख्मी हुए

एएसपी दीक्षा ने बताया कि ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत हो गई थी। जिसको लेकर परिजनों और स्थानीय लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। दो सिपाही जख्मी हुए हैं। एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रहा है।

### सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही पुलिस

शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेजा गया है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। पुलिस की ओर से कोई फायरिंग नहीं की गई है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# मौसम की मार

भारत में इन दिनों मौसम चिंता की एक वजह बना हुआ है। मौसम के मिजाज में खासा अंतर दिख रहा है। कहीं भयानक लू है, तो कहीं वर्षा से सामान्य जनजीवन प्रभावित है। दिल्ली में तो अस्थिर किस्म का मौसम है, कभी खूब गरमी, तो कभी राहत की कुछ फुहारें। मुंबई का भी ऐसा ही हाल है। तापमान एक दशक का रिकॉर्ड तोड़ रहा है, तो कहीं बारिश राहत बन बरस रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, अगले कुछ दिनों में उत्तर भारतीय राज्यों में गंभीर गरमी का एहसास होगा। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, इसका मतलब है कि कमजोर स्वास्थ्य के लोगों को विशेष रूप से सावधान रहना होगा। जो लोग बदलते मौसम के साथ कमजोरी महसूस करते हैं या पहले से ही बीमार हैं, उन्हें विशेष रूप से गरमी से बचने के इंतजाम करने पड़ेंगे। साथ ही, जो लोग स्वस्थ हैं, उन्हें भी धूप से बचने के प्रबंध के साथ ही घर से निकलना होगा। मौसम विभाग ने यह भी बताया है कि उत्तर–पश्चिम भारत में अगले पांच दिनों तक उमस भरी स्थिति रहेगी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। पुन- आगाह किया गया है कि जो लोग कड़ी मेहनत करते हैं या धूप में बहुत समय बिताते हैं, उन्हें गरमी से संबंधित बीमारियों का खतरा अधिक हो सकता है। उत्तर प्रदेश और बिहार में भी पारा सामान्य से काफी ऊपर चल रहा है, जिसका असर घर से खेत तक साफ दिखाई पड़ रहा है। विशेषज्ञों का अनुमान है, आने वाले दिनों में गरमी का कहर जारी रहेगा और यह कुछ जगहों पर समय के साथ बढ़ भी सकता है। झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में भी लोगों को चेताया गया है। कुछ जगहों पर बारिश की संभावना है, पर ज्यादातर इलाके बारिश के लिए तरसेंगे। गरम हवा का स्तर भी कम हो रहा है, जिससे धरती की तपन बढ़ी है। आईएमडी के महानिदेशक एम महापात्रा ने भी बता दिया है कि अगले सात दिन गरमी रहेगी। वैसे, गौर करने की बात है कि मौसम विभाग ने मई महीने में सामान्य से ज्यादा तापमान की भविष्यवाणी पहले ही कर दी थी। एक बड़ी चिंता की बात यह है कि तापमान का असर चुनाव और मतदान पर भी खूब पड़ेगा। मतदान का प्रतिशत अभी भी चर्चा की एक बड़ी वजह बना हुआ है। चुनाव आयोग को मतदान केंद्रों पर भी विशेष प्रबंध करने पड़ सकते हैं, ताकि दूर से मतदान के लिए आया कोई व्यक्ति प्रतिकूल मौसम की वजह से परेशान न हो। सेहत से कमजोर लोगों के लिए ज्यादा बेहतर यही है कि सुबह के समय ही मतदान कर दें। क्या सुबह और शाम के समय मतदान का समय बढ़ाया जा सकता है? अगर ऐसा होता है, तो लोगों को मतदान केंद्रों तक लाने में सुविधा होगी। हालांकि, यह अच्छी बात है कि चुनाव के प्रमुख चार बड़े चरण पूरे हो चुके हैं। दक्षिण भारत में मतदान संपन्न हो चुका है और वहां अनेक इलाकों में गरज के साथ बारिश हो रही है। वैसे, मानसून के रविवार को दक्षिण अंडमान सागर, बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों और निकोबार द्वीप समूह में प्रवेश करने का अनुमान है। यह विडंबना ही है कि मौसम विभाग ने तमिलनाडु के लिए बाढ़ की चेतावनी जारी की है। यह शायद हमारे देश के भूगोल की ही विशेषता है कि जब उत्तर भारत ताप से तप रहा होगा, तब दक्षिण भारत के साथ ही, पूर्वोत्तर भारत झमाझम भीग रहा होगा।

# मौसम जब मौत का कारण बन जाए

(शशि शेखर)

आंख खोलते ही सबसे पहले खिड़की का परदा हटाने की आदत है, ताकि सूरज की रोशनी रात की खुमारी दूर कर सके। आजकल ऐसा नहीं हो पा रहा। शीशे के उस पार सूर्य की उजली किरणों की जगह सिर्फ और सिर्फ वायु प्रदूषण की गहरी मोटी परत दिखाई पड़ती है। मेरे जैसे हजारों आशावादियों के सबेरे इसीलिए इन दिनों आशा की जगह निराशा के प्रतीक बन गए हैं। यह अभिशाप दिल्ली अथवा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र अकेला नहीं भोग रहा, हमारे देश के बड़े हिस्से की हवा जहरीली हो गई है। एक शोध के अनुसार, भारत में हर साल 21 लाख लोग सिर्फ वायु प्रदूषण जनित रोगों से असमय मर जाते हैं। चीन इस मामले में भी हमसे आगे है, पर शेष विश्व की हालत भी कुछ खास अच्छी नहीं। दुनिया में दूषित वायु 51 लाख जीवन लील जाती है। कोरोना के बाद इस रफ्तार में और तेजी आई है। इस वैश्विक महामारी के बाद दुनिया में जीवाश्म ईंधन की खपत में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई। अब यह वायु प्रदूषण का एक बड़ा कारण बन गया है, जिससे तापमान में जबरदस्त बढ़ोतरी हो रही है। यह अकारण नहीं है। गुजरता 2023 सवा लाख साल की लंबी इंसानी सभ्यता के दौर में सबसे गरम साल साबित होने जा रहा है। 'यूनाइटेड नेशन एनवायर्नमेंट प्रोग्राम' (यूएनईपी) के अनुसार, सदी के अंत तक हमारी धरती का तापमान ढाई से तीन डिग्री तक बढ़ सकता है। वह जब बढ़ेगा, तब बढ़ेगा, लेकिन बला की गरमी अभी से लोगों की जिंदगियां लील रही है। बेतहाशा बढ़ती गरमी की वजह से बुजुर्गों की मौत के मामले में पिछले तीन दशकों में 85 फीसदी तक बढ़ोतरी हुई है। इसके चलते लोग जलावतनी तक के लिए मजबूर हो रहे हैं। हालांकि, अभी यह प्रवृत्ति शुरुआती दौर में है, मगर हालात और बिगड़े, तो संसार के तमाम देशों को शरणार्थियों की नई खेप के लिए तैयार रहना होगा। ऐसा नहीं है कि सिर्फ हवा की गुणवत्ता और गरमी पर दुष्प्रभाव पड़ा है, अब हर मौसम चरम पर पहुंचने लगा है। हमारा अपना देश साल के शुरुआती नौ महीनों में लगभग हर दिन मौसमी ज्यादतियों का गवाह बना है। भारतीयों की कुल आबादी में 80 फीसदी लोग ऐसे हैं, जो आए दिन जलवायु असंतुलन से प्रभावित हो रहे हैं। पिछले एक साल के दौरान बेंगलुरु, विशाखापट्टनम और ठाणे जैसे शहर इससे बेतरह आक्रांत हुए। कभी इनको अपनी अच्छी आब-ओ-हवा के लिए जाना जाता था। मौसम का बेमौसमी परिवर्तन सिर्फ हमारे या आपके स्वास्थ्य पर असर नहीं डाल रहा, बल्कि उसकी मार जेब पर भी पड़ रही है। पिछले साल मौसम की ज्यादती के कारण दुनिया में 360 अरब डॉलर का नुकसान हुआ। अर्थशा्त्रिरयों का अनुमान है कि अगर इसे रोकने के लिए तत्काल कदम नहीं उठाए गए, तो अगले 25 से 30 सालों में वैश्विक जीडीपी में सालाना 4.4 फीसदी तक की गिरावट आ सकती है। यह आर्थिक बदहाली भय, भूख और गरीबी को बढ़ावा देगी। नतीजतन, करोड़ों लोगों की जिंदगियां छिन्न-भिन्न हो जाएंगी। यहां यह भी गौरतलब है कि शेष दुनिया की तुलना में दक्षिण एशिया को तीन गुना ज्यादा नुकसान झेलना पड़ सकता है। दुर्भाग्य से हम और आप धरती के इसी बदनसीब हिस्से में बसते हैं। धरती के बाशिंदों के भोजन के लिए किसान को अन्न उपजाना पड़ता है। कृषि के लिए जमीन के बाद अगर कुछ सर्वाधिक जरूरी है, तो वह है जल। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि हम जितना जल धरती से खींचते हैं, उसका 70 फीसदी सिर्फ कृषि कार्यों में लग जाता है। यही हाल रहा, तो अगले दो सालों में दुनिया अकल्पनीय भूजल संकट से दो-चार होने जा रही है। हमारे अपने देश भारत के तमाम महानगर अभी से इस संकट से दो-चार हो रहे हैं। वह दिन दूर नहीं, जब हमें पानी की राशनिंग और उसकी कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी का सामना करना पड़ सकता है। गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र, कावेरी, कृष्णा और गोदावरी जैसी सदानीराओं के देश की संतानें अभी तक इस मसले पर अनमनी आत्मघाती तंद्रा की जकड़ में हैं। वे इतनी छोटी सी बात भूल गई हैं कि सिर्फ 1990 के दशक तक मंझोले-छोटे शहरों और गांवों में कोई बोतल बंद पानी खरीदने की सोच भी नहीं सकता था। भारत में बोतल बंद जल का पहला प्लांट वर्ष 1965 में ठाणे में स्थापित किया गया था। तब किसी ने सोचा भी न था कि गंगा-यमुना के देश में पांच दशक बीतते न बीतते वह हमारी जिंदगी की जरूरत बन जाएगा। मुफ्त और शुद्ध पेयजल तेजी से अतीत की बात होता जा रहा है। रही बात कल-कल बहती नदियों की, तो वे खुद इतिहास का विषय बनती जा रही हैं। समूची दुनिया की नदियों के बहाव में कमी दर्ज की जा रही है। वे तेजी से अपना रास्ता भी बदल रही हैं। पिछले वर्ष नदियों के सामान्य प्रवाह में पचास फीसदी से अधिक परिवर्तन दर्ज किया गया है। इसके साथ ही साठ फीसदी जलाशयों में कम या सामान्य प्रवाह दर्ज किया गया। क्या अब भी कोई मानेगा कि यह संकट आज नहीं, तो कल खुद-ब-खुद खत्म हो जाएगा? यहां एक आश्चर्यजनक तथ्य से भी आपको रू-ब-रू कराना चाहूंगा। समूची दुनिया में जैसे-जैसे आर्थिक असमानता बढ़ रही है, वैसे-वैसे ही धनकुबेरों द्वारा कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ रहा है। एक शोध के अनुसार, दुनिया के एक फीसदी अमीर जितना कार्बन उत्सर्जन एक वर्ष में करते हैं, उतने के लिए समूची धरती के निर्धनों को पंद्रह सौ वर्ष काम करना होगा। यही वैषम्य अमीर और गरीब मुल्कों के बीच में भी पाया जाता है। आज जो विकसित देश विकासशील देशों पर तरह-तरह के अंकुश डालना चाहते हैं, वे ही मुख्य तौर पर इस वैश्विक आपदा के जिम्मेदार हैं। हालांकि, अब दोष देने का नहीं, बल्कि युद्ध-स्तर पर काम करने का समय आ गया है। भरोसा न हो, तो किसी सुबह उठकर घर से बाहर निकलिए और गहरी सांस लेने की कोशिश कीजिए, आपको सब समझ में आ जाएगा। हम प्रकृति की पैदाइश हैं। हमें बचाए और बनाए रखने के लिए उसने पानी, हवा, उजाला, वृक्ष और फसलें उपलब्ध कराई, अगर आज वे खतरे में हैं, तो मान लीजिए कि आप सर्वाधिक संकट में हैं।

> *कृषि के लिए जमीन के बाद अगर कुछ सर्वाधिक जरूरी है, तो वह है जल। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि हम जितना जल धरती से खींचते हैं, उसका 70 फीसदी सिर्फ कृषि कार्यों में लग जाता है। यही हाल रहा, तो अगले दो सालों में दुनिया अकल्पनीय भूजल संकट से दो-चार होने जा रही है। हमारे अपने देश भारत के तमाम महानगर अभी से इस संकट से दो-चार हो रहे हैं।*

# लू के थपेड़ों से जिंदगी की जंग हार है जाते हैं डेढ़ लाख से अधिक लोग

(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा)

हीटवेव और उसकी अवधि अब संकट का नया कारण बनती जा रही है। आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में सामने आया है कि भारत के साथ ही चीन और रुस में हीटवेव के कारण सर्वाधिक मौत हो रही है। बात भले ही अजीब लगे पर यह सचाई है कि लू के थपेड़ों से डेढ़ लाख से अधिक लोग जिंदगी की जंग हार जाते हैं। वैसे तो दुनिया के सभी देश इससे प्रभावित हो रहे हैं पर भारत, रुस और चीन इससे सर्वाधिक प्रभावित हैं। प्रकृति का अत्याधिक और अंधाधुंध दोहन का परिणाम सामने आने लगे हैं। ऐसा नहीं है कि धरती के बढ़ते तापमान से दुनिया के देश चिंतित ना हो या इससे बेखबर हो पर इसे संतुलित करने के प्रयासों में जो लक्ष्य हासिल किया जाना था वह अभी दूर की कोड़ी ही सिद्ध हो रहा है। हालात बेहद चिंतनीय और गंभीर है। भारत के साथ-साथ ही दुनिया के देश अब जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से दो चार होने लगे हैं। बेमौसम बरसात, तेज गर्मी, तेज सर्दी, आए दिन तूफानों का सिलसिला, भू स्खलन, सुनामी, ग्लेसियरों से बर्फ का तेजी से पिघलना, भूकंपन, जंगलों में आए दिन दावानल और ना जाने क्या-क्या दुष्परिणाम सामने आते जा रहे हैं। हालात तो यहां तक होते जा रहे हैं कि मौसम के समय व अवधि में भी तेजी से बदलाव होता जा रहा है। कब बरसात आ जाएं तो कब तेज गर्मी और कब सर्दी के तेवर तेज या कम हो जाते हैं यह पता ही नहीं चल रहा है। सबसे चिंतनीय बात यह है कि हीटवेव की चपेट में आने से लोगों की मौतों में तेजी से इजाफा होने लगा है। देखा जाए तो यह हीटवेव मौत का कारण बनने लगी है। हीटवेव और उसकी अवधि अब संकट का नया कारण बनती जा रही है। आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में सामने आया है कि भारत के साथ ही चीन और रुस में हीटवेव के कारण सर्वाधिक मौत हो रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के देशों में केवल लू के थपेड़ों की लपेट में आने से एक लाख 54 हजार से अधिक व्यक्ति अपनी जान गंवा देते हैं। प्रति दस लाख में से 236 व्यक्तियों की मौत हीटवेव के कारण हो रही है। रिपोर्ट की माने तो इनमें से हर पांचवां जान गंवाने वाला व्यक्ति भारतीय है। यह अपने आप में चिंतनीय और गंभीर है। यह अध्ययन भी 43 देशों के 750 स्थानों के तापमान के अध्ययन के आधार पर है। अध्ययन कर्ताओं के अनुसार पिछले 30 सालों में हीटवेव के कारण मौत के आंकड़ें में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। भारतीय मौसम विभाग की माने तो पूर्वी भारत में 1901 के बाद सर्वाधिक गर्मी इस साल अप्रैल में रिकॉर्ड की गई है। प. बंगाल में 2015 के बाद अप्रेल में सर्वाधिक लू के थपेड़ों को झेलना पड़ा है। इस तरह के कमोबेस हालात दुनिया के अधिकांश देशों में देखे जा सकते हैं। हालात तो यहां तक होते जा रहे हैं कि समुद्र का जल स्तर बढ़ता जा रहा है और उसके परिणाम स्वरुप समुद्र के किनारे बसे शहरों का अस्तित्व तक संकट में आने लगा है। दरअसल यह सारी समस्या मानव जनित समस्या है। अधांधुंध शहरीकरण, पेड-पौधों के जंगलों के जगह लोह कंक्रिट के खड़े होते जंगल, जन संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी और कार्बन् उत्सर्जन में लगाम लगाने में विफलता के परिणाम सामने आते जा रहे हैं। जैविक विविधता प्रभावित होती जा रही है। आधुनिकीकरण के नाम पर नित नए प्रयोग होने लगे हैं। जलवायु को प्रभावित करने वाले उत्पादों का उपयोग बेतहासा बढ़ा है। दुर्भाग्यजनक हालात यह है कि जिस उत्पाद को हम आज उपादेय बता रहे हैं एक समय बाद वहीं उत्पाद से होने वाले नुकसान गिनाने लगते हैं। दूसरी और वातावरण की नमी को समाप्त कर तापमान बढ़ाने में इन उत्पादों की खास भूमिका हो रही है। इन सबके साथ ही इंसानी गतिविधियों में बदलाव होने के साथ ही दखल बड़ा है। एक समय था जब बड़े जोर शोर के साथ पोलिथीन को उतारा गया।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5378

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | | 9 | | 8 |
| | 3 | | 1 | 7 | | | | 4 |
| | | | | | 6 | | | |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | | 3 | | |
| | | 3 | | 1 | | 4 | | |
| | | 1 | | 3 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| | | | 4 | | | | | |
| 9 | | | | 5 | 1 | | 4 | |
| 4 | | 5 | | | | 1 | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

## सुडोकू पहेली क्र. 5377

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 6 |
| 6 | 3 | 9 | 5 | 1 | 2 | 4 | 7 | 8 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 9 | 2 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 9 | 8 | 6 | 1 | 5 |
| 9 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 5 | 1 | 9 | 8 | 4 |

## वर्ग पहेली 5378

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | | 6 |
| 7 | | | 8 | | | | |
| | | 9 | | | | 10 | |
| 11 | 12 | | | | 13 | | |
| 14 | | 15 | | 16 | | | |
| | 17 | | | | | 18 | 19 |
| 20 | | | | 21 | 22 | | |
| 23 | | | | | 24 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. अफ्रीका का यह देश एक प्रजातंत्र राज्य है जिसे 1 जुलाई 1960 को गणराज्य घोषित किया गया (2)
3. जम्मू-कशमीर में 4054 मीटर की ऊंचाई पर स्थित हिंदुओं का तीर्थ स्थल (5)
7. ऐसा वाद्य जिसमें तार लगे हो, वही, वह, उस, उसी (2)
8. सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर की जन्मस्थली मध्यप्रदेश के इस अंचल में स्थित है (3)
9. मन की कल्पना, विचार, ख्याल (3)
10. पुराणानुसार एक दैत्य का नाम जिसे श्रीकृष्ण ने अपनी बाल्यावस्था में मारा था, बगला नामक पक्षी (2)
11. फन, हुनर (2)
13. बुहारना, पोछना, चलता करना (3)
14. सिख संप्रदाय के आदि गुरू (3)
16. लहर, उमंग, तरंग, झूमने का भाव (3)
17. उत्पात, उपद्रव, खलबली (4)
18. इंसाफ, फैसला (2)
21. मध्यप्रदेश का एक प्रसिद्ध रेलवे जंक्शन, प्रसिद्ध अभिनेता प्रदीप कुमार की अभिनेत्री बेटी (2)
23. चप्पू (4)
24. कलिंद पर्वत से निकलने के कारण यमुना नदी का एक नाम (3)

**ऊपर से नीचे**(2)

1. हमला करने का अवसर देखना (5)
2. हजरत मुहम्मद की छंदोबद्ध स्तुति (2)
3. कृष्ण पक्ष की अंतिम तिथि (4)
4. रगड़ना, घिसना (3)
5. अत्यंत महीन कण, सूजी (2)
6. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना (4)
10. दूल्हा-दुल्हन को यह भी कहा जाता है (4)
12. तिरस्कारपूर्ण बात, भर्त्सना, धिक्कार (3)
13. गाए जाने वाले वेदमंत्र (2)
15. शास्त्रीय संगीत में एक ताल (4)
16. छिछली गोल तथा छोटी थाली (3)
19. हरजत मूसा के धर्म का अनुयायी (3)
20. स्वयं, स्वतः, खुद (2)
22. किसी नगर या कस्बे में प्रवेश द्वार (2)

## वर्ग पहेली 5377 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | त | र | प्र | दे | श | | वा |
| प | | म | जा | | म | द | न |
| न | | क | | द | शा | | र |
| य | मु | ना | | ल | द | ना | |
| न | | | लू | | बे | टा | |
| सं | ता | न | | सा | ग | | ब |
| स्का | | म | र | ह | म | | हु |
| र | ह | न | | स | | भा | त |

# आज का राशिफल

### मेष
आज आपको लाभ होगा। किसी अधिकारी या फिर व्यापारी से आपका विवाद हो सकता है। इसलिए सावधान रहें। अपने कार्य कौशल से आप शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। आज आप घर के जरूरत के सामान की शॉपिंग करने जा सकते हैं। शुभ व्यय होगा। बेहतर होगा कि दाम्पत्य जीवन में सरसता बनाए रखें, समाज में सम्मान बढ़ेगा।

### वृष
आज का दिन शुभ है और आज आपको लाभ होगा। आज आपकी कोई पुरानी महत्वाकांक्षा पूर्ण होगी और ऑफिस में सहयोगियों के साथ आपके संबंध पहले से और मधुर होंगे। दोपहर बाद उच्चाधिकारी से वाद विवाद होने की आशंका है। किसी विवाद में पड़ने से बचें और खुद पर नियंत्रण रखें। शाम के वक्त किसी योजनापूर्ति से आपको लाभ होगा।

### मिथुन
आज राजनीतिक मामलों में भी आपको भाग्य का साथ मिलेगा। दोपहर के बाद किसी कार्य में कुछ नया करने की रूपरेखा बनेगी। पुण्य कार्य से आपको लाभ होगा और अभिष्ट सिद्धि मिलेगी। रात में परिवार के लोगों के साथ किसी मांगलिक कार्यक्रम में जा सकते हैं।

### तुला
आज आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। भाग्य में वृद्धि होगी और बिजनस में पार्टनर्स का सहयोग मिलेगा। जीवनसाथी और व्यापार में साझेदारों का सहयोग मिलेगा। सद्कार्यों में रुचि बनी रहेगी। नौकरीपेशा लोगों की तरक्की होगी और आपको कुछ नए अवसर आज मिल सकते हैं। मन को शांति मिलेगी। अत्यधिक श्रम से थकान हो सकती है, सावधान रहें।

### वृश्चिक
आज का दिन मिलाजुला होगा। कुछ मामलों में आपको लाभ होगा तो कुछ मामलों में हानि हो सकती है। जरूरी कार्यों में सजगता बरतें। पदोन्नति के अवसर मिलेंगे। आपको आज कुछ नए काम पर फोकस करना पड़ेगा। आपको भाग्य का साथ मिल रहा है और कारोबार में आपको अच्छा मुनाफा होगा। संकल्पित कार्य सिद्ध होंगे।

### धनु
आज आपके लिए सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य आपको मिलेगा और आपके धन में वृद्धि के योग हैं। आपके व्यवसायिक प्रयास फलीभूत होंगे। मान प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी और कोई मनपसंद कार्य आपको करने को मिलेगा। किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने की आशंका है। इसलिए इस मामले में सतर्क रहें।

### कर्क
आज का दिन विपरीत प्रभाव वाला हो सकता है और आप हर मामले में सावधान रहें तो आपके लिए अच्छा होगा। अपने धैर्य और मृदु व्यवहार से वातावरण को हल्का करने में कामयाब होंगे। आपको प्रिय व्यक्ति की मदद करने के कारण कुछ परेशानी हो सकती है और आपका काम करने में मन नहीं लगेगा। रात का समय आनंद में बीतेगा।

### सिंह
आज किसी नई डील से अचानक धन का लाभ होगा। घर में संतान की अचानक तबीयत खराब होने से तनाव बढ़ सकता है और आपको दौड़भाग करनी पड़ सकती है। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करते समय या गाड़ी चलाते समय टेंशन से दूर रहें, वरना आपको गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। किसी स्पेशल स्कीम का हिस्सा न बनें, जोखिम के काम से दूर रहें।

### कन्या
आज आपका दिन दूसरों की मदद करने में बीतेगा और ऐसा करने से आपको आत्मसंतुष्टि मिलेगी। इस सुख की तुलना किसी दूसरे सांसारिक सुख से नहीं हो सकती। ऑफिस में आपके अधिकारों में वृद्धि होने के कारण साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है।

### मकर
आज आपको कारोबार में लाभ के साथ उत्तम संपत्ति मिलने के संकेत हैं। समाज में आपकी मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। आज काम का बोझ आपके ऊपर अधिक रहेगा और दूसरों के हिस्से के कार्य भी आपको करने पड़ सकते हैं। शाम तक आपको पुराने मित्रों के मिलन से प्रसन्ता होगी। मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### कुंभ
आज भाग्य का साथ मिलेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपको किसी महान सफलता के मिलने से हर्ष होगा। अचानक से बड़ी मात्रा में रुपया हाथ में आने से संतोष होगा। दिन के उत्तरार्ध में पिछले चार दिनों से चले आ रहे विवाद का अंत होगा। कहासुनी को बातचीत से सुलझा लें। रात का समय सैर सपाटे में व्यतीत करें।

### मीन
आज आपको संतान की ओर से सुख और हर्ष मिलेगा। दिन अच्छा है, जिन यंगस्टर्स ने अभी अपने करियर की शुरुआत की है, उन्हें आज अपने ऑफिस में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शाम का वक्त दोस्तों के साथ मौज में बीतेगा। कहीं सैर सपाटे पर भी जा सकते हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा डी.बी. कॉर्पो. लि., प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटवा, थाना-रातू, जिला-रांची (झारखंड) में मुद्रित एवं 204, निर्मला इन्कलेव अपार्टमेंट, रानी बागान, बरियातु, रांची (झारखंड) से प्रकाशित | संपादक- साकेत कुमार, मो.-9934957121, 7766886433 | E-mail : svvjh123@gmail.com | website : www.sonvarshavani.com

## बिजली कटौती से किसान परेशान, सूखने लगी फसल

**कन्नौज , एजेंसी।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में अंधाधुंध बिजली कटौती व लो वोल्टेज से भीषण गर्मी में लोगों का हाल बेहाल हो गया। बिजली न मिलने से फसलें भी सूखने लगीं हैं। बिजली विभाग के प्रति लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

भीषण गर्मी में बिजली कटौती के साथ ही लो वोल्टेज की समस्या से लोगों का जीना मुश्किल हो गया। रविवार सुबह दो बजे गायब हुई बिजली दोपहर एक बजे आई। कुछ देर बाद फिर गायब हो गई। नगर के लोग पीने के पानी के लिए तरस गए। अंधाधुंध हो रही बिजला कटौती की समस्या के चलते लोगों में बिजली विभाग के खिलाफ नाराजगी बढ़ती जा रही है। सैकड़ों गांवों में पिछले दो माह से पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। जिसके चलते ट्यूबवेल ठप पड़े हुए हैं। पानी न मिलने से किसानों की खरीफ की सैंकड़ों बीघा मक्का, मूंगफली तरबूज आदि फसलें सूख रही हैं। इस संबंध में एसडीओ संत कुमार वर्मा ने बताया कि भीषण गर्मी और ओवरलोडिंग के चलते नगर के चौराहे पर रखे ट्रांसफार्मर की केबलें जल गईं, जिससे नगर की आपूर्ति बाधित हो गई थी। दोपहर तक दुरुस्त कर दिया गया। भीषण गर्मी में लोड अधिक होने और ट्रांसफार्मर के गर्म होने से आपूर्ति में समस्या आ रही है।

**मक्का के खेत में रखें नमी-** एडीओ कृषि रक्षा इकाई रत्नेश दुबे ने बताया कि भीषण गर्मी में तापमान 45 डिग्री से भी ऊपर पहुंच गया है। इस समय अधिकांश मक्का में भुट्टा निकल रहा है और दाने बन रहे हैं। तापमान बहुत अधिक होने से मक्का की फसल में दिक्कत आने की आशंका है। इसलिए मक्का के खेतों में पर्याप्त नमी बनाए रखें। यदि संभव हो तो शाम को फसल की सिंचाई करें। दिन में खेत में भरा पानी गर्म हो जाता है। जिससे फसल खराब होने की ज्यादा आशंका रहती है। इसलिए मक्का के खेतों में पर्याप्त नमी बनाए रखें।

## स्वयं एप पर घर बैठे पसंदीदा विषय की पढ़ाई कर सकेंगे विद्यार्थी

**कन्नौज , एजेंसी।** स्कूलों का ग्रीष्म कालीन अवकाश हो गया है। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से विद्यार्थियों को घर बैठे मनचाहा कोर्स करने की सुविधा दी जा रही है। इसके लिए विद्यार्थियों को स्वयं एप पर पंजीकरण करना होगा। इस एप के माध्यम से सितंबर तक पढ़ाई शुरू हो जाएगी। इससे 11वीं से स्नातक तक के विद्यार्थी विभिन्न विषय के साथ प्रतियोगी परीक्षा की पढ़ाई कर सकेंगे।

कोरोना काल में कई स्कूलों ने ऑनलाइन पढ़ाई कराई थी। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने इस व्यवस्था को लागू कर दिया था, जिसे अब स्थायी कर दिया गया है। विभाग ने स्वयं एप लांच किया है। इसके माध्यम से 11वीं और 12वीं के साथ ही स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थी किसी भी समय हिंदी, गणित, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान आदि विषयों की पढ़ाई कर सकते हैं। एप में विभिन्न विषय के विशेषज्ञों के वीडियो भी अपलोड किए गए हैं।

इससे विद्यालयों में शिक्षकों की कमी से पठन-पाठन न कर पाने वाले विद्यार्थियों को काफी सहूलियत मिलेगी। स्वयं पोर्टल के जरिए आईआईटी, आईआईएम जैसे संस्थानों से सर्टिफिकेट और डिप्लोमा जैसे कोर्सेज भी कर सकते हैं। अब एक नया विकल्प छात्रों को दिया जा रहा है। कॉलेज से ग्रेजुएशन करने वाले छात्रों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर मिल सकेंगे, जो लोग नौकरी कर रहे हैं, वे भी स्वयं प्लस कोर्सेज के जरिए पढ़ाई कर सकेंगे। डीआईओएस डॉ. पूरनसिंह ने बताया कि स्वयं एप के बारे में सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को बताया जा चुका है। एप पर अधिक से अधिक विद्यार्थियों का पंजीकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं। ऑनलाइन शिक्षा के लिए यह एप बच्चों के लिए फायदेमंद होगा।

## सांसद पर की टिप्पणी, सपा नेता पर मुकदमा दर्ज

**कन्नौज, एजेंसी।** भाजपा सांसद सुब्रत पाठक के खिलाफ फेसबुक पर टिप्पणी करना सपा नेता महंगा पड़ा। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष गौरव द्विवेदी की शिकायत पर पुलिस ने सपा नेता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भाजपा जिलाध्यक्ष गौरव द्विवेदी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सपा नेता मोहित यादव ने फेसबुक पर सांसद सुब्रत पाठक के खिलाफ गाली गलौज करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। इनके इस कृत्य से सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की संभावना है। इनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किया जाना अति आवश्यक है। पुलिस ने सपा नेता मोहित यादव के खिलाफ आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया है।



# पूर्वांचल में इंडिया बनाम एनडीए...

### भाजपा ने नया प्रयोग कर अपनाया मॉडल, सपा-कांग्रेस ने भी बनाया खास प्लान

**लखनऊ , एजेंसी।** पूर्वांचल की 27 लोकसभा सीटें अहम हैं। इसके लिए इंडिया और एनडीए ने ताकत झोंक दी है। खास बात यह है कि इसी क्षेत्र में एनडीए गठबंधन में शामिल सुभासपा, निषाद पार्टी और अपना दल की प्रतिष्ठा दांव पर हैं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में भी चुनाव है।

दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन में शामिल तृणमूल कांग्रेस को एक और कांग्रेस को पांच सीटें मिली हैं। इन सीटों को पर कांग्रेस और सपा ने फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों को उतार दिया है। पूर्वांचल की 27 लोकसभा सीटों पर एक-एक वोट का हिसाब रखा जा रहा है।

पश्चिम, मध्य और बुंदेलखंड में चुनाव होने के बाद यहां के ज्यादातर नेताओं को इन्हीं 27 सीटों पर उतार दिया गया है। भाजपा ने वाराणसी में महिला सम्मेलन के जरिए नया प्रयोग किया है तो आसपास की सीटों पर प्रचार का नया मॉडल अपनाया है।

पार्टी की ओर से पूर्वांचल की सीटों पर जल जीवन मिशन, मकान और शौचालय हित अन्य योजनाओं का लाभ पाने वाले लाभार्थियों की ब्लॉकवार सूची निकाली गई है। इस सूची के जरिए मतदाताओं तक पहुंच कर उन्हें समझाने का प्रयास किया जा रहा है। हर विधानसभा को तीन से चार हिस्से में बांट कर वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में बैठकें की जा रही है।

इतना ही नहीं पार्टी ने नई रणनीति के तहत समूह बैठक तय की है। इसमें डॉक्टर, इंजीनियर, कपड़ा कारोबारी, दवा व्यापारी की बैठकें तय की गई हैं। उदाहरण के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत नेताओं को इसी क्षेत्र के लोगों से मिलने का लक्ष्य दिया है।

इसके लिए बाकायदे विधानसभा क्षेत्रवार सूची सौंपी गई है। खास बात यह है कि पिछड़े वर्ग पर ज्यादा फोकस किया गया है। यही वजह है कि पिछड़े वर्ग की जहां जिस जाति की आबादी है, उस क्षेत्र में उसी बिरादरी के नेताओं को भेजा गया है।

भाजपा पिछड़ा वर्ग काशी क्षेत्र के महामंत्री सुभाष कुशवाहा ने बताया कि वाराणसी और आसपास की सीटों पर इटावा, एटा, फर्रूखाबाद, मैनपुरी सहित सैफई के आसपास के यादव नेताओं को उतार दिया गया है। इसी तरह निषाद बहुल इलाके में इसी बिरादरी के नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# चुनाव में पैसा खर्च करने के मामले में दिनेश सिंह से पीछे रह गए राहुल गांधी



**रायबरेली , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में खर्च करने में लगातार आगे रहे भाजपा प्रत्याशी दिनेश सिंह अंत तक पीछे नहीं रहे। मतदान से एक दिन पहले तक चुनाव खर्च में उन्होंने राहुल गांधी को पांच लाख रुपये से पीछे छोड़ दिया। राहुल गांधी ने 40.68 लाख रुपये तो दिनेश सिंह ने 45.63 लाख रुपये खर्च किए। बसपा के प्रत्याशी के अलावा कोई भी प्रत्याशी लाख का आंकड़ा पार नहीं कर सका। बसपा प्रत्याशी ठाकुर प्रसाद यादव ने 2.63 लाख रुपये चुनाव प्रचार में खर्च किए।

लोकसभा चुनाव में एक प्रत्याशी के खर्च करने की अंतिम सीमा 95 लाख रुपये थी। कोई भी प्रत्याशी लिखापढ़ी में इस जादुई अंक को पाने में नाकाम रहा। हालांकि चुनाव में भाग्य आजमा रहे प्रत्याशियों ने भले ही अंदर ही अंदर खर्च करने में कोई कसर नहीं छोड़ी, लेकिन लिखित में तय सीमा की आधी धनराशि भी खर्च नहीं की गई। आठ मई को खर्च का ब्योरा देने के बाद भाजपा प्रत्याशी ने 6.90 लाख रुपये खर्च किए थे। कांग्रेस के राहुल गांधी ने 4.83 लाख रुपये ही खर्च दिखाया था। बसपा के ठाकुर प्रसाद ने 28 हजार रुपये खर्च दिखाया था। मतदान के एक दिन पहले सभी प्रत्याशियों ने खर्च का ब्योरा प्रशासन को उपलब्ध कराया तो स्पष्ट हो गया कि प्रत्येक प्रत्याशी के 95 लाख खर्च के जादुई आंकड़े को कोई भी प्रत्याशी नहीं छू पाया। परिणाम चाहे जो आए, लेकिन इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अंत तक रुपये खर्च करने में अन्य सभी प्रत्याशियों से आगे रहे।

### कड़ी सुरक्षा में स्ट्रांग रूम में रखी ईवीएम

मतदान के बाद गोराबाजार स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में ईवीएम को कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। सुरक्षा कर्मियों के साथ ही पूरे परिसर को सीसीटीवी कैमरे की नजर में रखा गया है। बिना अनुमति किसी के भी प्रवेश पर पूरी तरह से पाबंदी लगाई गई है। स्ट्रांग रूम को चारों ओर से सुरक्षा कर्मियों के जिम्मे सौंपा गया है।

### जिले में 58.12 प्रतिशत मतदान

लोकसभा चुनाव का मतदान होने के बाद सोमवार देर रात स्क्रूटनी का काम पूरा होने के बाद स्थिति साफ हो गई। स्क्रूटनी के बाद जिले में 58.12 प्रतिशत मतदान हुआ है। स्क्रूटनी में 0.08 प्रतिशत मतदान बढ़ा। 2019 में हुए मतदान की तुलना में 1.78 प्रतिशत अधिक मतदान हुआ। पिछले चुनाव में 56.34 प्रतिशत मतदान हुआ था। जिले में 20 मई को मतदान हुआ। शाम छह बजे तक अनुमानित 58.04 प्रतिशत मतदान हुआ। देर रात में ईवीएम जमा होने और मतदान से संबंधित अभिलेखों का मिलान किए जाने के बाद 0.08 प्रतिशत मतदान में बढ़ोतरी हो गई। अंत में 58.12 प्रतिशत मतदान होने की पुष्टि की गई।

जिले के विधानसभा बछरावां में 60.10 प्रतिशत, हरचंदपुर में 60.16 प्रतिशत, सदर में 57.73 प्रतिशत, सरेनी में 55.56 प्रतिशत और ऊंचाहार विधानसभा में 57.31 प्रतिशत मतदान हुआ। एडीएम प्रशासन प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अधिक गर्मी और धूप के बाद भी जिले के वोटरों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जागरूकता अभियान को कहीं न कहीं सफलता जरूर मिली है। इसके लिए जिले के सभी प्रशासनिक व पुलिस के अधिकारी कर्मचारी बधाई के पात्र हैं।

## गर्मी से मामूली राहत, पुरवा हवाओं से कई शहरों में पारा 40 के नीचे



**लखनऊ , एजेंसी।** मौसम विभाग के मुताबिक बुधवार को प्रदेश के पश्चिमी इलाके में मौसम शुष्क रहेगा और लू का प्रकोप भी झेलना पड़ सकता है जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश बारिश-बौछारों के आसार हैं। उरई और झांसी में ही लू रही, जबकि लखनऊ समेत प्रदेश के कई इलाकों में पारा 40 से नीचे आया। मंगलवार को पूरे प्रदेश में एक जैसा मौसम नहीं रहा। कहीं भीषण गर्मी तो रही तो कई जगह तापमान में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि धूल भरी तेज हवाएं परेशान करती रहीं।

एक तरफ मौसम विभाग बारिश के आसार तो जता रहा है, लेकिन कुछ इलाकों में तीव्र लू चलने की चेतावनी भी दे रहा है। धूल भरी हवाएं 30 से 40 किमी तक की रफ्तार से चल सकती हैं। साथ ही कुछ शहरों में सर्वाधिक गर्म रात हो सकती है। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, पश्चिम यूपी के लिए भी लू व गर्म रात का असर दिखता रहेगा।

मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, जालौन, झांसी, ललितपुर, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, सोनभद्र, मिर्जापुर, फर्रुखाबाद, कानपुर देहात, कानपुर नगर, बागपत, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, एटा, मैनपुरी, इटावा, औरैया, हमीरपुर, महोबा में लू का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

## मामूली विवाद में दो पक्षों में मारपीट, हवाई फायरिंग

कन्नौज , एजेंसी।शहर कोतवाली से एक किलोमीटर दूर मोहल्ला शेखाना में मंगलवार रात मामूली विवाद में दो पक्षों आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों में जमकर गाली गलौज हुआ। एक पक्ष के युवक ने अवैध तमंचे से हवाई फायरिंग करना शुरू कर दिया। जिससे मोहल्ले में भगदड़ मच गई। जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने एक नामजद सहित तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

शहर के मोहल्ला शेखाना निवासी देवेंद्र ने बताया कि सोमवार रात करीब 7:30 बजे वह अपनी भाभी को दवा दिलाने के लिए जा रहा था। इस दौरान मोहल्ला निवासी संजीव ने उसका रास्ता रोक लिया और गाली गलौज शुरू कर दी। वह उसको देख लेने की धमकी देते हुए चला गया। काफी देर के बाद वह घर आया और दरवाजे के सामने भूसा इकट्ठा करने लगा। तभी आरोपी अपने साथियों के साथ आ गया और मोहल्ले में दहशत फैलाने के लिए अवैध तमंचे से करीब छह राउंड हवाई फायरिंग की। इससे मोहल्ले के लोगों में भगदड़ मच गई। लोग खुद को बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। फायरिंग की सूचना पर पुलिस पहुंची, तब तक आरोपी फरार हो गए। कोतवाल दिग्विजय सिंह ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की है।

# बुंदेलखंड में वोटों के बंटवारे से बढ़ी धुकधुकी, चार सीटों पर उम्मीद से कम मतदान; घटेगा हार-जीत का आंकड़ा

**लखनऊ , एजेंसी।** बुंदेलखंड की चारों सीट पर उम्मीद से कम मतदान हुआ है। अलग-अलग इलाके में कहीं सुबह से ही लाइन लगे रहने और कहीं सन्नाटा होने से उम्मीदवारों की धुकधुकी बढ़ गई है। ऐसे में हार-जीत का आंकड़ा बेहद कम होने के साथ ही सियासी समीकरण बदलने से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

झांसी लोकसभा क्षेत्र में पिछली बार 67.68 फीसदी मदतान हुआ था, जिसमें भाजपा को 58.61 और सपा-बसपा और कांग्रेस को मिलाकर 38.36 फीसदी वोट मिला था। इस बार यह आंकड़ा 63.70 फीसदी पर ही अटक गया है। अच्छी बात यह है कि यहां के तीन बूथ पर शत प्रतिशत मतदान हुआ है।

बांदा में 2019 में 60.81 फीसदी मतदान हुए, जिसमें भाजपा 46 फीसदी और सपा-बसपा और कांग्रेस को 47.32 फीसदी वोट मिला था। इस बार 59.64 फीसदी मतदान हुआ है। खास बात यह है कि बांदा में मुस्लिम बहुल इलाके के बूथ पर सुबह से ही भीड़ देखी गई, लेकिन ब्राह्मण बहुल इलाके में उत्साह की कमी रही।



इसे लेकर तरह- तरह की चर्चाएं हैं। हमीरपुर में पिछड़ी बार 62.32 फीसदी की अपेक्षा इस बार 60.56 फीसदी मतदान हुआ है। यहां राठ में 63.05 फीसदी और महोबा में 60.08 फीसदी मतदान हुआ है।

दोनों ही क्षेत्र में लोध मतदाता निर्णायक हैं। जालौन में 58.49 की अपेक्षा इस बार 56.15 फीसदी मतदान हुआ है। माधौगढ़ विधानसभामें सिर्फ 52.80 फीसदी मतदान हुआ है। यह क्षत्रिय बहुल इलाका है।

**पूर्वांचल का चुनावी मिजाज जानेंगे लविवि के विद्यार्थी-** लखनऊ विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थी पूर्वांचल के राजनीतिक समीकरणों को समझेंगे। इसके लिए विद्यार्थियों का एक दल शिक्षकों के निर्देशन में पूर्वी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों का दौरा करेगा और एक रिपोर्ट तैयार करेगा। यह रिपोर्ट विश्वविद्यालय को सीलबंद लिफाफे में सौंपी जाएगी।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में मंगलवार को राजनीति विज्ञान विभाग की विभागीय समिति की बैठक हुई। इसमें एक विस्तृत योजना तैयार की गई। पांच शिक्षकों व चार शोधकर्ताओं की एक टीम, जो अन्य शोधकर्ताओं के समूह नेताओं के रूप में प्रतिनिधित्व करेगी, 25 से 27 मई तक पूर्वी प्रदेश के जिलों का दौरा करेगी। इन जिलों में वाराणसी, चंदौली, मिर्जापुर, गाजीपुर आदि शामिल होंगे। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यार्थियों को इससे राजनीतिक परिदृश्य को समझने और जनता के मूड को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिलेगा। अपने अध्ययन के दौरान शोधार्थी प्रश्नावली के माध्यम से जनता का मिजाज परखेंगे।

# अमेठी में भाजपा-कांग्रेस में कांटे की टक्कर, पल-पल बनते बिगड़ते रहे सियासी समीकरण

**अमेठी, एजेंसी।** अमेठी के सियासी रण का एक अलग अंदाज है। सूबे में पहली ऐसी सीट होगी, जहां पर भाजपा के लिए सपा विधायकों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। यह चुनाव इन विधायकों के राजनीतिक भविष्य में अहम साबित होगा। वजह भी खास है, दोनों सपा विधायक के परिजन खुलकर भाजपा के साथ हैं।

अब जब सोमवार को मतदान संपन्न हो गया है तो मंगलवार को वोटों के गुणा-गणित में अमेठी में भाजपा व कांग्रेस में कांटे का संघर्ष सामने आया। अमेठी से भाजपा की स्मृति जूबिन इरानी, कांग्रेस से किशोरी लाल शर्मा व बसपा से नन्हे सिंह चौहान के साथ ही कुल 13 उम्मीदवार मैदान में हैं।

इस बार का चुनाव हर बार से अलग है। वजह राज्यसभा चुनाव के कारण गौरीगंज के सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह को सपा मुखिया अखिलेश यादव धोखेबाज बता रहे हैं।

विधायक का परिवार भाजपा में शामिल हो चुका है। बीते दिनों सभा करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ ने खुले मंच से सपा विधायक की तारीफ की। विधायक के परिजनों ने खुले तौर पर भाजपा का प्रचार किया।

अंदरखाने से विधायक की सक्रियता इस बार का राजनीतिक समीकरण काफी हद तक प्रभावित भी करेगा। यही तस्वीर अमेठी की सपा विधायक महराजी प्रजापति को लेकर भी उभरी। उनका भी पूरा परिवार भाजपा के लिए वोट मांगते रहा। ऐसे में अब देखना होगा कि इसका कितना असर मतदाताओं पर पड़ा।

**प्रियंका गांधी-** कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के लिए प्रियंका गांधी ने खूब पसीना बहाया। नुक्कड़ सभाएं कीं, रोड शो किया। पिता से लेकर मां व भाई तक के रिश्तों को जोड़ते हुए अमेठी से रिश्ते को मजबूत किया। ऐसे में अमेठी के मतदाताओं से प्रियंका की भावना कितनी जुड़ पाई यह देखना अहम होगा।

**मयंकेश्वर शरण सिंह-** तिलोई विधानसभा में वर्ष 2019 के चुनाव में कुल 55.17 फीसदी वोट पड़े थे। तब भाजपा ने 15 हजार वोटों से बढ़त बनाई थी।इस बार यहां पर 56 फीसदी से अधिक मतदान हुआ है। प्रत्याशी के साथ ही तिलोई विधायक व सरकार में राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह की शोहरत की भी परीक्षा परिणाम के समय होगी।

जगदीशपुर से भाजपा विधायक सुरेश पासी के समक्ष एक बार फिर वर्ष 2019 की बढ़त भाजपा प्रत्याशी के लिए बरकरार रखने की चुनौती है। 2019 के चुनाव में कुल 54.03 फीसदी मतदान हुआ था। भाजपा ने यहां से 17 हजार वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी। इस बार का पलड़ा देखना है कि किधर झुकता है।


### अलग-अलग रहा माहौल

मतदान के दौरान विधानसभा क्षेत्रों का अलग-अलग रुझान रहा। कहीं पर लड़ाई सीधी दिखी तो कहीं पर एकतरफा मतदाताओं ने प्यार लुटाया। कहीं पर कमल का दबदबा दिखा तो कहीं पर पंजे की धमक रही। मंगलवार को कलेक्ट्रेट के सामने मौजूद लोगों के बीच बस एक ही चर्चा थी कि कौन कहां आगे रहा, कौन कहां पीछे। राजनीतिक जानकारों के अनुसार आम तौर पर सभी विधानसभाओं में भाजपा व कांग्रेस के बीच ही मुकाबला दिखा। अमेठी के स्टेशन रोड स्थित चाय की दुकान पर बैठे गुल्ली शुक्ल, राजेश मिश्र, केके सिंह, सौरभ तिवारी, सत्यम कोरी, संतोष शर्मा, लालता सिंह चुनावी चर्चा में व्यस्त दिखे। कोई भाजपा तो कोई कांग्रेस को लेकर चर्चा करते दिखा। कोई कांग्रेस को हरा रहा है तो कोई भाजपा को। अपनी बात को मजबूत साबित करने के लिए कुछ लोग शर्त लगाने तक को भी तैयार रहे। शर्त भी सैकड़े में नहीं बल्कि हजार में। हालांकि इन सब चर्चाओं के बीच सभी को चार जून का बेसब्री से इंतजार हे।



# संजय ने छोड़ी फिल्म वेलकम टू द जंगल

हिंदी फिल्म जवान में कैमियो करते नजर आए संजय दत्त वेलमक फैंचाइजी की तीसरी फिल्म वेलकम टू द जंगल का हिस्सा थे। उन्होंने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी थी, हालांकि अब हेल्थ प्रॉब्लम के चलते उन्होंने फिल्म छोड़ दी है। हाल ही में आई रिपोर्ट के अनुसार संजय दत्त अब अक्षय कुमार, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस स्टारर फिल्म वेलकम टू द जंगल का हिस्सा नहीं हैं। फिल्म मेकिंग से जुड़े एक सूत्र के हवाले से रिपोर्ट में लिखा गया है कि संजय दत्त ने हेल्थ प्रॉब्लम के चलते फिल्म छोड़ी है। संजय दत्त ने कुछ समय पहले ही मड आइलैंड में फिल्म की शूटिंग शुरू की थी। उन्होंने महज एक दिन ही शूटिंग की और फिर फिल्म छोड़ दी। वहीं दूसरी कुछ रिपोर्ट्स की मानें तो संजय 15 दिनों की शूटिंग कर चुके थे। फिल्म वेलकम टू द जंगल में संजय दत्त के कुछ एक्शन सीन होने वाले थे, लेकिन हेल्थ प्रॉब्लक के चलते संजय एक्शन नहीं कर सकते थे। जाहिर है कि मेकर्स अब संजय दत्त के रिप्लेसमेंट की तलाश शुरू करेंगे, जिससे शूटिंग शेड्यूल पर असर पड़ सकता है। दिसंबर 2023 में अक्षय कुमार ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल से फिल्म वेलकम टू द जंगल की अनाउंसमेंट की थी। फिल्म का एक पोस्टर भी जारी किया गया था, जिसमें स्टारकास्ट दिखाई गई थी। पोस्टर के अनुसार फिल्म में अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, संजय दत्त, अरशद वारसी, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, रवीना टंडन, लारा दत्ता, राजपाल यादव अहम किरदारों में हैं। फिल्म को अहमद खान डायरेक्ट कर रहे हैं। 21 दिसंबर 2023 को अक्षय कुमार ने संजय दत्त के साथ फिल्म की शूटिंग की थी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से सेट का एक वीडियो भी शेयर किया था, जिसमें वो घुड़सवारी कर रहे थे, वहीं संजय दत्त बाइक से उनका पीछा कर रहे थे। इस वीडियो के साथ अक्षय ने लिखा था, कितना खूबसूरत संयोग है कि आज फिल्म वेलकम के 16 साल पूरे हो गए और आज ही मैं इस फैंचाइजी की तीसरी फिल्म की शूटिंग कर रहा हूं। वेलकम टू द जंगल और फिल्म मैं संजू बाबा को वेलकम करना भी वंडरफुल है।



# नीना गुप्ता की राह पर चलीं एक्ट्रेस सुमोना चक्रवर्ती

सुमोना चक्रवर्ती ने तकरीबन 18 साल पहले अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने बड़े अच्छे लगते हैं, कॉमेडी नाइट्स विद कपिल', द कपिल शर्मा शो' जैसे कई शोज में काम किया है। इसके बावजूद, उन्हें किसी वक्त बेरोजगारी का सामना करना पड़ा था। सुमोना ने बताया है कि रियल लाइफ में वे इंट्रोवर्ट नेचर की हैं, जिसकी वजह से उन्हें काम नहीं मिलता था। हालांकि, नीना गुप्ता से प्रेरित होकर, वे अब बेझिझक लोगों से काम मांगती हैं। बता दें, सुमोना जल्द ही खतरों के खिलाड़ी 14 में बतौर कंटेस्टेंट नजर आएंगी। दरअसल, पहले भी ये शो ऑफर हुआ था लेकिन अपने पुराने वर्क कमिटमेंट की वजह से मैं हामी नहीं भर पाई। इस बार मेरे पास कुछ काम नहीं था। जैसे ही मेकर्स ने एप्रोच किया, मैंने तुरंत हां कह दिया।

## क्या वजह रही कि अब आप लोगों से काम मांग रही हैं?

प्रोफेशनल लाइफ में मुझे कई चैलेंजेस का सामना करना पड़ा। दरअसल, मुझे खुद में सिमटे रहना, किसी से खुलकर बात ना करना, लोगों से जल्दी नहीं घुलना मिलना और कम बोलना पसंद था। सबसे बड़ा चैलेंज अपने इस इंट्रोवर्ट नेचर को ओवरकम करना था। मुझे काम नहीं मिलता था। मुझे याद है कि पहले पेज-3 पार्टी के लिए मुझे कई इनविटेशन आते थे। लेकिन मैं नहीं जाती थी। मैं फेक नहीं बन सकती थीं। मुझे बातें करना पसंद है लेकिन उन्हीं से जिनसे थोड़ी बहुत इंटेलेक्चुअल बातें हो पाएं। मैं लोगों से मिलने की बजाए किताबें पढ़ना, सोलो ट्रेवल करना, म्यूजिक सुनने में खुद को व्यस्त रखती थी। लेकिन इसी नेचर की वजह से मुझे लोगों ने एप्रोच करना बंद कर दिया। काम मिलना बंद हुआ। इसलिए, अब मैंने नेटवर्किंग करना शुरू कर दिया है। लोगों को सामने से कहती हूं कि मुझे आपके साथ काम करना है। पहले ये सब करने में बहुत हिचकिचाहट होती थी, लेकिन अब नहीं। पिछले 2-3 सालों से मैंने काम मांगने में शर्म नहीं की। ये इंस्पिरेशन मुझे नीना गुप्ता जी से मिली। इतने सालों का अनुभव होने के बावजूद, वे सोशल मीडिया पर काम मांग सकती हैं, तो मैं क्यों नहीं? लोगों को लगता है कि मुझमें घमंड है। या फिर मेरे पास काम के लिए वक्त नहीं। लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है। लोगों की सोच बदलनी है। मैंने अब डायरेक्टर, क्रिएटिव डायरेक्टर सभी को मैसेज करना शुरू कर दिया है। मुझे अपने टैलेंट पर पूरा भरोसा है।

## भविष्य में किस तरह के कॉन्सेप्ट से जुड़ना चाहती हैं?

मुझे हर तरह का काम करना है लेकिन थ्रिलर मेरा फेवरेट जॉनर है। पर्सनली, मुझे मर्डर-क्राइम सीरीज देखना बेहद पसंद है। मैं अब स्क्रीन पर विलेन का रोल निभाना चाहती हूं। वैसे, जिस तरह का काम रणबीर कपूर ने फिल्म एनिमल में किया था, कुछ वैसा करने की ख्वाहिश है। पिछले कुछ सालों में मेरी एक इमेज बन गई है। उसे तोड़ना चाहती हूं।

# आयुष्मान ने शुरू की एक्शन-कॉमेडी फिल्म की शूटिंग

आयुष्मान खुराना जल्द ही करण जौहर के साथ काम करने वाले हैं। वो धर्मा और सिख्या एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही एक फिल्म में नजर आएंगे। इसमें आयुष्मान के अपोजिट सारा अली खान नजर आएंगी। फिल्म के जरिए दोनों पहली बार साथ में स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। मंगलवार को मेकर्स ने इस फिल्म की अनाउंसमेंट करते हुए यह जानकारी दी। यह एक एक्शन-कॉमेडी फिल्म है जिसका टाइटल अभी तक फाइनल नहीं हुआ है। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और मेकर्स जल्द ही इसका टाइटल अनाउंस करेंगे। इसे आकाश कौशिक ने लिखा है और वो ही इससे डायरेक्टोरियल डेब्यू भी करेंगे। वो इससे पहले 'भूल भुलैया 2' की स्क्रिप्ट लिख चुके हैं। यह धर्मा और सिख्या की साथ में तीसरी फिल्म है। इससे पहले दोनों बैनर साथ मिलकर वेब सीरीज 'ग्यारह-ग्यारह' और 'किल' जैसे प्रोजेक्ट्स प्रोड्यूस कर चुके हैं। वहीं आयुष्मान की यह करण और सारा दोनों के ही साथ पहली फिल्म है। फिल्म से जुड़ी बाकी स्टार कास्ट की अनाउंसमेंट जल्द होगी। वर्कफ्रंट पर आयुष्मान की आखिरी फिल्म 2023 में रिलीज हुई ड्रीम गर्ल 2 थी। इस साल अब तक उनकी कोई फिल्म रिलीज नहीं हुई है। वहीं सारा इस साल अब तक मर्डर मुबारक और ए वतन मेरे वतन जैसी फिल्मों में नजर आई हैं।






# पुष्पा 2 से आखिरी मौके पर इस कलाकार ने किया किनारा

अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा साल 2021 के आखिरी दिनों में रिलीज हुई थी और आते ही इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। इन दिनों इस फिल्म के दूसरे पार्ट का इंतजार फैंस के बीच बेसब्री से हो रहा है। अल्लू अर्जुन पुष्पा 2 नए अवतार में नजर आएंगे। इस फिल्म का पहला गाना रिलीज हो गया है। इतना ही नहीं, मेकर्स फिल्म की रिलीज डेट भी बता चुके हैं। ये फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है, लेकिन पुष्पा 2 के रिलीज होने पर संकट आ गया है। पुष्पा 2 के एक अहम कलाकार ने रातों रात फिल्म से अपना नाम पीछे ले लिया है, जिस वजह से मेकर्स चिंता में आ गए हैं। लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक, पुष्पा 2 के एडिटर एंटनी रूबेन ने खुद का नाम फिल्म से साइड कर लिया है, जिस वजह से फिल्म की रिलीज डेट को आगे खिसकाया जा सकता है। दावा है कि एंटनी रूबेन ने अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट की डेट्स में परेशानी की वजह से फिल्म से साइड होने का फैसला लिया है और ये पुष्पा 2 के मेकर्स के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है। हालांकि, एंटनी ने पुष्पा 2 के मेकर्स संग आपसी सहमति के बाद ही इतना बड़ा फैसला लिया है। इन दिनों एंटनी वरुण धवन की बेबी जॉन के काम में बिजी हैं, जिसका निर्देशन एटली कर रहे हैं। वह इस फिल्म के एडिटर होने के साथ साथ एसोसिएट प्रोड्यूसर भी हैं। ऐसे में वह अपना पूरा फोकस इस फिल्म पर रखना चाहते हैं। बताया जा रहा है कि पुष्पा 2 के डायरेक्टर सुकुमार और एक्टर अल्लू अर्जुन ने फिल्म के लिए नए एडिटर की तलाश कर ली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के मेकर्स ने राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता नवीन नूली को चुना है। इस फिल्म की एडिटिंग की जिम्मेदारी नवीन नूली के पास गई है। ऐसे में मेकर्स की तरफ से पूरी कोशिश की जा रही है कि पुष्पा 2 की रिलीज डेट पर इस बदलाव का बिल्कुल भी असर ना पड़े।

# सुहागन चुड़ैल को लेकर हैं उत्साहित हैं निया शर्मा

निया शर्मा टीवी इंडस्ट्री की महशूर अभिनेत्रियों में से एक हैं। इन दिनों निया अपने शो सुहागन चुड़ैल की वजह से सुर्खियों में बनी हुई हैं। निया इस शो में अहम भूमिका निभाती नजर आएंगी। निया के चाहने वालों में अभी से ही कलर्स टीवी पर आने वाले इस शो के लिए काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं इस शो के प्रमोशन के दौरान अभिनेत्री ने अपने करियर और चार साल लंबे ब्रेक के बारे में भी खुलकर बातें करती नजर आईं। निया शर्मा लगभग चार साल के बाद टीवी पर वापसी कर रही हैं। इस विषय में निया कहती हैं, मैं अपने करियर के उस दौर में हूं जहां मैं जब चाहे अपनी मर्जी से ब्रेक ले सकती हूं। मुझे कुछ अलग करना था इसलिए मैंने इतंजार किया। यह शो मेरे पिछले सभी शो के बहुत अलग है। मेरा किरदार चैलेंजिग है।

## काम के लिए भीख नहीं मांगा कभी

निया शर्मा अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, ऐसा नहीं था कि मुझे ऑफर नहीं मिल रहे थे। मुझे लगातार काम के लिए अप्रोच किया जा रहा था, लेकिन मुझे कुछ अलग करना था इसलिए मैंने इंतजार किया। सच कहूं तो मुझे यह कभी नहीं लगा कि अगर मैं परदे पर नहीं दिखूंगी तो लोग मुझे भूल जाएंगे। मैं कभी किसी से काम के लिए भीख मांगने नहीं गई। यह ब्रेक मैंने अपनी मर्जी से लिया था। मैं हमेशा से कुछ अलग करने में विश्वास करती आई हूं। निया शर्मा पिछली बार नागिन 4 में नजर आई थीं। इस शो के बाद वे रियलिटी शो हिस्सा बनीं। अब वे चार साल बाद छोटे पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं। निया कहती हैं, मैं काम और जिंदगी में बैलेंस बना कर रखना पसंद करती हूं। मुझे नहीं लगता है कि मैं हर दिन बाहर जाऊं और सबको बताऊं कि मुझे काम चाहिए। मैं चार साल बाद धमाकेदार वापसी करने जा रही हूं। इस शो में मुझे मेरा रोल काफी अलग और नया लगा इसलिए मैंने इसे स्वीकार किया।






# दोबारा दिल लगाने के मूड में नहीं है शालीन, बोले- प्यार का कोटा हुआ पूरा

शालीन भनोट टीवी के मशहूर एक्टर हैं। वे बिग बॉस सीजन 16 में नजर आ चुके हैं। इस शो के बाद उनकी लोकप्रियता में काफी इजाफा देखने को मिला था। अब वे जल्द ही खतरों के खिलाड़ी में नजर आने वाले हैं। हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान उनसे जब पूछा गया कि खतरों के खिलाड़ी में क्या वे प्यार ढूंढेंगे। इस पर जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि उनके प्यार का कोटा पूरा हो चुका है और उनका डॉगी उसने बहुत प्यार करता है और वे उसके साथ खुश हैं।

# इमरान खान ने बताया क्यों अवॉर्ड फंक्शन में नहीं जाते आमिर खान

बॉलीवुड एक्टर इमरान खान ने बताया है कि आखिर उनके मामू आमिर खान अवॉर्ड फंक्शंस में क्यों नहीं जाते। हाल ही में जब उनसे एक इंटरव्यू में इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मैं ऐसे परिवार के बीच बड़ा हुआ हूं जहां लोगों ने अपना सबकुछ आर्ट और क्राफ्ट को समर्पित कर दिया और किसी को सेलिब्रिटी होने और यहां के ग्लैमर से कोई फर्क नहीं पड़ता है। मुझे भी यही सिखाया गया है कि अपने काम को सीरियसली लो, अपना सबकुछ उसके लिए समर्पित कर दो और बाकी किसी चीज से प्रभावित मत हो। हम कला की नुमाइश नहीं करते हैं। आमिर ने 90 के दशक में अवॉर्ड फंक्शन से दूरी बना ली थी। उन्होंने एक पुराने इंटरव्यू में खुद इसकी वजह बताते हुए कहा था कि उनके लिए ये कमर्शियल फिल्म अवॉर्ड्स कोई मायने नहीं रखते हैं।पिछले दिनों आमिर जब द ग्रेट इंडियन कपिल शो में पहुंचे थे तो अर्चना पूरन सिंह ने आमिर से पूछा था कि वो अवॉर्ड लेने क्यों नहीं जाते हैं।



## आमिर ने प्रोड्यूस की थी इमरान की पहली फिल्म

2008 में रिलीज हुई इमरान की डेब्यू फिल्म 'जाने तू या जाने ना' भी मामा आमिर खान ने प्रोड्यूस की थी। इसके बाद दोनों ने 2011 में रिलीज हुई 'देल्ही बेली' में भी साथ काम किया था। ये दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थीं। बतौर चाइल्ड एक्टर भी इमरान, आमिर की दो फिल्मों 'कयामत से कयामत तक' और 'जो जीता वोही सिकंदर' में नजर आए थे।






# इन कंपनियों में होती है हर महीने हायरिंग, ऐसे करें अप्लाई

**बहुत बार लोगों को जब नौकरी की जरूरत होती है, तब उनके पास जॉब स्वीच करने के बहुत कम ऑप्शन होते हैं। इस आर्टिकल में जानें कुछ ऐसी कंपनियों के बारे में जहां आप कभी भी जॉब के लिए अप्लाई कर सकते हैं।**

नयी नौकरी ढूंढते वक्त बहुत से लोगों को सही ऑप्शन ना मिलने की समस्या का सामना करना पड़ता है। कंपनियों में निश्चित समय के लिए हायरिंग होती है, जिसके बाद बहुत से उम्मीदवार सही विकल्प की तलाश करने में परेशानी का सामना करते हैं। हालांकि, क्या आपको यह पता है कि कुछ कंपनियों में सालभर जॉब की वेकेंसी निकलती है? आइए जानते हैं इन कंपनियों के बारे में।

## मंटीनेशनल कंपनियों में करें अप्लाई

भारत में ढेर सारी ऐसा मंटीनेशनल कंपनी हैं, जहां हर वक्त किसी ना किसी पद के लिए हाइरिंग हो रही होती है। आपको नौकरी ढूंढने के लिए सबसे पहले मंटीनेशनल कंपनियों की लिस्ट तैयार करनी है। अब इन सभी कंपनियों के जॉब अप्लाई सेक्शन में जाएं और आवेदन दें। किसी भी एमएनसी में काम करने के लिए अंग्रेजी पर अच्छी पकड़ होनी चाहिए। दरअसल ज्यादातर एमएनसी में इंटरव्यू से पहले एक लैंग्वेज टेस्ट लिया जाता है, जिसे क्लियर करना जरूरी होता है।

## टाटा ग्रुप में करें अप्लाई

टाटा ग्रुप आज भारत का जाना-माना समूह है। टाटा ग्रुप के हाइरिंग पोर्टल पर भी आपको हर वक्त किसी ना किसी पद के लिए हाइरिंग होते हुए मिलगी। हालांकि, जॉब की लोकेशन भारत के अलग-अलग हिस्सों के लिए हो सकती है। टाटा ग्रुप में आवेदन देने के लिए आपको टाटा ग्रुप की वेबसाइट के करियर पेज पर अप्लाई करना है।

## बड़ी कंपनियों को करें टारगेट

सेमसंग, हिटाची आदि जैसी फेमस कपंनियों में भी पूरे साल हाइरिंग चल रही होती है। पद से जुड़ी सारी जानकारी आपको पार्टल के करियर के सेक्शन में मिल जाएगी। करियर सेक्शन में जाकर आप इन पदों के लिए अपना रिज्यूमे और कवर लेटर भेज सकते हैं।

## पेटीएम

अगर आप पेटीएम के जॉब सेक्शन में जाएंगे, तो हर वक्त 50 से ज्यादा पदों पर हाइरिंग की जानकारी प्राप्त होगी। आईटी से लेकर एचआर तक से जुड़े पदों पर आवेदन देने के लिए पेटीएम अच्छा ऑप्शन है।
अप्लाई करने के लिए 1 ट्रिक
बहुत बार हम अपना रिज्यूमे ठीक से नहीं बनाते और बिना कवर लेटर के ही जॉब के लिए अप्लाई कर देते हैं। कोशिश करें कि आप कवर लेटर के साथ ही आवेदन करें।



# 12वीं के बाद बिना नीट एग्जाम दिए बनाएं मेडिकल की इस ब्रांच में अपना करियर

**12वीं के बाद बिना नीट परीक्षा पास किए मेडिकल क्षेत्र में करियर बनाने के लिए कई विकल्प उपलब्ध हैं, बीएससी नर्सिंग बीएससी बायोटेक्नोलॉजी और वेटरनरी कोर्स किए जा सकते हैं।**

वेटरनरी एक शाखा है, जो पशु-पक्षियों की बीमारियों की स्थिति और चोटों की रोकथाम, नियंत्रण और इलाज से संबंधित है। वेटरनरी कोर्स में पालतू और जंगली जानवरों की बीमारियों और उनके उपचार के बारे में बताया जाता है। पशु कल्याण के बढ़ते महत्व और पशु चिकित्सा सेवाओं की बढ़ती मांग के साथ, ये कोर्स एक आशाजनक और बेहतर करियर का मार्ग प्रदान करते हैं। इसके अलावा, पशु चिकित्सा कोर्स प्रैक्टिकल अनुभव देते हैं। आज के समय में पशु चिकित्सकों की कमी है। इस कोर्स के माध्यम से आप पशु अस्पतालों, चिड़ियाघरों, प्रयोगशालाओं में नौकरी या अपना खुद का व्यवसाय शुरू कर सकते हैं।

## पशु चिकित्सक की पढ़ाई के लिए 12वीं का है महत्व

इसके लिए छात्रों को 12वीं पीसीबी (भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान) के साथ पास करना होगा, ताकि वे पसंदीदा यूनिवर्सिटी और कोर्स में प्रवेश ले सकें। भारत में पशु चिकित्सक बनने के इच्छुक छात्रों को नीट-यूजी या एआईपीवीटी की परीक्षा पास करने की जरूरत होती है। 12वीं के बाद बिना नीट परीक्षा पास किए मेडिकल क्षेत्र में करियर बनाने के लिए कई विकल्प उपलब्ध हैं

- बीएससी नर्सिंग
- बीएससी बायोटेक्नोलॉजी
- बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी
- बैचलर ऑफ फार्मेसी
- बीएससी मनोविज्ञान
- बीएससी बायोमेडिकल साइंस
- बीएससी क्लिनिकल रिसर्च
- बैचलर ऑफ ऑक्यूपेशनल थेरेपी
- बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंस
- पशु चिकित्सा विज्ञान

## कोर्स की विविधताएं

इस क्षेत्र में आपके लिए बैचलर ऑफ वेटरनरी साइंस एंड एनिमल हसबेंडरी, बीएससी इन वेटरनरी पैथोलॉजी, बीएससी इन एनिमल जेनेटिक्स एंड ब्रीडिंग, बीएससी एनिमल न्यूट्रिशन, बीएससी इन वेटरनरी माइक्रोबायोलॉजी आदि कोर्स मौजूद हैं। आप वेटरनरी साइंस एंड एनिमल हेल्थ टेक्नोलॉजी, वेटरनरी फार्मेसी, एनिमल हसबेंडरी में डिप्लोमा और वेटरनरी मेडिसिन, वेटरनरी सर्जरी में पीजी डिप्लोमा कर सकते हैं। अगर आप शोध करने के इच्छुक हैं, तो पीएचडी इन वेटरनरी साइंस कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। कोर्स के लिए जरूरी ज्ञान अध्ययन के पहले कुछ सालों के दौरान पशु चिकित्सक बनने के लिए जरूरी ज्ञान और सिद्धांतों से परिचित कराया जाएगा। अगले चरण में उन क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्राप्त करने का अवसर प्राप्त होगा, जिनमें आप सबसे अधिक रुचि रखते हैं। अंत में, आप पशुओं का निरीक्षण और देखभाल करने वाले संगठनों से जुड़ सकते हैं।


## रोजगार के अवसर

वेटरनरी कोर्स करने के बाद आप पशु सर्जन, चिड़ियाघर और वन्य जीव पशु चिकित्सा, पशु एनाटॉमिस्ट, वेटरनरी ऑफिसर, पशु रोग विशेषज्ञ, रिसर्चर, पशु चिरौप्रैक्टर, सरकारी और गैर-सरकारी एनिमल हॉस्पिटल से अपने करियर की शुरुआत कर सकते हैं।
इनके अलावा, पैरामेडिकल क्षेत्र में भी कई कोर्स उपलब्ध हैं, जिनमें एनईईटी की आवश्यकता नहीं होती। इनमें चिकित्सा प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी, फिजियोथेरेपी और रेडियोलॉजी जैसे कोर्स शामिल हैं। नीट पास किए बिना मेडिकल क्षेत्र में करियर बनाने के कुछ और विकल्प ये हैं, फ़्लेबोटोमिस्ट्स (रक्त का नमूना लेने वाले), मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट, पोषण विशेषज्ञ (न्यूट्रीशनिस्ट), फिजिशियन असिस्टेंट। हालांकि, नीट पास किए बिना किए गए इन कोर्सेज में किसी को भी एमबीबीएस डॉक्टर नहीं कहा जाएगा।

### वेटरनरी कोर्स करने के लिए इन संस्थाओं में ले सकते हैं दाखिला

- बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू)
- गोविंद बल्लभ पंत यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, पंत नगर
- वेटरनरी कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (वीसीआरआई), चेन्नई
- पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान कॉलेज, राजस्थान
- इंडियन वेटरनरी रिसर्च इंस्टीट्यूट (आईवीआरआई), बरेली






# बिना एक्सपीरियंस के भी इन टिप्स की मदद से पा सकते हैं नौकरी

**आज के समय में नौकरी पाने के लिए एक्सपीरियंस का होना बेहद जरूरी है। लेकिन अगर आपके पास एक्सपीरियंस नहीं है तो भी आप इन टिप्स की मदद से नौकरी पा सकते हैं।**

जीवन में सफलता पाने की शुरुआत एक्सपीरियंस के साथ होती है। जब आप कहीं पर नौकरी करते हैं तो आपको काम का एक्सपीरियंस मिलता है। एक बार एक्सपीरियंस मिल जाने के बाद जॉब स्विच करना काफी आसान हो जाता है। लेकिन समस्या तब होती है, जब आपके पास काम का एक्सपीरियंस ना हो। अक्सर कंपनियां ऐसे लोगों को हायर करने से बचती हैं, जो फ्रेशर हों। दरअसल, फ्रेशर होने के कारण कंपनी सामने वाले व्यक्ति की काबिलियत का अंदाजा नहीं लगा पाते हैं। ऐसे में फ्रेशर के लिए एक अच्छी जॉब पाना काफी मुश्किल हो जाता है। हो सकता है कि आपने भी अभी-अभी अपनी पढ़ाई खत्म की हो और अब आप एक अच्छी जॉब की तलाश में हों। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही आसान टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप बिना एक्सपीरियंस के भी एक अच्छी नौकरी पा सकते हैं-

## रिज्यूम को बनाए मजबूत

किसी भी कंपनी में जॉब इंटरव्यू के लिए पहले आपको अपना रिज्यूम देना होता है। इसलिए, सबसे पहला और जरूरी कदम है कि आप अपने रिज्यूम को थोड़ा मजबूत बनाने की कोशिश करें। भले ही आपके पास वर्क एक्सपीरियंस नहीं है, लेकिन फिर भी आप उस जॉब के लिए जरूरी स्किल्स को रिज्यूम में मेंशन करें। साथ ही, अगर आपने पढ़ाई के दौरान किसी तरह की वर्कशॉप आदि में भाग लिया है तो उसे भी जरूर लिखें। इस तरह छोटी-छोटी खूबियों को हाइलाइट करने से आपको नौकरी मिलने की चांस काफी अधिक बढ़ जाते हैं।

## एंट्री-लेवल जॉब के लिए करें अप्लाई

चूंकि प्रोफेशनल लाइफ में अभी आपकी शुरुआत है तो ऐसे में आपके लिए एकदम से मनचाही जॉब मिलना काफी कठिन है। शुरुआत में आपको एक्सपीरियंस हासिल करने पर अधिक ध्यान देना चाहिए। ऐसे में सबसे अच्छा तरीका होता है कि आप एंट्री-लेवल पोस्ट के लिए अप्लाई करें। इस तरह की जॉब्स में कंपनियां पैसा काफी कम देती हैं, लेकिन वे एक फ्रेशर को काम करने का अवसर भी देती है। जब आप एंट्री-लेवल जॉब को हासिल कर लेते हैं तो फिर आपके लिए बेहतर नौकरी पाने की संभावना भी काफी बढ़ जाती है। आप ऑनलाइन वेबसाइट की मदद से एंट्री-लेवल जॉब ढूंढ सकते हैं और अप्लाई कर सकते हैं।

## सीखना ना छोड़ें

अमूमन यह देखने में आता है कि जब पढ़ाई पूरी हो जाती है, तो लोग नौकरी की तलाश में लग जाते हैं। लेकिन अगर आप एक बेहतर जॉब की तलाश में हैं तो सीखना कभी भी ना छोड़ें। आप जॉब ढूंढने के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स पर भी काम करते रहें। आजकल ऑनलाइन व ऑफलाइन कई शॉर्ट टर्म कोर्स अवेलेबल हैं। आप अपने फील्ड को ध्यान में रखते हुए अन्य स्किल्स को शॉर्प करते रहें। इससे आपका रिज्यूम भी बेहतर बनता है और जॉब मिलना भी अधिक आसान होता है।

## नेटवर्क व सोशल मीडिया का सहारा

नेटवर्किंग व सोशल मीडिया के जरिए भी आपको कई अच्छे अवसर मिल सकते हैं। आप कई सोशल मीडिया वेबसाइट पर अपनी फील्ड के लोगों से जुड़ सकते हैं। साथ ही साथ, अपने काम या स्किल्स को सोशल मीडिया पर पोस्ट अवश्य करें। इससे लोगों को आपकी काबिलियत का पता चलता है। इतना ही नहीं, आप अपने दोस्तों, परिवार, प्रोफेसरों और अन्य जानकारों की मदद से प्रोफेशनल कनेक्शन मजबूत करें। अक्सर कनेक्शन व नेटवर्किंग की मदद से प्रोफेशनल लाइफ में अपने पैर जमाना काफी आसान हो जाता है।



# आईआईटी की ऐसे करें तैयारी जरूर मिलेगी सफलता

**हर किसी इंजीनियरिंग की चाहत रखने वाले व्यक्ति की सजगता और तत्परता बढ़ ही जाती है। पर मुश्किल यह है कि आईआईटी में प्रवेश पाने के लिए बेहद कठिन परीक्षा से आपको गुजरना होता है। 12वीं की सफल परीक्षा के बाद तैयारी के लिए आपको अपना सब कुछ झोंक देना पड़ता है।**

आज के समय में केवल इंजीनियरिंग और डॉक्टरी ही कॅरियर के केंद्र बिंदु नहीं हैं, बल्कि दूसरे तमाम कॅरियर ऑप्शंस बच्चों के सामने मौजूद हैं। पर इस बात से शायद ही कोई इनकार करेगा कि बावजूद दूसरे ऑप्शंस की उपलब्धता के आज भी इंजीनियरिंग एक शानदार और चमकता कॅरियर माना जाता है। उसमें भी बात जब आईआईटी जैसे संस्थानों में प्रवेश की हो, तब हर किसी इंजीनियरिंग की चाहत रखने वाले व्यक्ति की सजगता और तत्परता बढ़ ही जाती है। पर मुश्किल यह है कि आईआईटी में प्रवेश पाने के लिए बेहद कठिन परीक्षा से आपको गुजरना होता है। 12वीं की सफल परीक्षा के बाद तैयारी के लिए आपको अपना सब कुछ झोंक देना पड़ता है। आइए जानते हैं कि आईआईटी में प्रवेश पाने के लिए आपको किस ढंग से तैयारी करनी चाहिए।

## आठवीं के तुरंत बाद सजगता आवश्यक

जी हां! भारत भर की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक मानी जाती है आईआईटी की परीक्षा। ऐसे में अगर आप यह सोचते हैं कि तुरंत ही तैयारी करके आप आईआईटी जैसे संस्थानों में प्रवेश पा लेंगे तो यह दिवा-स्वप्न जैसा साबित हो सकता है

लोग ही इस परीक्षा में ज्यादा सफल होते हैं जो आठवीं के बाद तुरंत ही सजग हो जाते हैं। वह नहीं तो उनके माता-पिता अपने बच्चों को आईआईटी की गंभीरता से रूबरू करा ही देते हैं। ऐसे बच्चे न केवल अपना नियमित पठन-पाठन वह पूर्णता के साथ करते हैं, बल्कि आईआईटी तैयारी के लिए फाउंडेशन कोर्स उनके लिए मददगार साबित होता है।

## सेल्फ स्टडी

आठवीं के बाद 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं का अगर आपने सजगता से अध्ययन कर लिया, गणित और विज्ञान जैसे विषयों के फंडामेंटल्स क्लियर कर लिए, तो आप यह समझ लें कि पहली बाधा आपने क्रॉस कर ली। इसके साथ अगर आपने फाउंडेशन कोर्स और आईआईटी के प्रश्न पत्रों के पैटर्न को माध्यम बनाकर तैयारी कर ली और उस तरह के प्रश्नों पर पकड़

## रूटीन बना कर पढ़ना

आईआईटी की प्रवेश परीक्षा पास करना किसी महायुद्ध से कम मत मानिये। इसके लिए आपको एक एक क्षण का महत्त्व समझना पड़ता है। अगर आप नियमित रूटीन फॉलो नहीं करते हैं, और खुद को सख्त अनुशासन में नहीं रखते हैं तो आप यह जान लें कि आप लाखों नौजवानों से पीछे रह जाने वाले हैं।

## रिवीजन का महत्व

आपने आईआईटी की तैयारी कर ली है तो आप रिवीजन के महत्व को कम मत आंकिये। आप लगातार अपने पढ़े हुए विषयों का रिवीजन करते रहेंगे तो इससे आप परीक्षा के समय भूल नहीं पाएंगे। इसके साथ ही अगर आपने अच्छे से रिवीजन किया है तो परीक्षा के दौरान आपको घबराहट महसूस नहीं होगी और प्रत्येक विषय पर आप की पकड़ मजबूत बनती जाएगी। ऐसे में निश्चित रूप से आपका आत्मविश्वास आसमान छू सकता है। कैरियर काउंसलर रिविजन के महत्त्व पर काफी जोर देते हैं।

## समयबद्ध, मॉक टेस्ट के अनुसार करें तैयारी

ध्यान रहे अब चाहे जितना भी सिलेबस की तैयारी कर लें, लेकिन अगर बीच-बीच में अपनी तैयारियों की जांच आप नहीं करते हैं तो संभवत: परीक्षा के समय पर आप उलझन में पड़ सकते हैं। इससे बचने के लिए आपको मॉक टेस्ट का तरीका अपनाना होगा। इसके लिए आप आईआईटी के पिछले साल के प्रश्न पत्रों का अभ्यास तय समय सीमा में करने का प्रयत्न करें। एक्सपर्ट्स के अनुसार, अगर आप बार-बार इस प्रयास को करते हैं तो आप की पकड़ ना केवल प्रश्नों पर बनेगी

## संक्षिप्त समाचार

### नाइजीरिया में बंदूकधारियों का आतंक, अंधाधुंध गोलीबारी में 40 लोगों का कत्ल

**मैदुगुरी , एजेंसी।** अफ्रीकी देश नाइजीरिया के गांव जुराक में बंदूकधारियों ने ताबड़तोड़ हमले किए जिसमें लगभग 40 लोगों की मौत हो गई। गांव में हुई अंधाधुंध गोलीबारी के बीच आरोपियों ने कई घर को भी आग के हवाले कर दिया। घटना नाइजीरिया के उत्तर-मध्य में स्थित पठारी राज्य की है। बता दें कि यहां चरवाहों और किसानों के बीच झड़पें आम बात हैं। पुलिस और निवासियों ने इस घटना की जानकारी मंगलवार को दी। जुराक गांव में हमला करने वाले हथियारबंद लोगों को स्थानीय तौर पर डाकू कहा जाता है। पठार पुलिस के प्रवक्ता अल्फ्रेड अलाबो ने कहा कि सुरक्षा एजेंटों के आक्रामक हमले से भागते हुए हथियारबंद गुट सोमवार देर रात जुराक गांव में अचानक घुस आया और गांवों पर हमला किया। इस झड़प में सुरक्षा एजेंटों ने सात हमलावरों को मार गिराया, जबकि भागते हुए गिरोह के सदस्यों ने नौ लोगों की हत्या कर दी और छह घरों को जला दिया। निवासियों का कहना है कि मरने वालों की संख्या इससे कहीं ज्यादा है। उन्होंने रॉयटर्स को बताया कि दर्जनों बंदूकधारियों ने मोटरसाइकिलों पर सवार होकर गांव में धावा बोला, अंधाधुंध गोलीबारी की, अनिर्दिष्ट संख्या में लोगों का अपहरण किया और घरों में आग लगा दी। गांव के एक निवासी ने बताया कि बंदूकधारियों ने बिना किसी दया के 40 से ज्यादा लोगों को मार डाला। मैं किसी तरह भागकर पास के एक गांव में पहुंच गया। अब तक, मैंने अपने परिवार के कई सदस्यों को नहीं देखा है। एक अन्य निवासी टिमोथी हारुना ने रॉयटर्स को बताया कि बंदूकधारियों कई लोगों को मार डाला और कई लोगों का अपहरण कर लिया। कई अन्य लोग गोली लगने से घायल हो गए। उन्होंने हमारे घरों को भी आग लगा दी।

### अपकमिंग हैरी पॉटर सीरीज को लेकर उत्साहित हैं डेनियल रेडक्लिफ

**लॉस एंजेलिस, एजेंसी।** एक्टर डेनियल रेडक्लिफ का कहना है कि वह अपकमिंग हैरी पॉटर सीरीज देखने के लिए उत्साहित हैं। लेकिन उन्होंने इस सवाल का जवाब देने से इनकार कर दिया कि क्या वह गेस्ट स्टार या कैमियो अपीयरेंस में नजर आएंगे। डेडलाइन डॉट कॉम के मुताबिक, रेडक्लिफ ने कहा, बाकी दुनिया की तरह, (मैं) एक ऑडियंस के रूप में हैरी पॉटर देखना चाहता हूं। 34 वर्षीय अभिनेता ने पहली बार इस फिल्म सीरीज में हैरी पॉटर की भूमिका निभाई थी। उस समय वह सिर्फ 12 साल के थे और तभी से सुर्खियों में आ गए। 2001 में हैरी पॉटर एंड द फिलॉसोफर्स स्टोन से लेकर 2011 में हैरी पॉटर एंड द डेथली हैलोज- पार्ट 2 तक, स्टार ने सीरीज की सभी आठ फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाई है।

### सुरक्षा परिषद में रूस समर्थित प्रस्ताव खारिज

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अंतरिक्ष में हथियार भेजने की होड़ पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने वाला रूस का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने खारिज कर दिया। प्रस्ताव पर बहस के दौरान अमेरिका ने कहा कि रूस ने पिछले सप्ताह एक उपग्रह प्रक्षेपित किया था जो अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती का हिस्सा हो सकता है। सुरक्षा परिषद के सदस्य देश भविष्य में संभावित इस वैश्विक चलन की निंदा कर रहे हैं लेकिन इसके खिलाफ कदम उठाने में विफल साबित हुए हैं। गत माह रूस के प्रतिद्वंदी देश अमेरिका व जापान ने सुरक्षा परिषद में एक प्रस्ताव रखा था जो खारिज हो गया। इस प्रस्ताव में अलग-अलग प्रकार के हथियारों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो भारी तबाही का कारण बन सकते हैं।

### मानव तस्करी के शिकार 300 भारतीयों का कंबोडिया में विद्रोह

**नामपेन्ह, एजेंसी।** मानव तस्करी के शिकार 300 भारतीयों ने कंबोडिया में विद्रोह कर दिया। आंध्र प्रदेश पुलिस ने दावा किया है कि इनमें से ज्यादातर भारतीयों को गिरफ्तार कर लिया गया है। करीब 150 युवा एक साल से कंबोडिया में फंसे हुए हैं, उन्हें वहां चीनी संचालकों ने साइबर अपराध और पोंजी घोटाले अंजाम देने के लिए बंधक बना रखा है। विशाखापत्तनम के पुलिस आयुक्त ए रविशंकर ने बताया कि इन भारतीयों ने 20 मई को कंबोडिया के जिनबेई व कंपाउंड, सिहानोकविले में बड़े पैमाने विरोध किया, जो साइबर अपराध का केंद्र है। इनमें से कई लोगों ने पुलिस के व्हाट्सएप नंबरों पर फोन किया और वीडियो भेजे हैं।

### पाकिस्तान में आम लोगों पर सैन्य मुकदमों की एमनेस्टी ने की निंदा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** एमनेस्टी इंटरनेशनल की प्रमुख डॉ. एग्नेस कैलामार्ड ने कहा है कि गत वर्ष नौ मई को पूर्व पीएम इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद भड़की हिंसा के दौरान सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले के आरोप में सैन्य कोर्ट को 100 से ज्यादा लोगों पर मुकदमे नहीं चलाना चाहिए। कैलामार्ड ने सरकार से अपने अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का पालन करने का आग्रह किया व कहा, मुकदमे 'अस्वीकार्य' हैं।

# पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं और वह एक परमाणु संपन्न राष्ट्र है- पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने टारगेट किलिंग को लेकर भारत पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि शायद वैश्विक मंच पर यह पहली स्वीकृति है कि नया भारत क्या कर रहा है? उन्होंने आरोप लगाया कि नया भारत दूसरों के घरों में घुसता है और आपको मारता है। अकरम ने पिछले दिनों अमेरिकी दैनिक में छपि रिपोर्ट के हवाले से यह बात कही। उन्होंने कहा कि कनाडा में खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर के अलावा भारत सरकार ने विदेशी धरती पर रहने वाले राजनीतिक विरोधियों को खत्म करने लिए पाकिस्तान के अंदर भी इस तरह की टारगेट किलिंग की घटनाओं को अंजाम दिया है।



पाकिस्तान ने अपने यहां और अन्य देशों में हो रही टारगेट किलिंग की घटनाओं को लेकर भारत पर निशाना साधा। संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए अकरम ने कहा, पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने सुरक्षा परिषद, महासचिव और महासभा के अध्यक्ष को पाकिस्तान में टारगेट किलिंग की घटनाओं लिए भारत के अभियान के बारे में सूचित किया है। हालांकि यह सिर्फ पाकिस्तान तक सीमित नहीं है। कनाडा में राजनीतिक विरोधियों की हत्याएं भी इसमें शामिल हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका और संभवतः अन्य देशों में भी इसका प्रयास किया गया है।

अकरम ने वाशिंगटन पोस्ट के हवाले से प्रधान मंत्री मोदी ने पिछले भाषणों का उल्लेख किया। ऐसा दावा किया कि पीएम मोदी ने कहा था, आज भारत के दुश्मन भी जानते हैं कि यह मोदी है। ये नया भारत है। यह नया भारत आपके घर में आता है और आपको मार डालता है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान ने आरोप लगाया कि नया भारत खतरनाक है, यह सुरक्षा नहीं बल्कि असुरक्षा देता है। इससे पहले, शीर्ष ब्रिटिश अखबार द गार्जियन ने एक रिपोर्ट में दावा किया था कि भारत सरकार ने विदेशी धरती पर रहने वाले आतंकवादियों को खत्म करने की रणनीति के तहत पाकिस्तान के अंदर भी हत्याओं को अंजाम दिया है।

खुफिया सूत्रों का हवाला देते हुए पाकिस्तानी राजदूत ने कहा कि 2023 में टारगेट किलिंग की काफी घटनाएं हुई हैं। लगभग 15 लोगों की संदिग्ध मौतों में भारत की संलिप्तता का दावा किया है। अकरम का दावा है कि अधिकांश को अज्ञात बंदूकधारियों ने करीब से गोली मारी। इससे पहले, पश्चिम के कुछ देशों ने इस बात पर चिंता जताई थी कि उनका दावा है कि ये भारत सरकार के इशारे पर उनकी धरती पर लक्षित हत्याएं हैं। कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कथित तौर पर भारत सरकार में कार्यरत एजेंटों पर 2020 में खालिस्तान नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाया है। बता दें कि भारत कनाडा के इस दावे को बेतुका और प्रेरित बताकर खारिज कर चुका है। गौरतलब है कि हरदीप सिंह निज्जर की पिछले साल जून में सरे के एक गुरुद्वारे से बाहर निकलते ही गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनकी हत्या का एक कथित वीडियो क्लिप कथित तौर पर इस साल मार्च में सामने आया था, जिसमें निज्जर को हथियारबंद लोगों द्वारा गोली मारते हुए दिखाया गया था, जिसे कनाडा ने कॉन्ट्रैक्ट किलिंग बताया। निज्जर मामले में एक हालिया घटनाक्रम में, कनाडाई पुलिस ने पिछले जून में ब्रिटिश कोलंबिया में एक गुरुद्वारे के बाहर अलगाववादी खालिस्तानी नेता की हत्या में कथित संलिप्तता के लिए चार भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। अकरम ने पीएम मोदी नरेंद्र मोदी की हालिया रैली के उस बयान का भी उल्लेख किया और कहा कि पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं और वह एक परमाणु संपन्न राष्ट्र है। बता दें कि मुजफ्फरपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा था, ये (कांग्रेस और इंडिया गठबंधन) लोग इतने डरे हुए हैं कि इन्हें सपने में पाकिस्तान के परमाणु बम भी नजर आते हैं। क्या ऐसी सरकार और नेता देश चला सकते हैं? वे कहते हैं, पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं, अरे भाई पहन लेंगे।

## सुरक्षा स्थिति के कारण रफा में यूएन एजेंसी ने रोका भोजन वितरण कार्यक्रम




**तेल अवीव, एजेंसी।**
फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने गाजा पट्टी के दक्षिण में रफा में भोजन वितरण कार्यक्रम को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। इसका मुख्य कारण खराब सुरक्षा स्थिति है। मिस्र की सीमा पर रफा में इजरायली सैन्य अभियान जारी है। एक सैन्य प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि आतंकवादी ढांचे को एक बार फिर नष्ट कर दिया गया है और सुरंगों में हथियारों के भंडार की खोज की गई है। इजरायल से मिली जानकारी के मुताबिक, सोमवार को सहायता सामग्री लेकर 403 लॉरियां गाजा पट्टी पहुंची थी। युद्ध की शुरुआत के बाद से, इजरायली अधिकारियों का कहना है कि 572,000 टन से अधिक भोजन सामग्री वितरित की गई है। गाजा युद्ध 7 अक्टूबर को हमास द्वारा किए गए नरसंहार के बाद शुरू हुआ था। आतंकवादी हमले में लगभग 400 सैनिकों सहित 1,200 से अधिक लोग मारे गए थे और 200 से अधिक लोगों को गाजा पट्टी में बंधक बना लिया गया था। गाजा पट्टी पर इजरायली हमले में 35,000 से अधिक लोग मारे गए हैं, जिनमें मुख्य रूप से महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। लगभग 80,000 लोग घायल हुए हैं। अनुमान है कि गाजा में 80 प्रतिशत से अधिक आवास नष्ट हो गए हैं, और अधिकांश क्षेत्र रहने लायक नहीं रह गया है।

## नॉर्वे और स्पेन समेत तीन देशों ने फलस्तीन को दी मान्यता, फैसले पर भड़क उठा इजरायल



**बार्सिलोना, एजेंसी।**
पिछले साल 7 अक्तूबर से ही इजरायल-हमास के बीच युद्ध जारी है। इस युद्ध में 30 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। हमास के अंत का लक्ष्य लेकर गाजा पर बम बरसा रहे इजरायल को एक बड़ा झटका लगा है। नॉर्वे, आयरलैंड और स्पेन ने फलस्तीन को देश के रूप में मान्यता देना की घोषणा कर दी है। नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गार स्टोर ने कहा कि इजरायल के हित में यही है कि टू-स्टेट सॉल्यूशन हो जाए। दरअसल, टू-स्टेट सॉल्यूश का मतलब है कि इजरायल और फलस्तीन दोनों को देश का दर्जा मिले। भारत भी टू-स्टेट सॉल्यूशन की वकालत करता आया है। पीएम जोनास गार स्टोर ने आगे कहा कि जबतक फलस्तीन को देश की मान्यता नहीं दी जाती तबतक मध्य पूर्व में शांति नहीं हो सकती। गहर स्टोरे ने कहा कि स्कैंडिनेवियाई देश आधिकारिक तौर पर 28 मई तक एक फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देगा। उन्होंने कहा, ÷फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देकर, नॉर्वे अरब शांति योजना का समर्थन करता है।पिछले हफ्तों में कई यूरोपीय संघ के देशों ने संकेत दिया है कि वे फलस्तीन को मान्यता देने की योजना बना रहे हैं। उनका तर्क है कि क्षेत्र में स्थायी शांति के लिए दो-राज्य समाधान आवश्यक है।

## खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में 3 साल के बच्चे के खिलाफ दर्ज हुआ बिजली चोरी का केस

**खैबर पख्तूनख्वा , एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। बता दें कि यहां एक तीन साल के बच्चे के खिलाफ बिजली चोरी करने का मामला दर्ज किया गया है। इस घटना की जानकारी एआरवाई न्यूज की एक रिपोर्ट में दी गई है। पेशावर इलेक्ट्रिक सप्लाई कंपनी और जल और बिजली विकास प्राधिकरण की शिकायतों पर, बिजली चोरी में कथित संलिप्तता के लिए नाबालिग के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। नाबालिग को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत में भी लाया गया, जिससे उसके कानूनी प्रतिनिधि को यह दावा करने के लिए प्रेरित किया गया कि हलफनामा प्राप्त करने पर न्यायाधीश ने मामले को खारिज कर दिया था। यह घटना पिछले महीने एक चौंकाने वाले खुलासे के बाद सामने आई है, जिसमें कथित तौर पर बिजली वितरण कंपनियों (डिस्को) के भीतर बिजली चोरी के कारण राष्ट्रीय खजाने को 438 बिलियन पीकेआर का चौंका देने वाला नुकसान हुआ था। सूत्रों ने खुलासा किया कि ये घाटा 438 बिलियन पीकेआर से अधिक था, जो कि 723 बिलियन पीकेआर की कुल वार्षिक बिलिंग के बीच एक बड़ा आंकड़ा है। सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले डिस्को के रूप में पहचाने जाने वाले पावर डिवीजन ने हैदराबाद, सुक्कुर, पेशावर, क्वेटा और आदिवासी क्षेत्रों की कंपनियों को उनके निराशाजनक रिकॉर्ड के लिए चुना। 7 अप्रैल को, पंजाब ऊर्जा विभाग ने बिजली वितरण कंपनियों द्वारा सरकारी संस्थानों से अधिक शुल्क वसूलने पर चिंता जताई और इसे प्रांतीय खजाने पर बोझ बताया। इस मुद्दे पर प्रकाश डालते हुए, विभाग ने इस बात पर जोर दिया कि लाहौर इलेक्ट्रिक सप्लाई कंपनी फैसलाबाद इलेक्ट्रिक सप्लाई कंपनी मुल्तान इलेक्ट्रिक पावर कंपनी गुजरांवाला इलेक्ट्रिक पावर कंपनी और इस्लामाबाद इलेक्ट्रिक सप्लाई कंपनी सरकारी विभागों से अधिक शुल्क वसूलने के लिए दोषी थीं।

### लू की चपेट में पाकिस्तान

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान में लू का कहर जारी है। अधिकारियों ने मंगलवार को परामर्श जारी कर लोगों से घरों में ही रहने को कहा है, क्योंकि देश भयंकर गर्मी का सामना कर रहा है। पाकिस्तान में सर्वाधिक जनसंख्या वाले प्रांत पंजाब ने एक सप्ताह के लिए सभी स्कूलों को बंद कर दिया है।अधिकारियों ने कहा कि कुछ क्षेत्रों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस को पार कर सकता है। हाल के वर्षों में पाकिस्तान जलवायु संबंधी सबसे गंभीर स्थिति का सामना कर रहा है। ग्लेशियर पिघलने और मानसून की सक्रियता बढ़ने से विनाशकारी बाढ़ आई और देश का करीब एक तिहाई भूभाग डूब गया था। पाकिस्तान में 1961 के बाद से अप्रैल में सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई। पिछले महीने भारी बारिश से कई लोगों की मौत हुई और संपत्ति एवं खेती की भूमि नष्ट हो गई

## राष्ट्रपति चुनाव परिणाम पलटने की साजिश मामले में सुनवाई, पूर्व मेयर रूडी ने खुद को बताया निर्दोष

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।**
न्यूयॉर्क के पूर्व मेयर रूडी गिउलिआनी और दस अन्य ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के परिणामों को पलटने की साजिश रचने के आरोप में मंगलवार को एरिजोना अदालत में खुद को निर्दोष बताया। गिउलिआनी को पिछले हफ्ते समन भेजने के राज्य के प्रयासों की अनदेखी करने के लिए 10,000 डॉलर का मुचलका भरना होगा। एरिजोना रिपब्लिकन पार्टी के पूर्व अध्यक्ष केली वार्ड के साथ-साथ 11 अन्य लोगों पर साजिश, जालसाजी और धोखाधड़ी के आरोपों के लिए मंगलवार को फीनिक्स अदालत में मुकदमा चलाया गया। पूर्व मेयर गिउलिआनी वर्चुअली माध्यम से फीनिक्स अदालत कक्ष में उपस्थित हुए। इस दौरान उन्होंने और नौ अन्य लोगों ने खुद को निर्दोष बताया। मामले का ट्रायल 17 अक्टूबर को होगा। अदालत में गिउलिआनी ने कहा, वर्तमान में उनके पास कोई वकील नहीं है, लेकिन भविष्य में उनके पास एक वकील होगा। जब अदालत ने उनसे पूछा कि क्या उन्हें वकील की आवश्यकता होगी, तो उन्होंने नहीं में जवाब दिया। कहा कि मुझे लगता है कि मैं इसे स्वयं संभालने में सक्षम हूं। एरिजोना के अधिकारियों ने कई हफ्तों तक गिउलिआनी को उनके खिलाफ दर्ज अभियोग का नोटिस तामील कराने के लिए संघर्ष किया। फ्लोरिडा में उनके 80वें जन्मदिन मनाने के तुरंत बाद 17 मई की रात अधिकारी उन्हें नोटिस देने में सफल हुए। गिउलिआनी के अलावा अदालत में खुद को निर्दोष बताने की दलीलें देने वाले 10 प्रतिवादियों में से चार वर्चुअली और छह व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुए। प्रतिवादियों में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सहयोगी क्रिस्टीना बॉब और पूर्व ट्रम्प अभियान सहयोगी माइक रोमन शामिल हैं।



## जॉर्जिया में तेज रफ्तार ने ली तीन भारतीय छात्रों की जान, घायलों को अस्पताल में कराया गया भर्ती

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका के जॉर्जिया राज्य में एक भीषण सड़क दुर्घटना में तीन भारतीय-अमेरिकी छात्रों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। तेज रफ्तार के कारण कार पलटी और दुर्घटनाग्रस्त हो गई। स्थानीय पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान श्रीया अवसरला, अन्वी शर्मा और आर्यन जोशी के रूप में हुई है। तीनों की उम्र 18 साल बताई जा रही है। बता दें कि यह दुर्घटना सोमवार को मैक्सवेल रोड के उत्तर में स्थित वेस्टसाइड पार्कवे पर गाड़ी चलाते समय हुई। सभी पीड़ित की पहचान आर्यन जोशी, श्रीया अवसरला और अन्वी शर्मा के रूप में हुई है। बता दें कि आर्यन जोशी ने हाल ही में अल्फारेटा हाई स्कूल में अपना सीनियर ईयर पूरा किया है, जबकि श्रीया अवसरला और अन्वी शर्मा जॉर्जिया यूनिवर्सिटी में फर्स्ट ईयर के छात्र हैं। घायल छात्रों में जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले और होंडा एकॉर्ड के ड्राइवर रितवाक सोमपल्ली और अल्फारेटा हाई स्कूल के सीनियर छात्र मोहम्मद लियाकाथ शामिल हैं।

## राष्ट्रपति हर्जोग ने पीएम मोदी की तारीफ की, बोले- हमास हमले की निंदा करने वाले वह पहले नेता

**येरुशलम, एजेंसी।**
दिल्ली में मंगलवार को इस्राइल राष्ट्रीय दिवस समारोह का आयोजन किया गया, जिसे इस्राइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग ने वर्चुअली संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत और इस्राइल की साझेदारी मजबूत व्यापार और वाणिज्यिक संबंधों तक ही सीमित नहीं है, यह सार्थक सांस्कृतिक, शैक्षणिक, तकनीकी और वैज्ञानिक क्षेत्रों में भी है।



इस्राइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग ने सात अक्तूबर को हुए हमास के हमले की निंदा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के सबसे बड़े देशों में से एक है और इस्राइल सबसे छोटे देशों में से एक। फिर भी हम दोनों पूरी तरह से आधुनिक राष्ट्र हैं, जो दृढ़ लोकतांत्रितक आदर्शों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि हम आपस में बहुत कुछ साझा करते हैं।

दरअसल, दिल्ली में मंगलवार को इस्राइल राष्ट्रीय दिवस समारोह का आयोजन किया गया, जिसे इस्राइल के राष्ट्रपति हर्जोग ने वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने कहा, भारत और इस्राइल की साझेदारी मजबूत व्यापार और वाणिज्यिक संबंधों से लेकर सार्थक सांस्कृतिक, शैक्षणिक, तकनीकी और वैज्ञानिक आदान-प्रदान तक है। बेशक, हमारे साझा संबंध संकट के समय में अतिरिक्त अर्थ रखते हैं, लेकिन सात अक्तूबर को हमास द्वारा इस्राइल पर किए गए हमले में हुए नरसंहार की निंदा करने वाले विश्व नेताओं में से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले हैं। वह इतिहास के सही पक्ष पर खड़े रहे। मैं उन्हें तहे दिल से धन्यवाद देता हूं।

हर्जोग ने आगे कहा, 'जैसे-जैसे आपका लोकतंत्र और अर्थव्यवस्था बढ़ती है, वैश्विक नेतृत्व में आपकी भूमिका बढ़ती है और विस्तारित होती है' प्रधानमंत्री मोदी के इस तथ्य की हम इस्राइल में सराहना और स्वागत करते हैं।

भारत स्वयं सीमा पार आतंकवाद का शिकार~ क्वात्रा

इससे पहले भारत के विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने कहा, हम इस्राइल की आजादी के एक और वर्ष को मना रहे हैं, लेकिन हमारा दिल हाल की घटनाओं के बोझ से भारी है। 7 अक्टूबर को हुए आतंकी हमलों ने हम सभी को झकझोर कर रख दिया है भारत स्वयं सीमा पार आतंकवाद का शिकार है और आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के प्रति शून्य-सहिष्णुता का दृष्टिकोण रखता है, आतंक के कृत्यों के लिए कोई औचित्य नहीं हो सकता है। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं बंधकों और निर्दोष लोगों के परिवारों के साथ हैं।

**भारत से मिला समर्थन आश्चर्य से कम नहीं :** वहीं, भारत में इस्राइल के राजदूत नाओर गिलोन ने कहा, सात अक्तूबर को हुए हमास के हमले के बाद भारत सरकार और लोग इस्राइल के पक्ष में खड़े हैं और यह हम कभी नहीं भूलेंगे। यहां हमें जितना समर्थन मिला, वह किसी आश्चर्य से कम नहीं है। मुझे लगता है कि यह इस बात का प्रतिबिंब है कि भारत स्वयं कई वर्षों से आतंक का शिकार रहा है, लेकिन इससे भी अधिक, मुझे लगता है कि यह भारत और इस्राइल के बीच विशेष संबंधों का एक संकेत है।

## संक्षिप्त समाचार

### मलेशिया मास्टर्स के दूसरे राउंड में पहुंची सिंधु



**कुआलालम्पुर, एजेंसी।** दो बार की ओलम्पिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने स्कॉटलैंड की कर्स्टी गिलमूर को बुधवार को सीधे गेमों में हराकर मलेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधु ने विश्व की 22वें नंबर की स्कॉटलैंड की खिलाड़ी को 21-17, 21-16 से हराया। सिंधु 2013 और 2016 में मलेशिया मास्टर्स खिताब जीत चुकी हैं। 28 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी का वर्ष का यह सातवां टूर्नामेंट है। वह फरवरी में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में चोटिल होने के बाद से कोर्ट पर लौटी हैं। उन्होंने पेरिस ओलम्पिक की तैयारियों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए हाल में उबेर कप और थाईलैंड ओपन में हिस्सा नहीं लिया था। मिश्रित युगल में बी. सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी ने हांगकांग की लुई चुन वेई और फू ची यान को 21-15, 12-21, 21-17 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया।

### ऋषभ पंत या संजू सैमसन, टी20 विश्व कप के लिए युवराज सिंह ने इस पर जताया भरोसा ऋषभ



**नईदिल्ली, एजेंसी।** युवराज सिंह ने टी20 विश्व कप 2024 में बाएं-दाएं बल्लेबाजी संयोजन के लिए अपनी प्राथमिकता पर कायम रहते हुए युवराज ने महत्वपूर्ण विकेटकीपर की भूमिका के लिए संजू सैमसन की तुलना में ऋषभ पंत को प्राथमिकता दी है। टी20 विश्व कप एक जून से वेस्टइंडीज और यूएसए में खेला जाएगा और भारत अपने अभियान की शुरूआत 5 जून से आयरलैंड के खिलाफ करेगा।

दोनों विकेटकीपर बल्लेबाज इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन में शानदार फॉर्म में हैं। संजू सैमसन ने न केवल कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली है, बल्कि इस साल राजस्थान रॉयल्स के लिए बल्लेबाजी क्रम में भी अहम भूमिका निभाई है। वह इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में सातवें स्थान पर हैं। उन्होंने 14 मैचों में पांच अर्द्धशतकों के साथ 156.32 के शानदार स्ट्राइक रेट सहित 504 रन बनाए हैं, जबकि अपनी टीम को आठ जीत और प्लेऑफ में जगह दिलाई है।

दूसरी ओर ऋषभ पंत ने एक घातक कार दुर्घटना से उबरने के बाद शानदार वापसी की जिसने उन्हें 14 महीने तक मैदान से दूर रखा। सीजन की शांत शुरुआत के बावजूद 26 वर्षीय खिलाड़ी ने तेजी से वापसी की और 13 मैचों में 155.40 के स्ट्राइक रेट से 446 रन बनाए जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं।

युवराज ने कहा, मैं ऋषभ को चुनूंगा। जाहिर है संजू भी शानदार फॉर्म में हैं, लेकिन ऋषभ बाएं हाथ के हैं और मेरा मानना ??है कि ऋषभ में भारत के लिए मैच जीतने की अपार क्षमता है, जो उन्होंने अतीत में किया है। उन्होंने कहा, टेस्ट क्रिकेट में बहुत कुछ है और मुझे लगता है कि वह बड़े मंच पर मैच विजेता हो सकता है।

# वापसी के बेहद करीब हैं शमी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मोहम्मद शमी को फैंस ने आईपीएल 2024 में बहुत मिस किया. भारतीय तेज़ गेंदबाज़ इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटंस का हिस्सा हैं. टूर्नामेंट के पिछले सीज़न में गुजरात के पेसर ने सबसे ज़्यादा विकेट लेकर पर्पल कैप अपने नाम किया था. लेकिन इन दिनों वह इंजरी के चलते क्रिकेट से दूर हैं, जिसकी वजह से आईपीएल 2024 का हिस्सा नहीं बन सके. लेकिन अब जल्द ही उनकी वापसी हो सकती है. शमी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह जिम में पसीना बहा रहे हैं.

भारत की सरज़मीं पर खेले गए वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बाद से शमी वापसी नहीं कर सके हैं. उन्होंने आखिरी मुकाबला वनडे विश्व कप फाइनल के रूप में खेला था. विश्व कप में भी शमी चोट के साथ खेले थे. उन्होंने बाद में इस बात का खुलासा करते हुए बताया था कि वह वनडे विश्व कप के मैचों के बाद दर्द के चलते इंजेक्शन लिया करते थे. उनकी एड़ी में चोट लगी थी.

इस इंजरी के लिए भारतीय पेसर ने 26 फरवरी, 2024 को सर्जरी करवाई थी, जिससे वह अब अच्छी तरह से उबर रहे हैं. शमी की इस इंजरी पर अपडेट देते हुए बीसीसीआई ने बताया था कि वह आईपीएल के बाद होने वाला टी20 विश्व कप भी नहीं खेल सकेंगे.

#### अब वापसी के लिए जमकर बहा रहे हैं पसीना

अब शमी इंजरी से वापसी के लिए जमकर मेहनत कर रहे हैं. वह जिम में पसीना बहा रहे हैं. सर्जरी से वह लगभग रिकवर हो चुके हैं. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो सितंबर तक शमी की वापसी हो सकती है. हालांकि अभी उनकी वापसी को लेकर किसी भी तरह का आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है.

#### वनडे वर्ल्ड कप 2023 में जमकर बरपाया कहर

गौरतलब है कि वनडे वर्ल्ड कप 2023 में शमी सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ रहे थे. उन्होंने 7 मैचों में 10.71 की बेहद ही शानदार औसत से 24 विकेट झटके थे. इस लिस्ट में ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम जैम्पा दूसरे नंबर पर थे, जिन्होंने 23 विकेट लिए थे. हालांकि जैम्पा ने 11 मैचों में 23 विकेट चटकाए थे.

मलयेशिया मास्टर्स बैडमिंटन

## त्रिशा-गायत्री दूसरे दौर में, ताईवान की जोड़ी को 21-14, 21-10 से हराया



**क्वालालंपुर, एजेंसी।** क्वालिफाइंग दौर में चार भारतीय शटलरों को हार का सामना करना पड़ा। कोई भी मुख्य दौर में जगह नहीं बना सका। ओडिशा ओपन सुपर 100 का खिताब जीतने वाले सतीश कुमार ने मलयेशिया के चियाम जुन वेई को 21-15, 21-19 से हराया।

सातवीं वरीय भारतीय जोड़ी त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने मलयेशियाई मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बना ली है। र

ष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता भारतीय जोड़ी ने ताईवान की हुआंग यू सुन और लियांग टिंग यू को सीधे गेमों में 21-14, 21-10 से परास्त किया। क्वालिफाइंग दौर में चार भारतीय शटलरों को हार का सामना करना पड़ा। कोई भी मुख्य दौर में जगह नहीं बना सका। ओडिशा ओपन सुपर 100 का खिताब जीतने वाले सतीश कुमार ने मलयेशिया के चियाम जुन वेई को 21-15, 21-19 से हराया, लेकिन वह इंडोनेशिया के शेसार हिरेन रुस्तावितो से 21-13, 20-22, 13-21 से नजदीकी मुकाबले में हार गए।

विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी ने गुलशन कुमार को हराया, लेकिन अगले दौर में वह थाईलैंड के पानित्चफोन से 21-23, 21-16, 17-21 से हार गए। शंकर सुब्रमण्यन और तान्या हेमंत को भी हार मिली। युगल में पलक अरोड़ा-उन्नति हुड्डा भी शुरुआती दौर में हारीं।



## विश्व पैरा एथलेटिक्स में सचिन खिलारी ने जीता गोल्ड

**कोबे (जापान), एजेंसी।** भारत के सचिन सर्जेराव खिलारी ने बुधवार को विश्व पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप में पुरुषों के शॉट पुट एफ46 वर्ग में 16.30 मीटर के एशियाई रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता। यह भारत का पांचवां गोल्ड है, जो विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में देश के लिए एक नया रिकॉर्ड है।

पेरिस में चैंपियनशिप के पिछले संस्करण में सचिन ने पुरुषों की शॉट पुट एफ46 स्पर्धा में 16.21 मीटर के थ्रो के साथ एशियाई रिकॉर्ड बनाते हुए गोल्ड जीता था। इस दौरान, उन्होंने पेरिस ओलंपिक कोटा भी हासिल किया। भारत ने अब तक 5 गोल्ड, 4 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज मेडल के साथ 12 मेडल जीते हैं।

आईपीएल 2024

# वेंकटेश अय्यर ने रच दिया इतिहास



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 का पहला क्वालीफायर मैच कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला गया। इस मैच में केकेआर की टीम ने दमदार खेल दिया और हैदराबाद को एकतरफा अंदाज में 8 विकेट से हरा दिया। ये चौथा मौका है जब केकेआर ने आईपीएल के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया है।

इस क्वालीफायर मैच में 29 साल के वेंकटेश अय्यर के बल्ले से मैच विनिंग पारी देखने को मिली। इस दौरान वेंकटेश अय्यर ने एक ऐसा कारनामा किया जो इससे पहले किसी भी भारतीय खिलाड़ी ने नहीं किया था।

#### वेंकटेश अय्यर की ऐतिहासिक पारी

वेंकटेश अय्यर ने इस मैच में 28 गेंदों पर 51 रनों की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 182.14 की स्ट्राइक रेट से 5 चौके और 4 छक्के जड़े। बता दें ये आईपीएल प्लेऑफ में वेंकटेश अय्यर का तीसरा अर्धशतक है और ये तीनों अर्धशतक लगातार तीन पारियों में आए हैं।

इसी के बाद वेंकटेश अय्यर भारत के पहले बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने आईपीएल प्लेऑफ की लगातार तीन पारियों में 50+ रन बनाए हैं। उन्होंने इससे पहले साल 2021 प्लेऑफ में 2 अर्धशतक लगाए थे और अब इस सीजन में तीसरा अर्धशतक आया है।

#### प्लेऑफ में वेंकटेश अय्यर का स्कोर

26 रन (30 गेंद) - बनाम आरसीबी, शारजाह, 2021

55 रन (41 गेंद) - बनाम दिल्ली कैपिटल्स, शारजाह, 2021

50 रन (32 गेंद) - बनाम चेन्नई सुपर किंग्स, दुबई, 2021

51* रन (28 गेंद) - बनाम सनराइजर्स हैदराबाद, अहमदाबाद, 2024

#### लेंडल सिमंस की कर ली बराबरी

आईपीएल में वेंकटेश अय्यर के अलावा सिर्फ लेंडल सिमंस ही वो बल्लेबाज हैं जिन्होंने लगातार 3 प्लेऑफ मैचों में 50+ रन बनाए हैं। लेंडल सिमंस ने 2014 और 2015 आईपीएल के दौरान ये कारनामा किया था। उन्होंने 2014 एलिमिनेटर मैच में, 2015 क्वालीफायर और फाइनल में 50+ रन की पारियां खेली थीं।

#### ऐसा रहा आईपीएल 2024 का पहला क्वालीफायर मैच

दोनों टीमों के बीच खेले गए इस मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। उन्होंने इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में 159 रन बनाए और उनकी टीम ऑलआउट हो गई। इसके बाद केकेआर के बल्लेबाजों ने काफी तेज शुरुआत की और सिर्फ 13.4 ओवर में ही 2 विकेट खोकर 164 रन बना इस मैच को अपने नाम कर लिया।

फ्रेंच ओपन



# दो साल बाद रोलां गैरां में वापसी की तैयारी में नडाल

## फिटनेस पर निर्भर करेगा खेलना

**पेरिस, एजेंसी।** साल का दूसरा ग्रैंडस्लैम फ्रेंच ओपन रविवार से शुरू हो रहा है। नडाल अपने कोच कार्लोस मोया और अभ्यास करने वाले जोड़ीदारों के साथ कोर्ट फिलिप चैटरियर पर पहुंचे। उनका अभ्यास देखने के लिए फ्रेंच ओपन के मुख्य स्टेडियम में छह हजार से ज्यादा दर्शक मौजूद थे।

स्पेन के टेनिस स्टार राफेल नडाल ने यहां रोलां गैरां में अभ्यास किया। 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नडाल रिकॉर्ड 14 बार फ्रेंच ओपन जीत चुके हैं। इस बार 37 साल के दिग्गज का यह रोलां गैरो में अंतिम ग्रैंडस्लैम माना जा रहा है। इस अभ्यास के जरिये नडाल अपनी फिटनेस और फॉर्म की परख ले रहे हैं ताकि यह तय हो सके कि उन्हें इस साल होने वाले फ्रेंच ओपन में हिस्सा लेना है या नहीं।

#### रविवार से शुरू होगा साल का दूसरा ग्रैंडस्लैम

साल का दूसरा ग्रैंडस्लैम फ्रेंच ओपन रविवार से शुरू हो रहा है। नडाल अपने कोच कार्लोस मोया और अभ्यास करने वाले जोड़ीदारों के साथ कोर्ट फिलिप चैटरियर पर पहुंचे। उनका अभ्यास देखने के लिए फ्रेंच ओपन के मुख्य स्टेडियम में छह हजार से ज्यादा दर्शक मौजूद थे। जैसे ही नडाल कोर्ट पर उतरे, दर्शकों ने हर्षोउल्लास के साथ उनका स्वागत किया। उन्होंने एक घंटे अभ्यास किया और उसके बाद कुछ समर्थकों को ऑटोग्राफ दिए। पिछले साल कूल्हे की चोट के कारण नडाल ने फ्रेंच ओपन में हिस्सा नहीं लिया था। इस चोट के कारण वह पिछले साल काफी समय मैदान से दूर रहे। उन्हें सर्जरी भी करानी पड़ी। इस सीजन में भी वह चोट के कारण परेशान रहे हैं।

#### इटालियन ओपन में हरकेज से हार गए थे नडाल

नडाल को हाल ही में इटालियन ओपन के दूसरे मैच में हुबर्ट हरकेज के खिलाफ 1-6, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा था। नडाल ने कहा कि देखता हूं कि इस हफ्ते कैसा महसूस करता हूं। यदि अपने आपको तैयार पाता हूं तो उतरूंगा।

यह उनका टूर पर अंतिम सीजन माना जा रहा है। उन्होंने 2022 में फ्रेंच ओपन जीता था जो उनका 22वां ग्रैंडस्लैम खिताब था। उनसे आगे सिर्फ सर्बिया के नोवाक जोकोविच हैं जिनके पुरुष सिंगल्स वर्ग में 24 ग्रैंडस्लैम हैं। नडाल ने साल के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन में भी चोट के कारण हिस्सा नहीं लिया था। मालूम हो कि नडाल को लाल बजरी का बादशाह कहा जाता है और यहां उन्हें हराना किसी के लिए भी आसान नहीं होता है।

# अमेरिका ने टी20 मैच में बांग्लादेश को हराया

- **गेंदबाजों के बाद कोरी और हरमीत की तूफानी बल्लेबाजी**

**ह्यूस्टन, एजेंसी।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कोरी एंडरसन (34) और हरमीत सिंह (33) की नाबाद तूफानी बल्लेबाजी के दम पर अमेरिका ने टी-20 मुकाबले में बंगलादेश को पांच विकेट से हरा दिया है। इसके साथ ही अमेरिका ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है। टी-20 विश्वकप से पहले अमेरिकी टीम को मंगलवार देर रात तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में ऐतिहासिक जीत मिली है। अमेरिका की जीत के हीरो हरमीत सिंह ने 13 गेंदों पर 33 रनों की विस्फोटक पारी खेली। 157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमेरिका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में ही कप्तान मोनंक पटेल (12) का विकेट रनआउट के रूप में गवां दिया। उसके बाद नौवें ओवर में ऐंड्रियस गौस 18 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हुए। 12वें ओवर में स्टीवन टेलर (20) रन बना कर आउट हुए।

ऐरन जोंस (4) और नीतिश कुमार (10) रन बनाकर आउट हुए। 94के स्कोर पर पांच विकेट गवांने के बाद संकट में फंसी अमेरिका की टीम को




कोरी एंडरसन और हरमीत सिंह ने संभाला। एंडरसन ने 25 गेंदों में नाबाद (34) और हरमती ने 13 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद (33) रनों की पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में 156 रन बनाकर अपनी टीम को पांच विकेट से ऐतिहासिक जीत दिला दी।

बंगलादेश की ओर से मुस्तफिजुर रहमान ने दो विकेट लिए। शोरिफुल इस्लाम और रिशाद हुसैन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। अमेरिका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की लिटन कुमार दास और सौम्य सरकार की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिये 34 रन जोड़े। पांचवें ओवर में जसदीप ने लिटन को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। छठें ओवर में सौम्य सरकार भी चलते बने। उन्हें स्टीवन टेलर ने आउट किया। तौहिद ह्रिदोय की ने 47 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (58) रनों की पारी खेली।

महमुदुल्लाह ने (31), सौम्य सरकार (20) लिटन दास ने (14) रन बनाकर आउट हुए। अमेरिका के लिए स्टीवन टेलर ने दो विकेट चटकाए। वहीं सौरभ, अली और जेस्सी को एक-एक बल्लेबाज को आउट किया

## संक्षिप्त समाचार



### रांची एयरपोर्ट : फ्री पार्किंग पर रोजाना हो रही बकझक, 10 मिनट में निकलने पर भी वसूले जा रहे 30 रुपए

**रांची , एजेंसी।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट की नई पार्किंग व्यवस्था अब यात्री और पार्किंग संचालक के गले की फांस बन गई है। पिक एंड ड्रॉप में 10 मिनट की निश्शुल्क व्यवस्था ने उलझा दिया है। यात्री 10 मिनट के नियत समय में ही जब एयरपोर्ट से बाहर निकलते हैं, तो भी निकास गेट पर पार्किंग संचालक प्राइवेट वाहन से 30 रुपए चार्ज वसूल रहे हैं।

वहीं, पार्किंग संचालक की ओर से यात्रियों के परिजनों को कहा जा रहा है कि एयरपोर्ट पर कोई भी सुविधा फ्री नहीं है। नतीजतन, रोजाना बकझक की स्थिति बन जा रही है। हद तो यह है कि एक मई को एयरपोर्ट अथॉरिटी ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा था कि पिक एंड ड्रॉप में 8 मिनट का समय बढ़ाकर 10 मिनट कर दिया गया है। हालांकि, अब भी एयरपोर्ट परिसर में लगाए गए बोर्ड पर निजी वाहनों के लिए पिक एंड ड्रॉप का समय 8 मिनट ही दिखा रहा है। दूसरी ओर, इस पूरे मामले पर एयरपोर्ट अथॉरिटी भी अपना पल्ला झाड़ने लगा है। कई दिनों से फोन करने के बाद भी एयरपोर्ट डायरेक्टर ने कॉल नहीं उठाया और न ही मैसेज का जवाब दिया।

कॉमर्शियल वाहन से लगता है जाम, फंस जाते हैं यात्री एयरपोर्ट के बाहर सड़क के किनारे कॉमर्शियल वाहनों की लंबी कतार लगी रहती है। लेकिन, फ्लाइट के समय यानी दोपहर या रात में जब एयरपोर्ट परिसर में कॉमर्शियल वाहन प्रवेश करते हैं तो जाम लग जाता है। ऐसे में 10 मिनट फ्री वाले यात्री फंस जाते हैं और उन्हें एयरपोर्ट से बाहर आने पर 30 रुपए का चार्ज देना पड़ता है।

### चाबुक जैसी पूंछ वाली बिच्छू से कॉमन कुकरी सांप, दलमा के जंगल में है हैरान कर देने वाले जीव-जंतुओं का वास

**जमशेदपुर, एजेंसी।** औषधीय पौधों से लेकर विलुप्त होने वाले जीव जंतुओं के लिए विख्यात व हाथियों के लिए संरक्षित दलमा में सैकड़ों प्रकार के जीव जंतु व पेड़ पौधे पाए जाते है, जिसमें से दर्जनों ऐसे जीव जंतु हैं जो विलुप्त की श्रेणी में आ गई है। जैसे कामन कुकरी सांप, ड्रैगन तितली, चाबुक जैसी पूंछ वाली बिच्छू, चाल्कोसिया कीट, काफी टिड्डी, गरूड़ के पेड़, पीले फूल वाले सेमल आदि पाई जाती हैं। इस विलुप्त हो रहे जीव जंतुओं को संरक्षित करना अत्यंत जरूरी है। दलमा के डीएफओ सह गज परियोजना के उप निदेशक डा. अभिषेक कुमार कहते हैं कि विलुप्त होने वाले पेड़ पौधे हों या जीव जंतु सभी को संरक्षित करने के लिए झारखंड बायोडायवर्सिटी बोर्ड को पत्र लिखा गया है।



इसके साथ ही आयुर्वेदिक पौधे को बढ़ावा देने व उसे संरक्षित करने के लिए वृक्षारोपण अनुसंधान एवं मूल्यांकन विभाग रांची को भी पत्र लिखा गया है। इस दिशा में कुछ टीम रिसर्चर राजा घोष के साथ दलमा में पाए जाने वाले पेड़ पौधे व जीव जंतुओं के बारे में जानकारी ली है।

### छठे चरण के चुनाव में दिग्गजों की प्रतिष्ठा लगी दांव पर, विरोधियों को मनाने के लिए कर रहे गुपचुप बैठक

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में तीसरे चरण में 25 मई को चार सीटों के लिए लोकसभा चुनाव को लेकर रांची में चुनावी सरगर्मी पूरी तरह से परवान चढ़ गई है। राजनीतिक सरगर्मी शहर के गली-कूचों से निकलकर ग्रामीण क्षेत्र के आम मतदाताओं तक पहुंच गई है। चुनाव का समय नजदीक आते ही प्रत्याशियों की उल्टी गिनती भी शुरू हो गई है। रांची लोकसभा चुनाव के लिए इस बार चुनावी मैदान में 27 प्रत्याशी डटे हैं, जिनकी रातों की नींद और दिन का चैन उड़ गया है। मौसम के बदले मिजाज में कड़ी धूप के बावजूद राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय दल के साथ-साथ निर्दलीय प्रत्याशी जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं से वोट मांग रहे हैं।

# कांग्रेस को देश की नहीं, पाकिस्तान की है चिंता

## झारखंड में जमकर गरजे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर दो सी दुर्गा पूजा मैदान में मंगलवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की सभा हुई। धनबाद लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के निशाने पर कांग्रेस पार्टी व उनके नेता राहुल गांधी रहे।

राजनाथ सिंह ने कहा कि यह चुनाव केवल ढुल्लू महतो व भाजपा के लिए महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि देश के लिए महत्वपूर्ण चुनाव है। केंद्र में भाजपा की सरकार बनी तो भारत विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनेगा।

रक्षा मंत्री ने कांग्रेस व राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि पाकिस्तान का मंत्री चौधरी फवाद भारत को महाशक्ति मानता है। वहीं मंत्री कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की प्रशंसा करता है। इसलिए यह सोचने का समय है कि कांग्रेस को देश की जनता की नहीं बल्कि पाकिस्तान के प्रशंसा की जरूरत है।

कांग्रेस के नेता पाकिस्तान की शक्ति की प्रशंसा करते हैं। हम भारत को सर्वशक्तिमान बनाना चाहते हैं। एक ऐसा भारत जो दुनिया की आंखों में आंख डाल कर बात करता हो। कांग्रेस के सभी प्रधानमंत्रियों ने गरीबी दूर करने की बात की थी, लेकिन गरीबी को दूर करने का काम नहीं किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौ वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का काम किया है। कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार का दूसरा नाम है। उनके लिए देश नहीं परिवार महत्वपूर्ण है। भारत किसी पड़ोसी को परेशान नहीं करता है।

पर जो हमें छेड़ेगा उसे हम छोड़ेंगे नहीं है। आज पीओके के लोग भारत में मिलना चाहते हैं। वहां के लोग पाकिस्तानी झंडा उखाड़ रहें हैं। मोदी जी की सरकार बनने दीजिए, वहां के लोग भारत में शामिल हो जाएंगे।

स्व. अटल बिहार वाजपेयी ने अलग झारखंड राज्य का निर्माण इसलिए किया था कि यहां के आदिवासियों का विकास होगा। लेकिन यहां जब भी गैर भाजपा सरकार होती है, घोटाला प्रारंभ हो जाता है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संबंध में कहा कि वह भ्रष्टाचार के आरोप जेल में बंद हैं।

मंत्री तो मंत्री उनके पीए के नौकर के घर से भी रुपए मिल रहे हैं। यह जनता का पैसा था। अब झारखंड की जनता बताए कि ऐसे लोग पर कार्रवाई होनी चाहिए कि नहीं है। प्रदेश की झामुमो की सरकार के कारण झारखंड की बदनामी हो रही है। जब कार्रवाई होती है तो लोग कांग्रेस बोलती है कि विपक्ष के नेताओं पर कार्रवाई हो रही है।

सच्चाई यह है कि पूरे कांग्रेस के शासन में इडी व सीबीआई ने मात्र 32 लाख रुपये जब्त किए । लेकिन भाजपा की सरकार ने एक लाख करोड़ रुपए भ्रष्टाचारियों का जब्त किया है।



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस झूठ फैला रही है। कहते हैं कि मोदी जी की सरकार आ गई तो आरक्षण की व्यवस्था समाप्त कर देंगे, किसी की हिम्मत नहीं है कि भारत में आरक्षण की व्यवस्था को समाप्त कर दे। अथवा इसमें कमी लाने की कोशिश करे। देश के अल्पसंख्यकों को गुमराह करने की कोशिश किया जा रहा है।

धर्म के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था नहीं की जाती, क्योंकि भारत का संविधान इसकी इजाजत नहीं देता है। भाजपा हिंदू, मुस्लिम, सिख, यहूदी व इसाई के आधार पर भेदभाव करने वाली पार्टी नहीं है। कभी हम लोगों ने जनता की आंखों में धूल झोंक कर राजनीति नहीं की है।

जनता की आंखों में आंख मिला कर राजनीति की है। लेकिन बराबर इन लोगों ने जनता को धोखा दिया है। 132 बार में 90 बार कांग्रेस ने चुनी सरकार को भंग करने का काम किया है। संविधान संशोधन का आरोप हमारे ऊपर लगाते हैं। लेकिन कांग्रेस ने कई बार संविधान में संशोधन किया है।

कहा कि हमलोगों ने कहा था कि जब संसद में बहुमत मिलेगा तो कश्मीर से धारा 370 हटा दी जाएगी। जब बहुमत मिला तो हमने यह करके दिखा दिया। यह भी कहा था कि अयोध्या की धरती पर राम मंदिर बन कर रहेगा।

रामलला झोपड़ी से निकल कर महल में विराजमान हुए। 22 जनवरी को रामलला का प्रणाम प्रतिष्ठा किया गया। कांग्रेस के शासनकाल में बैंक घाटे में आ गए थे। अब बैंक तीन लाख करोड़ रुपए के मुनाफे में आ गए हैं।

कहा कि पहले अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की बातों को गंभीरता से नहीं लिया जाता था। लेकिन अब सारी दुनिया कान खोल कर भारत की बात सुनती है। रुस-यूक्रेन युद्ध चल रहा है। भारत के कई बच्चे यूक्रेन में मेडिकल की तैयारी कर रहे थे। इनके अभिभावकों ने उन्हें यूक्रेन से भारत लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुहार लगाई।

तब प्रधानमंत्री ने दोनों देश के राष्ट्रप्रति से बातचीत की। युद्ध विराम के बीच 22 हजार विद्यार्थियों को सुरक्षित भारत लाया गया। कहा कि केंद्र सरकार का भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस है। अगर सरकार का एक भी मंत्री भ्रष्टाचार के मामले में पकड़ा गया तो इसे दूध की मक्खी की तरह निकाल दिया जाएगा।

राजनाथ सिंह ने कहा कि चार जून को भाजपा की सरकार प्रचंड बहुमत के साथ बनेगी। इसके बाद पहला काम 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी जाति , धर्म के लोगों को पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। यह मोदी जी की गारंटी है। हमने जो भी वादा किया है उसे पूरा करने काम किया है। धनबाद व बोकारो की जनता हमेशा से भाजपा व देश के साथ रही है। इस बार पूर्ण विश्वास है कि गत चुनाव के आंकड़े को पार कर पांच लाख मतों से प्रत्याशी ढुल्लू महतो को जीत दिलाएंगे। मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, मुख्य सचेतक बिरंची नारायण, विधायक भानू प्रताप शाही उपस्थित थे।

## झारखंड में ईसीएल अधिकारियों के घर सीबीआई का एक्शन! आवास से मिला नोटों की ढेर, गिनने के लिए मंगानी पड़ी मशीनें

**धनबाद, एजेंसी।** ईसीएल विस्थापित से उनकी जमीन के मुआवजा भुगतान को लेकर घूस मांगने वाले ईसीएल के तीन अधिकारियों के घर से नोटों का ढेर मिला है। नोटो की गिनती के लिए सोमवार को दो मशीन के साथ अन्य सामान सीबीआई ने मंगाया।

देर शाम तक 27 लाख नगद राशि बरामद होने की सूचना है। यह राशि और बढ़ेगी। इस बार सीबीआई टीम के साथ सिविल ड्रेस में महिला भी शामिल थी।

सूत्र बताते हैं कि सबसे पहले सीबीआई की टीम ने सहायक राजस्व निरीक्षक पवन महतो के राजमहल कॉलोनी के डी टाइप आवास पर सर्च किया। छानबीन की तो काफी मात्रा में नगदी बरामद हुई। इसके बाद टीम ऊर्जा नगर कॉलोनी सी टाइप में डिप्टी मैनेजर सिविल विपिन कुमार सीबीआई धनबाद ने सर्च किया। यहां भी राशि मिली।





इसके बाद टीम राजमहल परियोजना के चीफ मैनेजर परमेश्वर यादव सिलांग स्थित बंगला में दबीश दी। जैसे जैसे सर्च अभियान बढ़ता गया। टीम को कई कागजात के साथ नगदी राशि बरामद होने लगी। सीबीआई टीम को कई ऐसे कागजात मिले हो चौकाने वाले है। साथ ही काफी चल अचल संपत्ति का पता चला है। जिसका सत्यापन कराया जाएगा।

बताया जाता है कि सीबीआई टीम को पहले ही अधिकारियों के कारनामे की भनक लग गई थी। सोमवार सुबह परियोजना कार्यालय पहुंच कर कागजात की मांग की। इसकी भनक सकतोड़िया मुख्यालय तक पहुंच गई।

घूंस मांगने वाले अधिकारियों में राजमहल परियोजना के चीफ मैनेजर परमेश्वर यादव, डिप्टी मैनेजर सिविल विपिन कुमार और सहायक राजस्व निरीक्षक पवन महतो व मुआवजा भुगतान से संबंधित कागजात का मिलान के साथ सत्यापन कराया गया। इसके बाद आगे की कार्रवाई सीबीआई ने की। सीबीआई की नजर पेटल ओवरसियर पर भी है। बताया जाता है कि इसको सीबीआई आने की भनक लग गई थी। इसके पास भी बोरा में भारी मात्रा में राशि थी। लेकिन वह स्थिति को देखते हुए वहां से राशि ले कर निकल गया। टीम इसको लेकर भी नजर बनाए हुए है।

सीबीआई ने सोमवार को कार्रवाई की। शनिवार व रविवार को कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद व ईसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता पूरी टीम के साथ राजमहल परियोजना के दौरे पर थे।

यहां काम के दौरान पारदर्शिता के साथ जमीन संबंधित मुआवजा भुगतान को लेकर पाठ पढ़ाया। इनके जाते ही तीन अधिकारियों को सीबीआई ने पकड़ लिया।

## भीषण गर्मी में सब स्टेशन की अर्थिंग सूखी, वोल्टेज की समस्या बढ़ी

**धनबाद, एजेंसी।** इस भीषण गर्मी में सब स्टेशन की अर्थिंग सूख गई है। इससे जिले में वोल्टेज की समस्या बढ़ गई है। दोपहर व शाम से लेकर रात 10 बजे तक पंखा चलाने पर भी पसीने निकल रहे है जबकि सुबह राहत है। वहीं सब स्टेशन की अर्थिंग सूखने से कभी लो वोल्टेज तो कभी हाईवोल्टेज हो रहा है। इससे घरों में टीवी, कूलर, पंखा, सीएफएल बल्ब, फ्रिज जैसे उपकरण में खराबी की आशंका बढ़ गई है। वोल्टेज को मेंटेन करने के लिए विभाग सब स्टेशन में पानी का छिड़काव कर रहा है। पर्याप्त वोल्टेज के लिए विभाग बारिश का इंतजार कर रहा है। बारिश होने से जमीन नमी होगी, जिससे अर्थिंग को पावर मिलेगा।

**ग्रामीण क्षेत्रों में वोल्टेज की समस्या से परेशान:** जिले में 30 से अधिक सब स्टेशन है, जहां से पूरे जिले को बिजली आपूर्ति की जा रही है। शहरी क्षेत्र के पुराना बाजार, बैंकमोड़, जोड़ाफाटक, धनसार, वासेपुर, भूली, पांडरपाला, नया बाजार, मनईटांड़, बरमसिया, कुसुम विहार, कोलाकुसमा जैसे क्षेत्र में दोपहर से लेकर रात 10 बजे तक अक्सर लो वोल्टेज से लोग परेशान हैं। पंखा चलने पर भी लोग पसीने-पसीने हो रहे हैं। वहीं हीरापुर, सरायढेला, हाउसिंग कॉलोनी, धैया जैसे क्षेत्र में वोल्टेज कुछ ठीक है, लेकिन शहर से बाहर कतरास, राजगंज, बलियापुर, महुदा, सिंदरी, निरसा, टंडी, तोपचांची, झरिया सहित अन्य क्षेत्र में लो वोल्टेज से लोग पूरी तरह से परेशान हैं। कभी अधिक तो कभी कम वोल्टेज हो रहा है। इससे घरों में लगे उपकरण में खराबी होने की आशंका बढ़ गया है। कार्यपालक अभियंता शिवेंद्र कुमार का कहना है कि गर्मी काफी अधिक है, इससे सब स्टेशन के अर्थिंग पूरी तरह से सूख गई है। इसे देखते अर्थिंग में पानी का छिड़काव किया जा रहा है, जिससे वोल्टेज ठीक रहे। अर्थिंग सूखने से सब स्टेशन पर भी असर पड़ेगा। खराबी सहित अन्य प्रकार की समस्या भी उत्पन्न होगी। बारिश होने से काफी राहत मिलेगी।

## चुनावी महासंग्राम में राम नाम का सहारा, भाजपा को 11 पर भरोसा और कांग्रेस का 9 पर हाथ

**रांची, एजेंसी।** लोकसभा के चुनावी संग्राम में राम नाम का प्रताप दिख रहा है। भाजपा के 11 राम महायुद्ध लड़ रहे हैं। पार्टी के दो सहयोगी दलों के दो और राम ताल ठोक रहे हैं।

कांग्रेस के भी नौ राम रणक्षेत्र में हुंकार भर रहे हैं। मैदान में पूरी ताकत से सीता और भरत भी हैं। इसके अलावा विष्णु व महेश चुनावी समर में कूद पड़े हैं।

अर्जुन भी लक्ष्य की ओर निशाना साधे हुए हैं। कृष्ण का पराक्रम नज़र आ रहा हैऔर रणकौशल दिखाने के लिए समराग्नि में अभिमन्यु भी हैं।

विष्णु दत्त को खजुराहो से भाजपा), विष्णु पद रे को अंडमान निकोबार द्वीप समूह से भाजपा और एमके विष्णु प्रसाद-कुड्डालोर को कांग्रेस ने चुनावी लड़ाई में विजय के लिए उतारा है।

दुर्गा दास उइके - बैतूल (भाजपा), काली सेट्टी अलप्पा नायडू - विजय नगरम (टीडीपी) व काली चरण सिंह-चतरा (भाजपा), सीता सोरेन - दुमका (भाजपा), कन्हैया कुमार- उत्तर पूर्व दिल्ली (कांग्रेस), लक्ष्मी नारायण-अनंतपुर (टीडीपी), राधेश्याम राठिया रायगढ़ (भाजपा) महासमर में संघर्ष कर रहे हैं।



शंकर लालवानी इंदौर (भाजपा), सी रघुनाथ- कन्नूर (भाजपा) से हैं। महादेव जानकर - परभनी राष्ट्रीय समाज पक्ष, महेश कश्यप - बस्तर भाजपा व अभिमन्यु सेठी-भद्रक भाजपा से चुनावी दंगल में हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी पार्टी के प्रमुख चेहरा हैं। चुनाव में पूरे दमखम के साथ मैदान में हैं। वायनाड व रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने चुरू सीट से राहुल कस्वां को मैदान में उतारा है। उधर, भाजपा ने भी दो स्थानों क्रमश- मुंबई साउथ सेंट्रल से राहुल शेलवे व दामोह से राहुल लोधी पर विश्वास जताया है।

भाजपा ने अरुण उदय पाल चौधरी उलूबेरिया, अरुण भारती जमुई (लोजपा), अरुण गोविल मेरठ व अरुण कुमार सागर को शाहजहांपुर से टिकट दिया है। अर्जुन सिंह बैरकपुर, अर्जुन मुंडा खूंटी व अर्जुन राम मेघवाल बीकानेर से लक्ष्य को भेदने के लिए लड़ाई में उतरे हैं। भाजपा ने संजय जायसवाल पश्चिमी चंपारण, संजय टंडन चंडीगढ़, संजय सेठ रांची, संजय पाटिल सांगली, संजय मांडलिक कोल्हापुर व बांदी संजय कुमार को करीमनगर लोकसभा सीट से टिकट दिया है। वहीं, पार्टी ने अशोक कुमार यादव मधुबनी, अशोक तंवर सिरसा, अशोक महादेव राव नेते गढ़चिरोली चिमूर, अशोक कंडारी जामनगर व अशोक पुरकैत को मथुरापुर से संघर्ष के लिए मैदान में उतारा है।

## छठे चरण से आइएनडीआइए को अधिक उम्मीद, जीत हासिल करने के लिए झोंक दी पूरी ताकत

**रांची।, एजेंसी।** झारखंड में अगले चरण के चुनाव में जिन चार सीटों पर वोट पड़ने हैं वहां आइएनडीआइए को अधिक संभावनाएं दिख रही हैं और यही कारण है कि चुनाव में पूरी ताकत झोंक दी गई है। इस चरण की सीटों पर कांग्रेस के मजबूत होते जनाधार को देखते हुए पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी पहली बार चुनाव प्रचार करने आ रही हैं।

दूसरी ओर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी पूरी ताकत लगा दी है। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, कल्पना सोरेन हर छोटे-बड़े कार्यक्रम में शरीक होकर पार्टी प्रत्याशियों का प्रचार कर रहे हैं। कल्पना सोरेन मंगलवार को कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में मतदान की अपील करने पहुंची थीं।

गठबंधन के नेता चारों सीटों पर अपने-अपने उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बड़ी सभाओं से लेकर नुक्कड़ सभा तक आयोजित कर रहे हैं। जिन चार सीटों पर चुनाव होना है उन सभी सीटों पर सीधा मुकाबला होने का अनुमान लगाया जा रहा है। कोई तीसरा मजबूत कोण नहीं होने से मुकाबले पर असर पड़ रहा है।



अखिल भारतीय कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी की चुनावी सभा की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि सभा की तैयारी हेतु कार्यक्रम स्थल हाईटेंशन मैदान लोवाडीह, नामकुम का प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने दौरा कर जायजा लिया ताकि सभा में भाग लेने वाले नेताओं कार्यकर्ताओं एवं आम जनता को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

उन्होंने बताया कि चुनाव के प्रथम चरण से ही लोगों को प्रियंका गांधी द्वारा झारखंड में सभा करने की उम्मीद थी जो अब पूरा होने जा रही है। मंगलवार को कार्यक्रम स्थल पर जायजा लेने के लिए पहुंचनेवाले नेताओं में मानस सिन्हा, राकेश सिन्हा, अमूल्य नीरज खलको, सतीश पाल मुंजनी, अशोक चौधरी, संजय लाल पासवान, शिवकुमार भगत आदि शामिल थे।

## चुनाव के लिए दिल्ली-गुजरात से मंगाए जा रहे पोस्टर-बैनर, धूल फांक रहे शहर के प्रिंटिंग प्रेस



**रांची, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव को लेकर जहां राजनीतिक पार्टियों में सरगर्मी तेज है तो दूसरी ओर इन पार्टियों के प्रत्याशियों को प्रचार प्रसार के माध्यम से लोकप्रिय बनाने में लगी शहर की करीब 20 प्रिंटिंग एजेंसियां धूल फांक रही हैं। हमारे सफेदपोश वोकल फॉर लोकल की बात तो करते हैं लेकिन प्रचार प्रसार की सामग्रियों के निर्माण के लिए कार्पोरेट कल्चर को अपना रहे हैं।

प्रचार प्रसार की सामग्री तैयार करने वाली एजेंसियों का कहना है कि यह परिपाटी वर्ष 2019 से शुरू हुई है। इंटरनेट मीडिया और डिजिटल शेयरिंग ग्रुप ने प्रिंटिंग प्रेस के व्यवसाय को प्रभावित किया है। यही कारण है कि शहर में बैनर पोस्टर, प्रचार प्रसार सामग्रियों को बनाने वाली एजेंसियों का व्यापार 70 से 80 प्रतिशत तक गिर गया है।

यह स्थिति लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अधिक देखने को मिलती है जबकि मुखिया चुनाव में ऐसा नहीं होता है। आमतौर पर मुखिया चुनाव के समय ग्रामीण क्षेत्रों से आए प्रत्याशी लोकल एजेंसियों के माध्यम से ही प्रचार सामग्री का निर्माण कराते हैं, जिससे इनका व्यवसाय मुनाफे में रहता है।

लेकिन इस लोकसभा चुनाव में बड़ी पार्टियां मसलन भाजपा, कांग्रेस के प्रत्याशियों के द्वारा दिल्ली स्थित मुख्यालय से या फिर गुजरात से ही प्रिंट आर्डर कराए जाने का असर शहर के प्रिंटिंग प्रेस वालों पर देखने को मिल रहा है।

नाम नहीं छापने की शर्त पर कुछ प्रिंटिंग प्रेस वालों ने कहा कि प्रत्याशी लोकल, मुद्दा लोकल और प्रिंट मैटेरियल दिल्ली से मंगाया जा रहा है। इस कारण शहर के प्रिंटिंग प्रेस में सन्नाटा पसरा है।

स्थानीय तौर पर सिर्फ एकाध निर्दलीय प्रत्याशियों के द्वारा की इन्हें ऑर्डर प्राप्त हुए हैं, जो कि इनके व्यवसाय के लिए नाकाफी ही साबित हुए हैं।

कचहरी चौक स्थित एक प्रिंटिंग प्रेस के संचालक संजय कुमार साहा बताते हैं कि जो सुविधा दिल्ली में मिलती है हम भी उसे फॉलो करते हैं। इसके बाद भी हमें ऑर्डर नहीं मिलता है। नतीजतन, चुनाव में कम ऑर्डर मिलने के कारण बैनर बनाने के पहले 25 रूपये प्रति स्क्वायर फीट मिलता था, घटकर 10 से 12 रूपये प्रति स्क्वायर फीट पहुंच चुका है। आयरन फ्रेम वाले बैनर फ्लैक्स 80 रूपये प्रति स्क्वायर फीट मिलते थे अब 40 रूपये प्रति स्क्वायर फीट की दर से बेचना पड़ रहा है।

### काम दिल्ली और गुजरात में वोट मांगते हैं रांची में

प्रिंटिंग प्रेस एजेंसी संचालकों का कहना है कि हमारे लोकसभा और विधानसभा के प्रत्याशी प्रिंटिंग से संबंधित कार्य दिल्ली और गुजरात में कराते हैं और वोट रांची में मांगते हैं। यदि हमें काम मिलेगा तो यहां का पैसा यहीं रहेगा, अन्यत्र नहीं जाएगा। लेकिन सारा पेंच पार्टी मुख्यालयों में जाकर फंस जाता है।
वहीं से दिल्ली की बड़ी एजेंसियों को डिजाइनिंग से लेकर प्रिंटिंग आर्डर मिल जाता है।
कचहरी रोड स्थित प्रिंटिंग प्रेस संचालकों ने कहा कि ऐसा नहीं है कि दिल्ली और गुजरात में एजेंसियां जो क्वॉलिटी देती है वह हम नहीं दे सकते हैं।
हमारे यहां भी बड़ी संख्या में ऐसे ग्राहक हैं जो बंगाल, ओडिशा और त्रिपुरा जैसे राज्यों से हैं और यहां ऑर्डर प्लेस करते हैं। कहा कि शहर की ही कुछ ऐसी भी बेहतर एजेंसियां हैं जो चुनाव प्रचार की सामग्रियों का ऑर्डर तक नहीं लेती है।

### मंगेतर संग युवक जंगल में धराया

**गिरडीह/बेंगाबाद, एजेंसी।** शादी से पहले होनेवाली पत्नी के साथ जंगल में रंगरेलियां मनाते युवक को ग्रामीणों ने मंगलवार दोपहर धर दबोचा और दोनों को बेंगाबाद पुलिस के हवाले कर दिया। बेंगाबाद पुलिस ने दोनों को अपनी अभिरक्षा में ले लिया है। यह मामला ओझाडीह पंचायत के चंदनिया जंगल से जुड़ा हुआ है। युवक मंडरो का रहनेवाला है और युवती हरिला पंचायत के एक गांव की रहनेवाली है। जानकारी मिली है कि मंडरो के रहनेवाले युवक का उस युवती के साथ शादी पक्की हुई थी। एक माह के बाद दोनों की शादी होना तय हुआ था। इस बीच युवक शादी से पहले होने वाली पत्नी से मिलने और एक झलक पाने के लिए मंडरो से चलकर अपने एक अन्य दोस्त के साथ बाइक से छोटकी खरगडीहा पहुंचा था। युवक ने फोन से छोटकी खरगडीहा चौक पर उसे बुलाया। होनेवाले पति के बुलावा पर लड़की अपनी एक सहेली के साथ छोटकी खरगडीहा चौक पर आ गई। बताया जाता है कि छोटकी खरगडीहा चौक पर युवक ने अपने दोस्त को छोड़ दिया। एक बाइक से भावी पत्नी व उसकी सहेली को लेकर चौक से तीन किलोमीटर दूर चंदनिया घनघोर जंगल पहुंच गया। बाइक सड़क के किनारे खड़ी कर युवक अपने निकट भविष्य की संगिनी को लेकर जंगल में घुस गया। सहेली बाइक की निगरानी कर रही थी। घनघोर जंगल में बाइक के साथ लड़की को अकेली देख कुछ राहगीरों को संदेह हुआ। राहगीरों ने युवक की तलाश में जंगल पहुंचा। बीच जंगल से दोनों को राहगीरों ने धर दबोचा। हल्ला होने पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। इस बीच ग्रामीणों ने बीच जंगल में ही दोनों की शादी रचा दी। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस दोनों को बेंगाबाद थाना ले गई है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।